Page 11 खेल | Page 09 देश

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित




**खेल**

## टी-20 वर्ल्ड कप : इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड, ऐसा है पिछले 5 मैचों...



**देश**

## नहीं रहे बंगाल की राजनीति के चाणक्य, पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन


शुक्ल पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • मंगलवार • 24 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 85 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,47,900 | ₹ 3,00,000 |





### आज का इतिहास

**2022 :** भारत के वर्तमान अहमदाबाद के कालूपुर क्षेत्र में पहले स्वामीनारायण मंदिर का उद्घाटन किया गया था, और यह संप्रदाय के संस्थापक स्वामीनारायण के निर्देश पर बनाया गया था।

**1739 :** करनाल की लड़ाई: ईरानी शासक नादिर शाह की सेना ने भारत के मुगल सम्राट मोहम्मद शाह की सेना को हराया।

### न्यूज बाइट्स

#### 2030 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा बिहार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के वित्त मंत्री विजेंद्र यादव ने विधानसभा में राज्य की आर्थिक स्थिति और विकास योजनाओं पर चर्चा करते हुए बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाबद्ध नीति और निरंतर निवेश के बल पर वर्ष 2030 तक बिहार देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। मंत्री ने विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे 'खजाना खाली' होने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य की वित्तीय स्थिति मजबूत है और राजकोषीय घाटा पूरी तरह नियंत्रण में है। विधानसभा में वित्तीय मामलों पर जवाब देते हुए विजेंद्र यादव ने कहा कि बजट सत्र के दौरान हर साल विपक्ष की ओर से ऐसे आरोप लगाए जाते हैं, लेकिन तथ्य इसके विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि बिहार का राजकोषीय घाटा निर्धारित तीन प्रतिशत की सीमा के भीतर है, जबकि इसे 18 प्रतिशत बताना पूरी तरह भ्रामक है और जनता को गुमराह करने का प्रयास है। वित्त मंत्री ने राज्य के बजट में हुई वृद्धि को आर्थिक मजबूती का उदाहरण बताते हुए कहा कि वर्ष 2005 में बिहार का बजट मात्र 23,885 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 3.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उनके अनुसार यह वृद्धि सरकार की बेहतर वित्तीय प्रबंधन क्षमता और विकासोन्मुख नीतियों का परिणाम है।

### बिहार में जनगणना 2027 का बिगुल : पहली बार पूरी तरह पेपरलेस और मोबाइल ऐप आधारित गणना

# 17 अप्रैल से शुरू होगी डिजिटल गणना

- सटीकता और पारदर्शिता पर जोर
- मकान सूचीकरण के दौरान परिवारों से पूछे जाएंगे 33 तरह के सवाल
- 'विकसित भारत 2047' के विजन से जोड़ी गई जनगणना प्रक्रिया
- प्रशिक्षण सम्मेलन में सभी प्रमंडलीय आयुक्त, डीएम और नगर आयुक्त शामिल




निज संवाददाता | पटना

भारत की जनगणना 2027 को सफल, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए बिहार प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। पटना में आयोजित राज्यस्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आगामी जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने का एक आधारभूत स्तंभ है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों की शुद्धता, तकनीकी दक्षता और समयबद्ध क्रियान्वयन इस प्रक्रिया की सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। मुख्य सचिव ने बताया कि कोविड-19 महामारी के कारण जनगणना का कार्य निर्धारित समय पर नहीं हो सका था, जिससे लगभग 15 वर्षों का अंतराल बन गया। अब राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को नई तकनीक के साथ आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फील्ड स्तर पर समन्वय और प्रशिक्षण को मजबूत करें, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। इस बार देश के इतिहास में पहली बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलेस होगी। डेटा संकलन के लिए विशेष मोबाइल ऐप और सेंसस मॉनिटरिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएमएस) का उपयोग किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि इससे आंकड़ों के संग्रह की गति बढ़ेगी और पारदर्शिता के साथ-साथ डेटा की विश्वसनीयता भी मजबूत होगी।

#### मकान सूचीकरण और 33 प्रकार के सवाल

जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इस दौरान परिवारों से कुल 33 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या, उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं और घरेलू उपकरणों से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि इन आंकड़ों के आधार पर भविष्य की योजनाओं को अधिक सटीक तरीके से तैयार किया जा सके।

प्रशिक्षण सम्मेलन में राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त शामिल हुए। बैठक में फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों, अंतर-विभागीय समन्वय और जन-जागरूकता अभियानों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को संकल्प दिलाया गया कि वे तकनीक का अधिकतम उपयोग कर इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को निर्धारित समयसीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। जनगणना 2027 को लेकर बिहार सरकार का मानना है कि सटीक और अद्यतन आंकड़े आने वाले वर्षों में नीति निर्माण, विकास योजनाओं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

#### महत्वपूर्ण तिथियां और सर्वेक्षण के चरण

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने जनगणना का विस्तृत शेड्यूल साझा करते हुए बताया कि प्रक्रिया दो प्रमुख चरणों में पूरी की जाएगी।

**स्व-गणना :** 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक नागरिक मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

**घर-घर सर्वेक्षण:** 02 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच प्रगणक घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन और डेटा संग्रह करेंगे।

# नेपाल में सड़क हादसा : हाईवे से नदी में गिरी बस, 18 लोगों की मौत, 25 घायल



एजेंसी | काठमांडू (नेपाल)

नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में यात्रियों से भरी बस हाईवे से फिसलकर त्रिशूली नदी में जा गिरी। नेपाली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस दुर्घटना में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। मृतकों में दो विदेशी नागरिकएक पुरुष और एक महिलाभी शामिल बताए जा रहे हैं, हालांकि उनकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) के अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में अब तक 17 शव बरामद किए गए थे, बाद में एक अन्य घायल यात्री की मौत की पुष्टि होने के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गई। घायल यात्रियों को स्थानीय अस्पतालों में प्राथमिक उपचार के बाद काठमांडू रेफर किया गया है। फिलहाल अधिकांश मृतकों और घायलों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के मुताबिक बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी। देर रात करीब 1:30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग इलाके में चालक का वाहन से नियंत्रण खो गया और बस सीधे त्रिशूली नदी में गिर गई। दुर्घटना के समय बस में कुल 44 यात्री सवार थे, जिनमें 12 पुरुष और 6 महिलाएं मृतकों में शामिल हैं। पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों की भी जांच कर रही है। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में नेपाल के पहाड़ी इलाकों में सड़क दुर्घटनाओं की कई घटनाएं सामने आई हैं।

## सड़क हादसा : तिलक समारोह में जा रहे तीन दोस्तों की मौत

निज संवाददाता | गयाजी

नवादा जिले में तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे तीन युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक के बिजली के पोल से टकराने से सोनू कुमार (23), प्रताप कुमार (23) और इंद्र मांझी (23) की मौके पर ही जान चली गई। हादसे के बाद तीनों परिवारों में मातम पसरा है और शादी की खुशियां पलभर में गम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार गया के अतरी प्रखंड स्थित रिउला गांव की एक अनाथ लड़की के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए युवक नवादा के अकबरपुर की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि पहले इंद्र मांझी बस से जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उतरकर अपने दोस्तों प्रताप और सोनू के साथ एक ही बाइक पर सवार हो गए। कटघर मोड़ के पास तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक इंद्र मांझी की पत्नी बबीता कुमारी, जो नौ महीने की गर्भवती हैं, ने बताया कि उनके पति ने रात तीन बजे तक घर लौटने की बात कही थी, लेकिन देर रात ही मौत की खबर आ गई। इंद्र आठ दिन पहले ही चेन्नई से मजदूरी कर गांव लौटे थे। अब उनके पीछे गर्भवती पत्नी और तीन छोटे बच्चे रह गए हैं। परिवार इंद्र की मां के कोलकाता से आने का इंतजार कर रहा था, जिसके कारण अंतिम संस्कार में भी देरी हुई।

#### तीनों परिवारों का इकलौता सहारा थे युवक

मृतक सोनू चौधरी अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले थे। उनके पिता दिव्यांग हैं और मां लंबे समय से बीमार चल रही हैं। वहीं प्रताप कुमार मजदूरी कर अपनी छोटी बहन की शादी के लिए पैसे जोड़ रहे थे। परिजनों का कहना है कि अब परिवार का सहारा खत्म हो गया है और भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# शिक्षकों के तबादले की नई नीति अप्रैल से लागू

- तीन साल बाद संभव होगा ट्रांसफर

निज संवाददाता | पटना

बिहार में सभी कोटि के स्कूल शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए नई नियमावली अप्रैल से लागू होने की संभावना है। शिक्षा विभाग पहले से तैयार स्थानांतरण नियमों में संशोधन कर रहा है और मार्च माह तक अंतिम प्रारूप तैयार कर राज्य कैबिनेट से मंजूरी लेने की तैयारी है। नई नीति लागू होने के बाद जून महीने में बड़े पैमाने पर शिक्षकों के तबादले किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, पहले तैयार मसौदे में नियुक्ति की तिथि से पांच साल तक तबादला नहीं करने का प्रावधान रखा गया था, जिसे लेकर शिक्षक संघों ने आपत्ति जताई थी। अब संशोधित नियमावली में इस अवधि को घटाकर तीन साल करने की तैयारी है। इसके साथ ही असाध्य या गंभीर बीमारी तथा विशेष परिस्थितियों में तीन साल से पहले भी तबादले की अनुमति देने का प्रस्ताव शामिल किया गया है। नई नीति के दायरे में राज्य के करीब छह लाख शिक्षक आएंगे। नई व्यवस्था के तहत जिलास्तरीय शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। इसमें उप विकास आयुक्त, एडीएम स्तर के अधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी शामिल रहेंगे। वहीं, प्रधानाध्यापक सहित प्रमंडल स्तर के शिक्षकों के तबादले के लिए प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति बनाई जाएगी, जिसमें क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक (आरडीडीई) समेत अन्य अधिकारी शामिल होंगे। इन समितियों की अनुशंसा के आधार पर तबादला प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

#### पहले लौटाया गया था प्रस्ताव

बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले भी शिक्षक स्थानांतरण नियमावली को कैबिनेट में भेजा गया था, लेकिन कई संशोधनों की जरूरत बताते हुए उसे वापस कर दिया गया था। अब शिक्षा विभाग नई आपत्तियों और सुझावों को शामिल करते हुए संशोधित नियमावली को अंतिम रूप देने में जुटा है। इधर, होली जैसे प्रमुख त्योहार से पहले पेंशन और वेतन भुगतान में हो रही देरी को लेकर विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत्त और कार्यरत शिक्षकों में नाराजगी बढ़ गई है। पीपीयू शिक्षक संघ (पी-पुटा) ने आरोप लगाया है कि पिछले दो महीनों से पेंशनधारियों को भुगतान नहीं मिला है।

#### शिक्षकों की अनुपस्थिति विवरणी 25 फरवरी तक जमा करने का निर्देश

**होली से पहले वेतन भुगतान पर जोर**

**पटना (नि.सं.)।** जिले के करीब 26 हजार शिक्षकों को फरवरी माह का वेतन समय पर उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा विभाग ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीईओ), विद्यालय अवर निरीक्षकों और प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) डॉ. जमाल मुस्तफा ने पत्र जारी कर कहा है कि सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की अनुपस्थिति विवरणी 25 फरवरी तक हर हाल में जिला शिक्षा कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। जारी निर्देश में कहा गया है कि होली पर्व से पहले शिक्षकों का वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए अनुपस्थिति विवरणी का सही तरीके से सत्यापन करना अनिवार्य होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि विवरणी समय पर जमा नहीं की गई तो वेतन भुगतान में देरी हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय, प्रखंड और अंचल स्तर के पदाधिकारियों की होगी।

### हार में सहकारी चीनी मिलों की बड़ी पहल

## सकरी और रैयाम में नई मिल स्थापना को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने औद्योगिक विकास और गन्ना उत्पादक किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। सात निश्चय-3 के अंतर्गत "समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार" अभियान को गति देते हुए सहकारिता विभाग ने मधुबनी जिले के सकरी और दरभंगा जिले के रैयाम में नई सहकारी चीनी मिलों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में सहकारिता विभाग, बिहार सरकार और राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लिमिटेड, नई दिल्ली के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू पर सहकारिता विभाग की ओर से संयुक्त सचिव मो. अब्दुल रब खाँ और राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाईकनवारे ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत संघ दोनों स्थानों पर चीनी मिल स्थापना के लिए संभाव्यता प्रतिवेदन (फिजिबिलिटी रिपोर्ट) और विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करेगा, साथ ही तकनीकी व परामर्शी सेवाएं भी उपलब्ध कराएगा। सरकार की योजना के अनुसार सकरी और रैयाम में आधुनिक गन्ना कॉम्प्लेक्स विकसित किए जाएंगे, जहां चीनी उत्पादन के साथ इथेनॉल निर्माण और को-जेनरेशन आधारित ऊर्जा उत्पादन जैसी इकाइयों को भी शामिल किया जाएगा। बंद पड़ी सकरी चीनी मिल की 30.848 एकड़ तथा रैयाम चीनी मिल की 68.176 एकड़ भूमि को सहकारिता विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया जारी है।

### 326 दिन तक चला हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन

## किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने सात आतंकियों को किया ढेर



एजेंसी | जम्मू (जम्मू-कश्मीर)

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दुर्गम छात्रू क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने 326 दिनों तक चले चुनौतीपूर्ण हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल करते हुए सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया। \

कड़ाके की ठंड, लगातार बारिश और बर्फबारी के बीच चलाए गए इस लंबे अभियान को क्षेत्र में सक्रिय आतंकी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार यह संयुक्त ऑपरेशन सेना की सोलह कोर (व्हाइट नाइट कोर), जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा चलाया गया। सिविल और सैन्य खुफिया एजेंसियों द्वारा तैयार किए गए मजबूत इंटेलिजेंस ग्रिड के आधार पर जवानों ने दुर्गम पहाड़ी इलाकों में लगातार आतंकियों की गतिविधियों पर नजर रखी और कई बार मुठभेड़ के बाद अंततः कुख्यात आतंकी सैफुल्लाह समेत सभी सात आतंकवादियों को मार गिराया।

#### आधुनिक तकनीक की मदद से मिली सफलता

अभियान के दौरान आधुनिक सैन्य तकनीक का व्यापक इस्तेमाल किया गया। एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, आरपीए/यूएवी और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों के जरिए आतंकियों की लोकेशन ट्रैक की गई। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और खराब मौसम के बावजूद सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन को लगातार जारी रखा, जिसे सेना ने "वीरतापूर्ण दृढ़ता" का उदाहरण बताया है।

### मुख्य सचिव ने की नॉर्थ कोयल जलाशय और मंडई वीयर परियोजनाओं की समीक्षा

# समय सीमा में कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सिंचाई योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से सोमवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नार्थ कोयल जलाशय परियोजना और फल्गु नदी पर निर्माणाधीन मंडई वीयर परियोजना की अद्यतन प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि भीषण गर्मी और आगामी मानसून सत्र को देखते हुए इन परियोजनाओं का समय पर पूरा होना राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान जल संसाधन विभाग द्वारा दोनों परियोजनाओं की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नार्थ कोयल जलाशय परियोजना बिहार के सूखाग्रस्त औरंगाबाद एवं गया जिलों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लगभग 162 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में दोनों जिलों में करीब 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा किया जा चुका है।

> "समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल, योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी, वित्त विभाग के सचिव (संसाधन) जय सिंह सहित गया, औरंगाबाद एवं जहानाबाद के जिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए। इसके अलावा संबंधित संवेदक एजेंसियों और वैपकोस के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया।"

मुख्य सचिव ने शेष भूमि अधिग्रहण कार्य को औरंगाबाद में 30 अप्रैल तथा गया में मई माह तक अनिवार्य रूप से पूरा करने का लक्ष्य तय किया। वैपकोस के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि मार्च के अंत तक परियोजना का 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में यह भी सामने आया कि कुछ पैकेजों में कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी है। विशेष रूप से पैकेज 8, 9, 10 और 11 में कार्यरत संवेदक एजेंसियों को कड़े निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि मैनपावर और मशीनरी बढ़ाकर तय समय सीमा में कार्य पूरा किया जाए।







## संक्षिप्त समाचार

### हाथियों के आतंक से सहमे हैं ग्रामीण, पचम्बा गांव में मचाया उत्पात

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में विगत चार दिनों से जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाथियों के झुंड ने रविवार की रात्रि सोखोदेवरा जंगल से भटककर पचम्बा गांव में किसानों के खेत में उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों के झुंड ने किसान साधु साव,लक्ष्मण साव,सौखी मांझी समेत कई किसानों के खेत में लगे गेहूँ की फसल को रौंद दिया। वहीं हाथियों ने चने की फसल और खेत में लगे सोलर प्लेट को भी नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा कई किसानों के मचान को तोड़कर सब्जियों की फसलें को भी बर्बाद कर दी। ग्रामीणों के मुताबिक हाथियों का झुंड पचम्बा गांव से मधुरापुर डैम की तरफ निकल गया। बता दें कि दो दिन पूर्व वन विभाग की टीम ने सोखोदेवरा जंगल से हाथियों की झुंड को मशाल, पटाखा एवं लाइट के माध्यम से खदेड़ने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीणों को अभी भी डर है कि रात को हाथी कभी भी दोबारा मधुरापुर,लालपुर और आसपास के गांवों में धावा बोल सकता है। हाथियों के भय से ग्रामीण रतजग्गा करने को मजबूर हैं। वहीं रेंजर सौरभ सांडिल्य ने कहा है कि वन विभाग की टीम द्वारा लगातार हाथियों को सुरक्षित स्थान तक भेजने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि हाथियों से दूरी बनाए रखें और सतर्क रहें।

### कौआकोल थाना में शांति समिति की बैठक आज

**कौआकोल।** कौआकोल थाना में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि होली एवं रमजान पर्व को लेकर कौआकोल थाना में मंगलवार को समय-02:30 दोपहर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सम्मानित नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से शामिल होने की अपील किया है।

### कौआकोल थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों से 950 लीटर देशी शराब बरामद

#### पाँच बाइक और एक टेम्पू जब्त, चार धंधेबाज धराए,एक विधि विरुद्ध बालक हुआ निरुद्ध

**कौआकोल।** होली पर्व को लेकर शराब धंधेबाजों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। कौआकोल थाना की पुलिस ने तीन अलग अलग जगहों से छापेमारी कर 950 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वहीं इस दरम्यान पुलिस ने एक टेम्पू एवं पांच बाइक भी जब्त किया है। जबकि पूरे मामले में एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध करते हुए चार शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महुडर-महुलियाटांड़ पथ पर बढ़वा बाबा पुल जंगल के पास से पुलिस ने एक टेम्पू से लेकर आ रहे अलग अलग गैलन में लगभग 600 लीटर महुआ शराब के साथ झारखंड के गांवा थाना के लोहियाटांड़ गांव निवासी गुलू राय के पुत्र पच्चू कुमार उर्फ भीखन राय को गिरफ्तार किया गया। वहीं दनियाँ जंगल में छापेमारी कर तीन बाइक पर लदे 150 लीटर महुआ शराब के साथ दनियाँ गांव निवासी माधो सिंह के पुत्र किशोर सिंह एवं यमुना तुरिया के पुत्र दुखहरन तुरिया को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। वहीं कौआकोल पुलिस ने टिकोडीह सड़क पर छापेमारी कर दो बाइक पर लदे 200 लीटर महुआ शराब के साथ एक युवक शेखपुरा जिला के कसार गांव निवासी सरयुग चौधरी के पुत्र संदीप चौधरी को गिरफ्तार करने में सफल रही। जबकि एक अन्य धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब बरामदगी मामले में तीन अलग अलग प्राथमिकी कौआकोल थाना में दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को फ्रॉड से बचने की दी गई जानकारी

**नरहट (नवादा)।** सोमबार को बिहार ग्रामीण बैंक के नवादा क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत शेखपुरा शाखा द्वारा शेखपुरा ग्राम में वित्तीय जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को वितीय साक्षरता के लिए जागरूक किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शाखा प्रबंधक संजय कुमार चौधरी, अधिकारी श्रीमती कुमारी अनुराधा एवं एफएलसी नवादा मुकेश कुमार उपस्थित रहे। शिविर के दौरान शाखा प्रबंधक द्वारा केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जीविका दीदियों की भागीदारी अत्यंत सक्रिय रही, जिन्हें आर्थिक स्वावलंबन के गुर सिखाए गए। डिजिटल लेन-देन के बढ़ते महत्व के साथ-साथ ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचने और सुरक्षित बैंकिंग अपनाने के तरीकों पर जागरूक किया गया। प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा विमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति विमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी साझा की गई।पशुपालन एवं कृषि क्षेत्र से जुड़ी वित्तीय सुविधाओं और बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं पर विशेष प्रकाश डाला गया। ग्रामीणों और जीविका समूह की दीदियों की उत्साहजनक सहभागिता के साथ यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### गायब लड़की को पुलिस ने प्रेमी के साथ किया बरामद

**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के गांव से लगभग छह माह पूर्व गायब हुए लड़की को उसके प्रेमी के साथ पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि छह सात माह पूर्व गायब लड़की को उसके प्रेमी लड़का के साथ रविवार को बरामद किया गया है। दोनों बालिग है। प्रेम प्रसंग का मामला है। दोनों शादी कर लिया है। लड़की का सोमबार को न्यायालय में बयान कराया जा रहा है।

### समेकित कीट प्रबंधन पर किसान कार्यशाला का आयोजन

**नारदीगंज (नवादा)।** पौधा संरक्षण परामर्श योजना अंतर्गत कृषि विभाग नारदीगंज में गेहूं फसल पर समेकित कीट प्रबंधन विषय पर किसान पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम कहुआरा पंचायत की खुशियाल बिगहा गांव में आयोजित हुई। इस किसान पाठशाला में समेकित कीट प्रबंधन की विस्तृत जानकारी, बीज उपचार, जैविक खाद्य के उपयोग एवं जैविक कीटनाशी बनाने की विधि व प्रयोग करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्हें शुरुआती सहारा प्रदान करने संबंधी जानकारी के साथ-साथ गेहूं में लगने वाले रोगों एवं कीट की पहचान करने के बारें में बताया गया। मास्टर ट्रेनर सह सहायक तकनीकी प्रबंधक चंदन कुमार ,सहायक तकनीकी प्रबंधक व सोनम कुमारी ने उपस्थित किसानों को जानकारी दिए।

### 25 फरवरी को एकदिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर के द्वारा आगामी 25 फ़रवरी को संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय के प्रांगण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में ऋषभ ऑटोमोबाइल प्रा. लि., नवादा, आमधाने प्रा. लि., पटना एवं ईस्टमैन प्रा. लि. द्वारा आर.एम., टेक्निशियन, सर्विस एडवाइजर, सीनियर एसोसिएट, असेंबली ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर एवं हेल्पर पदों के लिए 125 रिक्तियाँ अधिसूचित की गई हैं। इन पदों के लिए योग्यता आठवीं से लेकर ग्रेजुएशन, आई.टी.आई., डिप्लोमा एवं बी.टेक निर्धारित है। वेतन 9000 से 18000 तक, साथ में टी.ए., डी.ए., ई.पी. एफ., ई.एस.आई.सी., इंश्योरेंस तथा ओ.टी. की सुविधा मिलेगी। पात्र अभ्यर्थियों की आयु 18 से 38 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल नवादा एवं सोनीपत होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय, नवादा के प्रांगण में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित होगा। जो अभ्यर्थी एन.सी. एस. पोर्टल पर निबंधित हैं, वही रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं, वे एन.सी.एस. पोर्टल पर अपना निबंधन स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं। नियोजन की शर्तों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

# जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।



जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन अपर समाहर्ता, नवादा श्री अनील कुमार तिवारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 04 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा कई शिकायतों का ऑन-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना-कौयाकोल, ग्राम-जोगाचक की कुरैशा खातून द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित, थाना-रूपौ, ग्राम-छानौन के रामरतन सिंह द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित, थाना-कादिरगंज, ग्राम-सहजपुरा के बालेश्वर चौहान द्वारा मुआवजा के संबंध में आवेदन दिया गया एवं अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

अपर समाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता कार्यालय, नवादा सदर/रजौली अनुमंडल, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा का छठा दिन शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ परीक्षा 17 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है

**नवादा।** वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 का छठा दिन जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा 17 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक संचालित हो रही है।

जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से लगातार विभिन्न केंद्रों की निगरानी की गई तथा केंद्राधीक्षकों और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। केंद्रों पर विधि-व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं सुव्यवस्थित प्रवेश-निकास की विशेष व्यवस्था की गई थी। आज दोनों पालियों में अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित हुई।

आज प्रथम पाली में कुल 16,778 परीक्षार्थियों में से 16,417 उपस्थित रहे, जबकि 361 अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय पाली में 18,075 परीक्षार्थियों में से 17,704 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 371 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

कल दिनांक 24.02.2026 (मंगलवार) को दोनों पालियों में अंग्रेजी ऐच्छिक विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## इंडियन इंग्लिश स्कूल के वार्षिक खेल प्रतियोगिता धूम -धाम से सम्पन्न



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा, बिहार:** इंडियन इंग्लिश स्कूल ने अपने वार्षिक खेल प्रतियोगिता को बड़े उत्साह, उमंग और सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की पूर्ण भागीदारी के साथ मनाया। युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना के प्रदर्शन से पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

लॉन्ग जंप स्पर्धा में अंश राज ने सराहनीय प्रदर्शन किया और शिक्षकों एवं दर्शकों से प्रशंसा प्राप्त की। रस्सी प्रतियोगिता में शक्ति और टीम वर्क की परीक्षा हुई। गौरव (येलो हाउस), हरिओम (रेड हाउस), राजवीर (ब्लू हाउस), ऋषिराज, सागर (ब्लू हाउस) और आयुष (रेड हाउस) ने जीत हासिल की।

शॉट पुट में आयुष राज (कक्षा 8, रेड हाउस) ने असाधारण शक्ति और तकनीक का प्रदर्शन किया। तेज़ गति वाली 100 मीटर दौड़ में आयुष राज (रेड हाउस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आदित्य राज (ब्लू हाउस) द्वितीय स्थान पर रहे। स्लो साइकिल रेस में धैर्य और संतुलन का प्रदर्शन हुआ। आयुष राज (रेड हाउस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पीयूष (ब्लू हाउस) ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 50 मीटर की दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। विजेताओं में सौम्या (कक्षा 1), नंदनी कुमारी, नंदनी (कक्षा 3), रागिनी (कक्षा 5), समर साहिल (ब्लू हाउस), प्रियंका (येलो हाउस) और मुस्कान (ग्रीन हाउस) शामिल थीं।

मज़ेदार किक द बॉल प्रतियोगिता में शुभम कुमार (कक्षा 1) ने उत्कृष्ट तालमेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन आयुष (रेड हाउस) और अंश (ब्लू हाउस) की जीत के साथ हुआ।

क्रिकेट प्रतियोगिता ने दिन को और भी रोमांचक बना दिया, जिसमें आयुष, गौरव, सौरभ, राजवीर, आदित्य और साहिल ने शानदार टीम वर्क और मैच जिताने वाले प्रदर्शन का प्रदर्शन किया। लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में फुर्ती और साहस का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। लकी, प्रियंका, मुस्कान, रिंकी, आरुशी और राजश्री ने असाधारण तालमेल और दृढ़ता का परिचय देते हुए जीत हासिल की।

मुख्य खेल प्रतियोगिताओं के अलावा, विद्यार्थियों ने बिस्किट रेस, स्पून एंड स्टोन रेस, शतरंज, लूडो, कैरम और बैडमिंटन जैसे कई रोचक और मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों से आनंद, हंसी और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहा, जिससे सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों को अपनी एकाग्रता, रणनीति, संतुलन और फुर्ती दिखाने का अवसर मिला।

यह आयोजन केवल पदक जीतने के बारे में नहीं था, बल्कि टीम भावना, दृढ़ता, आत्मविश्वास और निष्पक्ष खेल के मूल्यों को सीखने के बारे में भी था। शिक्षकों और विद्यालय के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के समर्पण और ऊर्जावान भागीदारी की सराहना की। खेल प्रतियोगिता का समापन एक शानदार माहौल में हुआ, जिससे अविस्मरणीय यादें बनीं और शारीरिक फिटनेस और सर्वांगीण विकास के महत्व को बल मिला। वास्तव में, यह जोश, सकारात्मकता और खेल की सच्ची भावना से भरा एक दिन था।

# बीपीएस पब्लिक स्कूल सह किड्स जोन का 33वाँ वार्षिक उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा नगर के रामनगर स्थित बीपीएस पब्लिक स्कूल सह बीपीएस किड्स जोन का 33वाँ वार्षिक उत्सव समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा निवृत्त शिक्षक श्री बच्चू प्रसाद सिंह नवादा जिला के वरीय अधिवक्ता श्री कपिल देव प्रसाद सिंह विद्यालय की निदेशिका हेमलता कुमारी, प्रबंध निदेशक पंकज कुमार तथा प्राचार्य मनोरंजन कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।



इस अवसर पर कपिल देव प्रसाद सिंह ने विद्यालय के सफलतापूर्वक 33 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबंध निदेशक पंकज कुमार को हार्दिक बधाई दी तथा बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाते हुए जीवन में इसे अपनाने की प्रेरणा दी। सेवा-निवृत शिक्षक बच्चू प्रसाद सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण मिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के आयोजन की राहना की और प्रबंधन को आशीर्वाद दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने हा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक एवं मानसिक विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियाँ अत्यंत आवश्यक हैं. उससे बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है और वे निडर होकर अपनी बात रख पाते हैं।

विद्यालय के प्रबंधन निदेशक पंकज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय कम शिक्षण शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहाँ बच्चों को घर जैसा वातावरण देते हुए खेल-खेल में पढ़ाई का अवसर दिया जाता है। विद्यालय का अपना एक समृद्ध लाइब्रेरी भी है, जिसमे बच्चे बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं।निदेशिका हेमलता कुमारी ने 33 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की विभिन्न वेधाओं की चर्चा की और बच्चों के चरित्र निर्माण पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य मनोरंजन कुमार सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यालय के 33 वर्ष * होने की खुशी में पूरे फरवरी माह को निःशुल्क नामांकन माह घोषित करने की जानकारी दी। र्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावकों का भी भरपूर सहयोग रहा तथा हज़ारों की संख्या में आये अभिभावकों कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा विद्यालय के प्राचार्य को इस तरह के कार्यक्रम लगातार करवाने पर जोर दिया । कार्यक्रम की सफलता में उप-प्राचार्या सारिका भगत तथा विद्यालय के सभी शिक्षक रवि, विश्वाश, बिनोद, पुष्पा नाली, पम्मी, समृद्धि, पूजा, आरती आकाश ऋचा सूचित करीना, रोहित, बिभूति, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जन सुनवाई में कई मामलो का हुआ निष्पादन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुई। इस दौरान विभिन्न गांव के फरियादी पहुंचे। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने सभी फरियादियों की बात को सुनी,और समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर परमा पंचायत के संदोहरा निवासी जयप्रकाश गुप्ता पिता भतू साहू ने मुख्यमंत्री पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र जमा करने पहुंचे हैं। इसके अलावा विभिन्न गांव के अन्य पेंशन लाभुकों ने आवेदन पत्र जमा किये। सांगोवर गांव के कुलदीप मांझी और इसी गांव के संजय कुमार ने अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन पत्र जमा की। पेश गांव के सोनिया परवीन ने जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवेदन दिए। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 17 मामले आये। बीडीओ ने सभी मामलों को सम्बंधित पंचायत सचिव को अग्रसारित कर जांचोपरांत निष्पादित करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पसई निवासी सर्वेश सिंह और किरण देवी ने राशनकार्ड रद्द करने के लिए आवेदन पत्र दिए। वही अब्दलपुर पड़रिया निवासी निवासी चंपा देवी पति फरेश यादव ने राशनकार्ड से नाम हटाने के लिए आवेदन पत्र दी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा पसई गांव के लाभुकों का राशनकार्ड रद्द कर दिया गया। वही अब्दलपुर पड़रिया के लाभुक का नाम राशनकार्ड से हटा दिया गया है।

## प्रखंड जदयू के सांगठनिक चुनाव में नगर अध्यक्ष संजय एवं प्रखंड अध्यक्ष भगवान चन्द्रवंशी निर्विरोध निर्वाचित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ प्रखंड पर्यवेक्षक एवं नगर पर्यवेक्षक ने लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के तहत नामांकन एवं निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा दोनों पदों के लिये किया। जदयू का सांगठनिक चुनाव उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ

**वारिसलीगंज।** सोमवार को नगर के जिला परिषद डॉकबंगला परिसर में जदयू नगर अध्यक्ष एवं सूर्यमंदिर परिसर स्थित संस्कृत महाविद्यालय में प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। प्रखंड अध्यक्ष भगवान सिँह चन्द्रवंशी एवं नगर अध्यक्ष के पद पर संजय सिँह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। प्रखंड पर्यवेक्षक एवं नगर पर्यवेक्षक ने लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के तहत नामांकन एवं निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा दोनों पदों के लिये किया। जदयू का सांगठनिक चुनाव उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और जोश के बीच यह चुनाव शांति एवं सर्वसम्मति से सम्पन्न कराया गया।

संजय सिंह के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने उन्हें फूल-माला पहनाकर बधाई दी और संगठन की जिम्मेदारी को मजबूती से निभाने का भरोसा जताया। सक्रिय सदस्यों ने उन पर भरोसा जताते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में उनके नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर चलाया जा रहा अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में दिनांक 14.03.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के लिए नवादा न्यायमंडल के सभी पीठ लिपिक एवं कार्यालय लिपिक को नोटिस निर्गत करने में सहयोग हेतु बैठक कर प्रशिक्षित किया गया। इसके लिए व्यवहार न्यायालय, नवादा में 3950 वादों को चिन्हित किया गया है तथा 1391 पक्षकारों को नोटिस तामिला के लिए सर्व किया गया, जिसमें एम.ए.सी.टी. वादों की सं0 96, मैट्रिमोनियल के 12, क्रिमिनल वाद 3433, जी.ओ. वादों में माइनिंग के 106, वन वाद 134, माप-तौल 82, श्रम वाद 23, धारा 138 एन.आई. एक्ट के 54 तथा सिविल वाद के 10 मामले प्रकृति अनुसार चिन्हित किए गए हैं।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में दिनांक 14.03.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की सफलता हेतु दिनांक 23.02.2026 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम एवं जिला अधिवक्ता संघ, नवादा के अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित हुए। सचिव महोदया ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियाँ जोरों पर हैं, जिसके लिए सभी विभागों के विभागाध्यक्षों से आवश्यक विचार-विमर्श किया जा रहा है तथा जिले के सभी थाना अध्यक्षों को शत-प्रतिशत नोटिसों के तामिला कराने का निर्देश जारी कर दिया गया है। नोटिसों को तामिला कराने हेतु थाना के माध्यम से भेजा जा रहा है।

बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बेहतर प्रदर्शन हेतु जिला अधिवक्ता संघ, नवादा से सहयोग के संबंध में चर्चा की गई तथा एडवोकेट एसोसिएशन, नवादा से भी आवश्यक विचार-विमर्श किया जा रहा है। वहीं जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नवादा से उपभोक्ता मामलों के निष्पादन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि इस बार सुलहनीय वादों का अधिक से अधिक निपटारा किया जा सकेगा। इसके लिए व्यवहार न्यायालय के पीठ लिपिक एवं कार्यालय लिपिक को पक्षकारों पर नोटिस निर्गत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**मध्यस्थता के प्रचार-प्रसार हेतु बैठक कार्यक्रम आयोजित:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देशानुसार दिनांक 23.02.2026 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में 90 दिवसीय "Mediation 2.0 – For the Nation" अभियान को सफल बनाने हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला अधिवक्ता संघ, एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव तथा जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नवादा के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में सचिव द्वारा बताया गया कि 90 दिवसीय "Mediation 2.0 – For the Nation" अभियान की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से सरल व सुलभ समाधान प्रदान करना है।

बैठक में यह भी चर्चा की गई कि यह अभियान न्यायालय की जटिल प्रक्रिया के स्थान पर संवाद और सहमति से समाधान को प्राथमिकता देता है, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा संभव हो सके। इसमें पक्षकार ऑनलाइन, ऑफलाइन और हाइब्रिड मोड में उपस्थित होकर आपसी संवाद के माध्यम से मामलों का निपटारा करा सकते हैं।

**मध्यस्थता के माध्यम से इन मामलों की होगी सुनवाई:** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह अभियान उन मामलों को कवर करता है जिनमें समझौते की संभावना अधिक होती है। इसमें परिवार वाद, क्लेम वाद, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, सुलहनीय आपराधिक मुकदमे, बंटवारा वाद, मकान मालिक व किरायेदार विवाद, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य मामलों का निपटारा मध्यस्थता के सहयोग से किया जाएगा। सचिव महोदय ने बताया कि मामलों की पहचान कर पक्षकारों को सूचना देकर मध्यस्थों को मामले सौंप दिए जाएँगे, जहाँ मध्यस्थ अधिवक्ता पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर मामलों का निपटारा कराएँगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में संदिग्ध हालत में ड्राइवर की मौत, भाई बोला- पत्नी से झगड़े के बाद शराब पीने गए थे घर लौटने के बाद तबीयत बिगड़ गई



**नालंदा।** नालंदा में संदिग्ध हालत में एक ड्राइवर की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक शराब पीकर घर लौटे थे। जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। मृतक की पहचान गोगीपर गांव निवासी राजेंद्र तांती के बेटे अशोक तांती(50) के तौर पर हुई है। घटना हरनौत थाना क्षेत्र के गोगीपर गांव की है। चेहरे भाई चंदन कुमार तांती ने बताया कि रविवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद अशोक तांती कहीं चले गए। काफी देर बाद लौटे। घर आने के बाद अपने कमरे में जाकर सो गए। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, उल्टी करने लगे। आनन-फानन में इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल लेकर गए। जहां से डॉक्टरों ने बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। वहां से पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

**मौत का कारण स्पष्ट नहीं:** इस मामले में पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि परिजनों का कहना है शराब पीने और दवा खाने से मौत हुई है। हालांकि ये जांच का विषय है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। संबंधित थाने को जानकारी दी गई है। वहीं, इस संबंध में हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि फिलहाल कोई आवेदन नहीं हुआ है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

### एक महीने के अंदर वेंडिंग जोन का निर्माण, त्योहारों के पहले सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश

#### नगर निगम की बैठक में लिए कई फैसले



**नालंदा।** बिहारशरीफ नगर निगम के कार्यालय में सोमवार को बोर्ड की एक अहम बैठक आयोजित की गई। महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शहर के विकास, सौंदर्यीकरण और राजस्व को लेकर कई कड़े और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान उप महापौर आईशा शाहीन और नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक के साथ-साथ सशक्त स्थायी समिति के सदस्य, सभी पार्षदगण और निगम के कई आला अधिकारी व अभियंता मौजूद रहे। शहर की यातायात और अतिक्रमण की समस्या को सुलझाने के लिए बैठक में ठोस कदम उठाए गए। सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि महलपर रैन बसेरा के समीप स्थित सरकारी भूमि पर एक महीने के अंदर वेंडिंग जोन का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही, सोहसराय थाना के पास सड़क के किनारे बसे लोगों को वहां से हटाकर उनके पुर्नस्थापन पर भी सदन में सर्वसम्मति बनी।

**ऐतिहासिक मघड़ा शीतलाष्टमी मेले को लेकर भी चर्चा:** आगामी त्योहारों को देखते हुए शहरवासियों को एक बड़ी सौगात दी गई है। नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए चयनित संवेदक को कार्यादेश निर्गत करने की मंजूरी दे दी गई है। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि त्योहारों से पहले हर हाल में स्ट्रीट लाइटें लग जानी चाहिए ताकि शहर पूरी तरह जगमगा सके। इसके अलावा, 11 मार्च से 13 मार्च तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मघड़ा शीतलाष्टमी मेले को लेकर भी चर्चा हुई। पिछले वर्षों की तर्ज पर इस बार भी मेले में व्यापक साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है।

**नगर निगम में अवैध मीट-मछली की दुकानों को हटाने के निर्देश:** शहर में फैल रही अव्यवस्था पर नकेल कसने के लिए निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से चल रही मीट और मुर्गे की दुकानों के साथ-साथ अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स को हटाते हुए उनके खिलाफ सख्त विधि सम्मत कार्रवाई करने का फैसला लिया गया है। राजस्व वसूली को बढ़ाने के लिए शहर के व्यवसायियों से शत-प्रतिशत ट्रेड लाइसेंस शुल्क वसूलने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए बकायदा एक रोस्टर तैयार किया जाएगा। वहीं, विस्तारित वार्डों में सड़कों के वर्गीकरण का विभाग से अनुमोदन मिलने के बाद ही राजस्व का संग्रहण शुरू किया जाएगा। आम जनता को राहत देने के उद्देश्य से कुछ अहम फैसले भी सार्वजनिक किए गए। नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से जारी प्रॉपर्टी टैक्स की राशि एकमुश्त जमा करने पर मिलने वाली 'ब्याज माफी योजना' का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। यह योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावी है, ताकि लोग समय पर अपना प्रॉपर्टी टैक्स चुकाकर इसका पूरा लाभ ले सकें। इसके साथ ही, बीपीएल (BPL) परिवारों को ठोस अपशिष्ट (कचरा) प्रबंधन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है, जिसकी जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी वृहद स्तर पर प्रचार अभियान चलाया जाएगा।

# वांटेड को पकड़ने पहुंची एसटीएफ टीम पर हमला, 3 जवान घायल

## 2 का सिर फटा, ग्रामीणों ने सर्विस पिस्टल छीनी, आधी रात तक गांव में सर्च ऑपरेशन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में वांटेड अपराधी को पकड़ने गई एसटीएफ टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। दो जवानों से उनकी सर्विस पिस्टल छीन ली गई। इस हमले में तीन जवान घायल हो गए। बाद में पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर दोनों लूटी गई पिस्टल खेत से लावारिस हालत में बरामद कर ली। घायलों में मणि कांत दुबे, संतोष चौबे और नीरज पंडित शामिल हैं। नीरज पंडित की आंख में, जबकि दो जवानों के सिर में गहरी चोट है। मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। है। घटना रविवार देर रात मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के खिरियावां स्थित भुइं टोली की है। पुलिस ने इलाके को घेरकर बड़े पैमाने पर सर्च अभियान चलाया। सात लोगों को हिरासत में लिया गया है। कई घरों से घरेलू सामान भी जब्त किए गए हैं। घटना के बाद भुइं टोली से अधिकांश पुरुष और युवक फरार हो गए। गांव में सिर्फ महिलाएं ही बची हैं और कई घरों में ताले लटके मिले।

**वांटेड को पकड़ने पहुंची थी टीम:** जानकारी के अनुसार, एसटीएफ की टीम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वांटेड अपराधी मनोज मांझी को पकड़ने पहुंची थी। पुलिस को इनपुट मिला था कि मनोज मांझी शराब पीने के लिए आया हुआ है। इसी सूचना पर एसटीएफ के जवान सादे लिबास में बड़ी संख्या में गांव पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक, गांव वालों को शक हो गया कि पुलिस शराबबंदी को लेकर छापेमारी करने आई है। इसी गलतफहमी में भीड़ उग्र



हो गई और जवानों पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से जवानों की जमकर पिटाई की। इसी दौरान दो जवानों की सर्विस पिस्टल छीन ली गई। बताया जा रहा है कि जवानों ने खुद को बचाने के लिए पिस्टल दिखाकर भीड़ को डराने की कोशिश की, लेकिन स्थिति उलटी पड़ गई और भीड़ और उग्र हो गई।

**आधी रात तक गांव में चला सर्च अभियान:** हमले के बाद एसटीएफ के जवान किसी तरह जान बचाकर मौके से निकले और वरीय अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। मौके पर एसएसपी सुशील कुमार, सिटी एसपी कोटा किरण कुमार और टाउन डीएसपी समेत कई थानों की पुलिस पहुंची। पूरे इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान सड़क किनारे खेत से दोनों लूटी गई पिस्टल बरामद कर ली गई। हालांकि, हमला करने वाले मुख्य आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे। आधी रात के बाद तक गांव में सर्च ऑपरेशन चलता रहा, लेकिन आरोपी फरार रहे। पुलिस अब पहचान कर हमलावरों पर हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा और हथियार लूटने जैसे गंभीर धाराओं में कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

**फोटो-वीडियो बनाने से रोका:** इस मामले में पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन एसएसपी और सिटी एसपी दोनों ने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं, घटनास्थल पर पहुंचे भास्कर के रिपोर्टर को फोटो और वीडियो बनाने से रोक दिया गया। अस्पताल में भी कवरेज के दौरान रिपोर्टर को अंदर जाने से मना कर दिया गया।

**पेट्रोल पंप मालिक के भतीजे को गोली मारी थी:** बता दें, जिस मनोज मांझी को पकड़ने के लिए एसटीएफ गई थी, वह 11 नवंबर 2024 को मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर हुए हत्या कांड का आरोपी है। पेट्रोल भरवाने को लेकर हुए विवाद के बाद पेट्रोल पंप मालिक के भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 12 आरोपियों को नामजद किया गया था। इनमें से 10 को जेल भेजा जा चुका था। तीन आरोपी फरार थे। हाल ही में एसटीएफ ने पटना से चोंचा और पलटन सिंह को गिरफ्तार किया था। तीसरे फरार आरोपी मनोज मांझी की तलाश जारी थी। इसी मनोज मांझी की लोकेशन मिलने पर एसटीएफ टीम भुइं टोली पहुंची थी। लेकिन कार्रवाई के दौरान पूरी टीम ही हमले का शिकार हो गई। अब पुलिस मनोज मांझी के साथ-साथ एसटीएफ पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

# नालंदा में मैट्रिक के छात्र की संदिग्ध मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में मैट्रिक एग्जाम दे रहे एक छात्र की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। परिजनों का आरोप है मकान मालिक ने उसे धक्का दिया था। मृतक की पहचान सरमेरा के महमदपुर निवासी शमली यादव के बेटे (16) संतोष कुमार के तौर पर हुई है। घटना राजगीर थाना क्षेत्र के पीटीजीएम कॉलेज के पास की है।

ममेरे भाई तनिक कुमार ने बताया कि गांव के ही 8-9 लड़कों के साथ मैट्रिक की परीक्षा देने के लिए राजगीर गया हुआ था। रविवार की रात खाना खाने के बाद नल पर बर्तन धो रहा था। पानी ज्यादा गिर गया था। जिससे मकान मालिक गुस्सा हो गया। उसने लात से मारा और धक्का दे दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में साथ गए बच्चों ने अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। संतोष चार भाई-बहन में सबसे छोटा था। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कारण स्पष्ट होगा:** राजगीर थाना के प्रभारी सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि अचानक बच्चे की तबीयत बिगड़ गई थी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए परिजन ही सिलाव स्थित निजी क्लीनिक ले गए। जहां से बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। प्रथम दृष्टया बीमारी की वजह से मौत का मामला प्रतीत हो रहा है।

## पारा मेडिकल संकाय में फ्रेशर पार्टी, बैज सेरेमनी एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रोहतास।** नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के 2024 बैच के छात्रों द्वारा वर्ष नवागत विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी, बैज सेरेमनी एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो.डॉ. नीरज कुमार द्वारा स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में समर्पण, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय कुलपति प्रो. डॉ. जगदीश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विज्ञान के विद्यार्थी समाज की सेवा एवं मानवता की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता, करुणा एवं पेशेवर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कुलसचिव के अलावा परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें अनुशासित एवं लक्ष्य केंद्रित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।



बैज सेरेमनी के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान का बैज प्रदान किया गया तथा स्वास्थ्य सेवा पेशे की गरिमा बनाए रखने हेतु शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह ने विद्यार्थियों में पेशेवर उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का संचार किया। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव मिथिलेश कुमार सिंह, जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह, फैकल्टी ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंसेज संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अवनीश रंजन, विधि संकाय के अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता, कृषि संकाय के अधिष्ठाता सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन एनआईएएचएस के सहायक प्रोफेसर डॉ. विजय पठानिया ने किया। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ हुआ।

# गयाजी में 'यादव जी की लव स्टोरी' पर बवाल तेज, यादव महासंघ बोला- समाज को आपत्तिजनक तरीके से दिखाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म को लेकर गयाजी में विवाद गहराता जा रहा है। सोमवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासंघ (गया इकाई) ने चंदौती स्थित एलआईसी कार्यालय के पास एक निजी भवन में प्रेस वार्ता कर फिल्म का खुलकर विरोध किया। संगठन ने आरोप लगाया कि फिल्म में यादव समाज का चित्रण आपत्तिजनक तरीके से किया गया है, जिससे समुदाय की भावनां आहत हुई हैं।

**'किसी भी समुदाय की नकारात्मक छवि पेश करना सामाजिक सम्मान के खिलाफ':** प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष रामाश्रय यादव, मुकुल यादव, एडवोकेट वीरेंद्र गोप, सम्राट सिकंदर और प्रमोद यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समुदाय की नकारात्मक छवि पेश करना सामाजिक सम्मान के खिलाफ है। इससे समाज में गलत संदेश जाता है और आपसी सौहार्द प्रभावित हो सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि ऐसी सामग्री स्थानीय स्तर पर तनाव की स्थिति पैदा कर सकती है। महासंघ ने



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और बिहार सरकार से फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही फिल्म के नाम में बदलाव और आपत्तिजनक हिस्सों की समीक्षा की भी अपील की गई है। संगठन के नेताओं ने कहा कि अगर किसी रचना से किसी वर्ग की गरिमा प्रभावित होती है तो उस पर पुनर्विचार जरूरी है।

**25 फरवरी को गांधी मैदान से विरोध रैली निकाली जाएगी:** विवाद को लेकर महासंघ ने आंदोलन का ऐलान भी कर दिया है। संगठन के अनुसार, 25 फरवरी को गांधी मैदान से विरोध रैली निकाली जाएगी। जिस-जिस सिनेमा हॉल में फिल्म दिखाई जाएगी, वहां प्रदर्शन किया जाएगा। प्रशासन से फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग भी दोहराई गई है। हालांकि, संगठन ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज की गरिमा की रक्षा करना है। उन्होंने प्रशासन से समय रहते हस्तक्षेप करने और मामले का समाधान निकालने की अपील की। ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो और समाज मे शांति व्यवस्था बनी रहे।

**फिल्म में ऐसा क्या है, जिसका विरोध?:** फिल्म के प्रोड्यूसर संदीप तोमर और डायरेक्टर अंकित भड़ाना हैं। फिल्म में यादव समाज की एक बेटी और मुस्लिम युवक के बीच प्रेम कहानी दिखाई गई है। यादव समाज का कहना है कि इससे उनकी छवि खराब हो रही है और भावनाओं का अपमान हुआ है। आरोप है कि फिल्म का नाम और कहानी खास तौर पर यादव समाज को निशाना बनाती है। यादव समाज के लोगों ने सिनेमा हॉल चलाने वालों को सख्त अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म की स्क्रीनिंग तुरंत नहीं रोकी गई, तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। वे किसी भी हालत में अपने इलाके में इस फिल्म को चलने नहीं देंगे।

# बच्चा चोरी के आरोप में युवक की पिटाई, गोपालपुर में पुलिस ने घायल को बचाया, अस्पताल में भर्ती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र के अब्दुल्लाह चक में बच्चा चोरी के आरोप में एक युवक की स्थानीय लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गोपालपुर थाना के सब इंस्पेक्टर उत्तम कुमार ने बताया कि उन्हें अब्दुल्लाह चक में एक युवक की पिटाई की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि ग्रामीण बच्चा चोरी के आरोप में युवक को पीट रहे थे। पुलिस ने युवक को ग्रामीणों से बचाया और



इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

**आरोपी नेपाल का रहने वाला है:** पूछताछ में युवक ने खुद को नेपाल का निवासी बताया। हालांकि, जब उससे गोपालपुर इलाके में उसकी मौजूदगी या आने के उद्देश्य के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। सब इंस्पेक्टर उत्तम कुमार ने स्पष्ट किया कि कानून को हाथ में लेकर किसी की पिटाई करना गलत है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी भी पक्ष से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करेगी। यह पूछे जाने पर कि किस बच्चे की चोरी का आरोप था, पुलिस ने बताया कि इस संबंध में भी कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

# स्कूल जाने के लिए बच्चों को चलानी पड़ती नाव, पुल निर्माण कार्य 9 महीने से ठप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में सकरी नदी पर सीएम ग्रामीण सेतु योजना से 6.20 करोड़ में एक पुल बनना है। निर्माण कार्य शुरू होते ही ठप चुका है। पुल नहीं बनने सकुचीडीह और कसुचीसराय गांव के लोगों को हर दिन परेशानी होती है। ये दोनों गांव बिहार शरीफ से 30 किलोमीटर दूर गिरियक प्रखंड की गाजीपुर पंचायत में है। दोनों गांव में 1-1 हजार की आबादी है। इतनी बड़ी आबादी के लिए न पुल है, न नाव की अच्छी व्यवस्था और न ही प्रशिक्षित नाविक। नदी को पार करने के लिए सिर्फ एक नाव है। जिसे नाविक नहीं गांव के बच्चे ही चलाते हैं। नाव चलाना इनका काम नहीं बल्कि इनकी मजबूरी है। हालात ने इन्हें नाव चलाना सिखा दिया है। स्कूल जाना हो तो बच्चों को खुद से नाव चलाकर नदी क्रॉस कर करना पड़ता है। अगर नदी से नहीं जाएंगे तो 8 किमी दूर घूमकर सड़क मार्ग से जाना होगा, जो गांव वालों के लिए काफी दूर हो जाता है। नदी से जाने पर 1 किमी की दूरी पड़ती है।

**स्वास्थ्य सुविधाएं नदी के पार:** सकरी नदी ने गाजीपुर पंचायत को 2 भौगोलिक हिस्सों में बांट दिया है। एक तरफ सकुचीडीह गांव और कतरीसराय प्रखंड के कोयरी बीघा, मैरा और बरिठ गांव हैं, तो दूसरी तरफ सकुचीसराय है। सकुचीडीह के लोगों की पूरी जिंदगी सकुचीसराय पर निर्भर है। सकुचीसराय में मुख्य बाजार है, प्लस टू (10+2) विद्यालय है और सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिक चिकित्सा और मेडिकल सुविधाएं भी नदी के उसी पार हैं। नदी की चौड़ाई 100 मीटर है। नदी पार करने के बाद करीब 900 मीटर पैदल चलना पड़ता है तब सकुचीसराय का मार्केट आता है। कुल मिलाकर नदी के रास्ते एक किमी का सफर है। बरसात के दिनों में जब नदी उफान पर होती है तो गांव वालों को मजबूरी में सड़क मार्ग चुनना पड़ता है। जो करीब 8 किमी का लंबा और घुमावदार सफर है। आसपास के इलाके में 2 पुल हैं। एक 5 किमी दूर गोवर्धन बीघा में है और दूसरा 8 किमी दूर मानपुर में है। ग्रामीणों ने इन्हीं दो पुल के सहारे सकुचीसराय गांव जाना पड़ता है।

**स्कूली बच्चे गांव के लोगों को पार कराते हैं नदी:** जब सुबह स्कूली बच्चे नदी किनारे पहुंचते हैं तो नदी पार कराने के लिए कोई नाविक नाव पर नहीं होता है। 10-12 साल के किशोर खुद ही नाव को पानी में धक्का देते हैं और चप्पू चलाने लगते हैं। गांव के कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें नाव चलानी नहीं आती है। वे नदी किनारे बैठे रहते हैं कि कोई आए तो वे उनके साथ नाव पर बैठकर नदी पार कर सके। ऐसी स्थिति में स्कूल के बच्चे भी उनकी मदद कर देते हैं। गांव के लोगों को बच्चे अपने साथ नाव पर





बैठा लेते हैं।

**सरकार से हाथ जोड़कर अपील करती हूं हमें हमारा पुल दे दें:** स्थानीय ग्रामीण संगीता देवी कहती हैं कि हम सरकार से हाथ जोड़कर अपील कर रहे हैं कि किसी भी तरह हमें हमारा पुल दे दीजिए। बार-बार पुल की बात होती है, फिर कोई न कोई अड़चन आ जाती है। हमें बहुत तकलीफ होती है। जिन्हें नाव चलानी नहीं आती, वे घंटों किनारे पर बैठे रहते हैं। अब तो मजबूरी में औरतों और लड़कियों को भी नाव चलानी पड़ती है। कल ही की बात है, संतुलन बिगड़ने से मैं गिर गई और मेरा मोबाइल नदी में गिरकर डूब गया। घूमकर जाने में इतना समय और पैसा बर्बाद होता है। एक बार मिट्टी जांच वाले आए थे, लगा कि अब काम होगा, लेकिन फिर सब रुक गया।

**शादी के 20 साल हो गए, आज तक पुल नहीं बना:** रीता देवी बताती हैं कि मेरी शादी को 20 साल से ज्यादा हो गए हैं। जब मैं इस गांव में ब्याह कर आई थी, तब से यही हाल देख रही हूं। आज तक पुल नहीं बना। छोटे-छोटे बच्चों को नाव चलाने नहीं आती, फिर भी उन्हें स्कूल जाना है। कई बार नाव पलटने से लोग डूब कर मर भी गए हैं, लेकिन प्रशासन नहीं जागता। नाव भी सरकार ने नहीं दी है। हम सभी गांव वालों ने आपस में चंदा इकट्ठा करके इसे खरीदा है, ताकि कम से कम हमारी जिंदगी तो चलती रहे।

**मिट्टी जांच हुई थी, फिर कुछ नहीं हुआ:** बोर्ड पर 'शिलान्यास' के अक्षरों के नीचे राजगीर के विधायक कौशल किशोर, नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार, एमएलसी रीना यादव और पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील के नाम हैं। योजना के अनुसार, 30 जुलाई 2025 को इस पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाना चाहिए था। अभी फरवरी 2026 का अंतिम सप्ताह चल रहा है। निर्माण शुरू हुए लगभग 9 महीने बीत जाने चाहिए थे, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, मिट्टी की जांच (सर्वे) के नाम पर जो थोड़ा बहुत काम शुरू हुआ था, वह भी अब पूरी तरह से ठप पड़ा है। संवेदक (प्रकाश कन्स्ट्रक्शन) और विभागीय अधिकारी नदारद हैं।

**नदी के कटाव से भी डरे हैं ग्रामीण:** पुल न होने की समस्या के साथ-साथ एक और बड़ी आपदा सकुचीडीह गांव के सिर पर मंडरा रही है। नदी कटाव भी कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से नदी के तटबंध की मरम्मत नहीं की गई है। इसके कारण नदी की धारा धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ रही है। अगर मानसून से पहले तटबंधों को मजबूत नहीं किया गया और बाढ़ का पानी कई घरों में घुस जाएगा।

**मेडिकल इमरजेंसी में सबसे ज्यादा होती परेशानी:** दिन के उजाले में तो लोग किसी तरह जद्दोजहद करके गांव वाले नदी पार कर लेते हैं, लेकिन असली खौफ रात के अंधेरे में शुरू होता है। अगर रात के समय गांव में किसी महिला को प्रसव पीड़ा उठ जाए, किसी बुजुर्ग को हार्ट अटैक आ जाए या कोई अन्य मेडिकल इमरजेंसी हो जाए, तो स्थिति बेहद भयावह हो जाती है। रात में नाव चलाना और भी खतरनाक है। ऐसे में मरीजों को खाट पर लादकर या गाड़ी की व्यवस्था करके गोवर्धन बीघा या मानपुर के रास्ते 8 किलोमीटर घुमाकर अस्पताल ले जाना पड़ता है। लंबी दूरी को तय करने में 'गोल्डन आवर' (इलाज का अहम समय) बर्बाद होता है, वह कई बार मरीजों की जान पर भारी पड़ जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### शराबी मनचलों ने SC महिला को पीटा, जातिसूचक गाली देकर बेटी से दुर्व्यवहार, एससी एसटी एक्ट में प्राथमिकी

**कराकाट/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में दो शराबी मनचलों ने एससी समुदाय की महिला चंपा देवी के साथ दुर्व्यवहार किया। चंपा देवी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर शनिवार को एससी एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रभारी थाना अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि चंपा देवी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि रघुनाथपुर के ही दो अज्ञात मनचले शराब के नशे में उनके घर के दरवाजे पर पहुंचे। उन्होंने चंपा देवी को बाल व माथा पकड़कर जमकर पीटा, जातिसूचक शब्दों का अपमानजनक प्रयोग किया और उनकी बेटी से दुर्व्यवहार किया। चंपा देवी ने कहा, "दोनों मनचलों ने हमारे साथ अमानवीय व्यवहार किया और सिर फोड़ दिया।"थाना अध्यक्ष ने जानकारी दी कि मामले में दो आरोपियों को नामजद किया गया है। पुलिस ने छापामारी शुरू कर दी है और जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रोहित कुमार ने चेतावनी दी, "इस तरह की अपराधी गतिविधियां बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

### आयोजित जनता दरबार में समस्याओं को साथ सुना गया



**बिक्रमगंज/रोहतास।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आज दिनांक 23.02.2026 को आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं बड़े धैर्य के साथ सुना गया। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित 05, राशन कार्ड से संबंधित 40 एवं अन्य 03 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं। सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन संबंधित कार्यालयों / पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। सभी विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता की शिकायतों के निष्पादन में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ,किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### यज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव के लिए शोभा यात्रा के साथ ध्वजारोपण



**बिक्रमगंज (रोहतास।** शहर के काशी घाट बने सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए आयोजित 6 दिवसीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव के लिए रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ध्वजारोपण किया गया। इससे पूर्व यज्ञ स्थल से शोभायात्रा निकाली गई।यज्ञ समिति काशी घाट के तत्वावधान में आयोजित यज्ञ के लिए निकाली गई शोभायात्रा आस्कामिनी मंदिर से होते हुए शहर के सभी मुख्य मार्ग का भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान शंखनाद और जयकारा से पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण यात्रा में शामिल हुए। लक्ष्मी प्रसन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में यक्ष का आयोजन किया जा रहा है। आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ध्वजारोपण कराया गया।यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि 24 अप्रैल 2026 से यज्ञ प्रारम्भ होगा। आगामी 30 अप्रैल को भव्य भंडारा के साथ यज्ञ संपन्न होगा। शोभायात्रा के दौरान जिला पार्षद प्रभाष चंन्द्र सिंह, वार्ड पार्षद राजा जितेंद्र पटेल,राम जी वैश्य, घनश्याम कुमार, मदन प्रसाद वैश्य, गुप्तेश्वर गुप्ता, देवमुनि पान्डेय, एवं विजय पटेल सहित कई लोग शामिल हुए।

### मां काली की महिमा सुन कथा में भक्त हुए लीन



**बिक्रमगंज/रोहतास।** प्रखंड स्थित धावां ग्रीन पार्क यज्ञशाला का वातावरण भक्तिमय हो उठा । मां काली प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर जैसे ही स्वामीश्री ने श्लोक उच्चारित किया,पूरा परिसर "जय मां काली" के उद्घोष से गूंज उठा । श्रद्धालु भक्ति और श्रद्धा से सराबोर होकर यज्ञ में मौजूद रहे ।आठ दिवसीय इस महायज्ञ में काशी से पधारे जगद्गुरु स्वामी संपत कुमाराचार्य ने मां काली की महिमा का विस्तृत वर्णन किया । उन्होंने कहा कि मां काली शक्ति,साहस और न्याय की अधिष्ठात्री देवी हैं । उनका रौद्र स्वरूप अधर्म और अन्याय के विनाश का प्रतीक है,जबकि उनका मातृत्व रूप भक्तों को करुणा और संरक्षण प्रदान करता है । स्वामी जी ने बताया कि शास्त्रों में मां काली को आदिशक्ति माना गया है,जिनकी कृपा से संसार का संतुलन बना रहता है । स्वामी संपत कुमाराचार्य ने कहा कि काली कराली कंकाली जैसे मंत्र केवल शब्द नहीं,बल्कि दिव्य ऊर्जा के स्रोत हैं । इन मंत्रों के जप से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और साधक के भीतर आत्मविश्वास तथा आध्यात्मिक बल का संचार होता है । उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि मां काली की आराधना केवल अनुष्ठानों तक सीमित न रहे,बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में उतारें,अन्याय के विरुद्ध खड़े हों और सत्य का साथ दें । महायज्ञ में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए,जबकि भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।आयोजन समिति के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के साथ क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का नया संचार हुआ है । यज्ञशाला में सजे भव्य पंडाल,वेद मंत्रों की ध्वनि और भक्तों की आस्था ने पूरे बिक्रमगंज को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया । अंत में स्वामी संपत कुमाराचार्य ने मां काली से रोहतास और आसपास के क्षेत्रों में सुख-शांति,समृद्धि और धर्म की स्थापना की कामना की । उन्होंने कहा कि मां की कृपा से समाज में सद्भाव और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना होगी ।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व प्राचार्य

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अंजबित सिंह कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रो. सतनारायण सिंह को उनके छठी पुण्यतिथि पर याद किया गया। शहर के आस्कामिनी नगर स्थित उनके आवास पर पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान महाविद्यालय परिवार, शिक्षाविद व गणमान्य लोग शामिल हुए और उनके तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन के साथ पुष्प अर्पित किया। शिक्षा के प्रति लगन, कर्म निष्ठा एवं संघर्ष को याद करते हुए लोगों ने उन्हें नमन किया और बताया कि डॉ, प्रो. सत्यनारायण बाबू हम सभी के अभिभावक के साथ शिक्षा जगत के सशक्त हस्ताक्षर थे। अपने चार दशक के सेवा काल में उन्होंने शिक्षा, शिक्षण एवं महाविद्यालय की बेहतरी के लिए कई कीर्तिमान स्थापित किए। शिक्षा जगत के इस महान पुरोधा ने अपना सशक्त जीवन शिक्षा व समाजसेवा के लिए समर्पित कर दिया था। वक्ताओं ने कहा कि एक अर्थशास्त्री होने के बावजूद उनकी राजनीतिक, सामाजिक चेतना के सभी कायल थे। इस महाविद्यालय में बीसीए की पढ़ाई की शुरुआत उनके पहल का परिणाम था। उनका सपना था कि यह महाविद्यालय की बेहतरी के लिए संघर्ष करते रहें। उनके पदचिन्हों पर चल, शिक्षा की मसाला को सदैव जागृत रखना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर उनके पुत्रों द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वस्त्र एवं फल वितरित किया गया।



# करूप मुख्य बाजार पर भीषण सड़क हादसे में एक स्टेज शो गायिका की दर्दनाक मौत हो गई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता







**काराकाट / रोहतास।** थाना क्षेत्र के करूप मुख्य बाजार पर सोमवार भोर 5 बजे भीषण सड़क हादसे में एक स्टेज शो गायिका की दर्दनाक मौत हो गई। नासरीगंज की ओर जा रही 28 वर्षीय संजू देवी की स्कूटी को बिक्रमगंज से आ रही मुर्गी के चूजों से लदी पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। आमने-सामने की इस भयावह भिड़ंत में संजू मौके पर ही काल के गाल में समा गईं। हादसे ने पूरे इलाके को सन्नाटे में डुबो दिया, जबकि उनकी 8 वर्षीय मासूम बेटी दिव्या भारती घटनास्थल पर बिलख-बिलखकर रोती नजर आई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतका संजू देवी रोहतास के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के सुवरा गांव की बहू थीं। उनके पति मुन्ना राम बाहर मजदूरी करते हैं। संजू नासरीगंज थाना क्षेत्र के पडुरी गांव में स्टेज शो प्रोग्राम करके सुवरा लौट रही थीं। एनएच 120ए पर करूप बाजार के पास बिक्रमगंज की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप (नंबर बीआर 06 जीबी 3080) ने उनकी स्कूटी को ठोक दिया। पिकअप पर मुर्गियों के चूजे लदे थे, जो हादसे के बाद सड़क पर बिखर गए। संजू एक गोद के बच्चे की मां भी थीं, जिनके सिर से मां का सहारा छिन गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने सड़क जाम कर दी और पिकअप चालक पर हल्ला बोला। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर काराकाट पुलिस दलबल के साथ पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत किया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। मृतका की सास कलावती देवी ने थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई है। संजू की सास कलावती देवी ने दहाड़ते हुए कहा, "हमारी बहू कमाने-खाने वाली थी, अब बच्चे अनाथ हो गए। चालक को सख्त सजा मिलनी चाहिए।" मासूम दिव्या की चीखें सुनकर हर कोई गला घोंट लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चालक की तलाश जारी है। यह हादसा एनएच-120ए पर बढ़ती लापरवाही का नंगा सच उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से सख्ती की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी न दोहराए।

## काराकाट पुलिस को बड़ी सफलता: स्कॉर्पियो में 16 किलो गांजा लादे दो तस्कर गिरफ्तार



चालक सहित दो हिरासत में



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास** जिले के काराकाट पुलिस ने दो गांजा तस्करों को काले रंग की नई स्कॉर्पियो गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्यालय के पास एनएच-120ए पर सरकारी अस्पताल और पुराने थाने के समीप घेराबंदी की। स्कॉर्पियो (रजिस्ट्रेशन नंबरः BR24A2688) से करीब 16 किलोग्राम पैकेटबंद गांजा बरामद हुआ। गाड़ी में चालक सहित तीन लोग सवार थे, जिनमें एक नाबालिग दिव्यांग बच्चा भी शामिल था।काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि सोमवार संध्या को गुप्त सूचना मिली थी कि स्कॉर्पियो में भारी मात्रा में गांजा लदा गया है। सूचना के आधार पर 112 पुलिस, गश्ती दल और छापेमारी दल ने संयुक्त रूप से वाहन को घेर लिया। पूछताछ में एक तस्कर की पहचान बिक्रमगंज थाना चौक निवासी मंटू साह के रूप में हुई। चालक, वाहन मालिक और मुख्य तस्कर मंटू साह को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस को एक बड़े गांजा तस्करी गिरोह का खुलासा होने की उम्मीद है। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि कार्रवाई जारी है और पूछताछ से महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। फिलहाल कोई आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की गई। यह सफलता जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस की सतर्कता को दर्शाती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

## विश्व सर्वाइकल कैंसर जागरूकता दिवस 2026 आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**रोहतास।** नारायण नर्सिंग कॉलेज, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, सासाराम के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग नर्सिंग डिपार्टमेंट ने 23 फरवरी 2026 को नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जमुहार, रोहतास में वर्ल्ड सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस डे मनाने के लिए एक सर्वाइकल कैंसर जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया। यह प्रोग्राम "एम्पावर द स्टोरीटेलर्स" थीम के तहत किया गया था, जिसमें शेयर किए गए अनुभव, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता के ज़रिए जागरूकता फैलाने की महत्व पर ज़ोर दिया गया। कार्यक्रम स्त्री रोग के वाह्य विभाग में आयोजित किया गया ।

यह कार्यक्रम नारायण नर्सिंग कॉलेज की डीन सह प्रचार्या प्रो. डॉ. के. लता और उप प्राचार्या प्रो. डॉ. शवेता शर्मा के निर्देशन में शुरू हुआ। नर्सिंग डिपार्टमेंट में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के शिक्षकों और जी एन एम तृतीय वर्ष के 98 छात्रों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एक जानकारी देने वाला सत्र आयोजित किया गया, जिसमें इन बातों पर फोकस किया गया कि- सर्वाइकल कैंसर के कारण और रिस्क फैक्टर,एच पी भी वैक्सीनेशन का महत्व,स्क्रीनिंग के तरीके जैसे पैपस्मीयर टेस्ट, शुरुआती संकेत और लक्षण,बचाव के उपाय और लाइफस्टाइल में बदलाव तथ

हेल्थ एजुकेशन मेटीरियल दिखाए गए और हॉस्पिटल में मरीज़ों और परिजनों को जागरूकता मैसेज दिए गए। स्टूडेंट्स ने रेगुलर स्क्रीनिंग को बढ़ावा देने और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं से भी बातचीत की। इस प्रोग्राम ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव और जल्दी पता लगाने के बारे में अवेयरनेस को सफलतापूर्वक बढ़ाया। इसने नर्सिंग स्टूडेंट्स की हेल्थ एजुकेटर और महिलाओं की स्वास्थ्य के वकालत के तौर पर भूमिका को भी मज़बूत किया। कार्यक्रम का समापन फैकल्टी मेंबर्स, स्टूडेंट्स और हॉस्पिटल अथॉरिटीज़ के प्रोग्राम को सफल बनाने में उनके सहयोग और सपोर्ट की कोशिशों की तारीफ़ के साथ हुआ।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी की डिक्की में छिपाकर ले जाए जा रहे 20 पैकेट अंग्रेजी शराब बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट रोहतास।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की डिक्की में छिपाकर ले जाए जा रहे 20 पैकेट अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। यह गिरफ्तारी रविवार देर रात बलियाकोठी इलाके में हुई।

थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्कूटी पर भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर तत्काल एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसने बलियाकोठी पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान कर्मा गांव निवासी रुद्र विजय सिंह के पुत्र सुमित कुमार सिंह उर्फ मुनमुन सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 20 पैकेट एटीपीएम शराब 'फ्रूटी' बरामद की। साथ ही, अवैध शराब तस्करी में इस्तेमाल की जा रही ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी (रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 एपी 9840) को भी जब्त कर लिया गया है। सोमवार को काराकाट थाने में आरोपी सुमित कुमार सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और शराब के धंधेबाजों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई नशामुक्ति अभियान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस तत्परता की सराहना की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों पर शिकंजा कसना जारी रहेगा।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर मे दैनिक ऊर्जा खपत या राशि की कटौती की वास्तविक जानकारी : ईईई सासाराम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के अधीन आने वाले सब डिवीज़न बिक्रमगंज, कोचस, सासाराम (शहरी) व सासाराम (ग्रामीण) के पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर का अधिष्ठापन किया जा रहा है एवं स्मार्ट मीटर के अधिष्ठापन के समय उपभोक्ताओं से कोई भी शुल्क नहीं ली जाती है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया की स्मार्ट मीटर मे डाटा स्वतः ही बिलिंग सर्वर पर आ जाता है जिससे ऊर्जा रीडिंग के लिए मीटर रीडर की जरूरत नहीं पड़ती है। स्मार्ट मीटर में ऑन लाईन के माध्यम से समय पर विपत्र प्राप्त कर सकतें हैं एवं मानव हस्तक्षेप नहीं होने से विद्युत विपत्र में त्रुटि की संभावना नहीं रहती है। स्मार्ट मीटर के कारण बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होने से उपभोक्ताओं के विद्युत विपत्र को समझने में सुविधा होती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ता को दैनिक ऊर्जा खपत या राशि की कटौती की जानकारी वास्तविक समय में प्रदान करता है, जिससे उपभोक्ता अपने उपयोग की आदतों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और ऊर्जा की बचत कर अपने विपत्र की राशि को कम कर सकतें हैं साथ हीं वास्तविक समय डाटा की उपलब्ध होने से अधिक खपत करने वाले उपकरणों की पहचान कर सकतें हैं, जिससे ऊर्जा बचत करने के उपाय ढूंढ़ सकतें हैं। स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन से पूर्व विद्युत बकाया राशि को किस्तों में भुगतान करने की व्यवस्था की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को बकाया राशि एक मुश्त जमा करने की वित्तीय भार से मुक्ति मिलती है। स्मार्ट मीटर द्वारा नये विद्युत संबंध स्थापित करने हेतु किसी भी प्रकार का प्रतिभूति राशि नहीं लिया जाता है। स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन उपरांत यदि मैक्सिमम डिमांड स्वीकृत भार से बढ़ जाता है तो उपभोक्ता को छः माह तक मैक्सिमम डिमांड शुल्क से राहत दी जाती है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के परिसर में सोलर पैनल अधिष्ठापन के उपरान्त स्मार्ट मीटर को नेट मीटर में बदल दिया जाता है, जिससे उपभोक्ताओं का अलग से नेट मीटर खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। स्मार्ट मीटर से प्राप्त स्टीक और विस्तृत डेटा समस्याओं का समाधान जल्दी करने में मदद करता है। उपभोक्ता को मोबाइल एप के माध्यम से ही विपत्र प्राप्त हो जाता है तथा बिना कार्यालय गए अपने स्मार्ट मीटर का रिचार्ज भी कर सकते है।



त्रुटिरहित विपत्रीकरण से उपभोक्ताओं को विद्युत कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ता है। स्मार्ट मीटर प्रणाली को पारदर्शी एवं सुलभ बनाता है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध होती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर डिसकनेक्शन होने के उपरांत मीटर में लगे पुश बटन की मदद से बिजली चालू की जा सकती है। ऐसा करने पर 72 घंटे तक बिजली बाधित नहीं होगी। यह सुविधा महिने में एक बार उपलब्ध होगी। विभाग द्वारा खपत संबंधित भ्रांति को दूर करने लिए चेक मीटर का अधिष्ठापन भी विभिन्न जगहों पर स्मार्ट मीटर के साथ किया जा रहा है, जिससे की स्मार्ट मीटर की शुद्धता को सत्यापित किया जा सके।

# पारा मेडिकल संकाय में फ्रेशर पार्टी, बैज सेरेमनी एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजन





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम।** नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के 2024 बैच के छात्रों द्वारा वर्ष नवागत विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी, बैज सेरेमनी एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो.डॉ. नीरज कुमार द्वारा स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में समर्पण, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय कुलपति प्रो. डॉ. जगदीश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विज्ञान के विद्यार्थी समाज की सेवा एवं मानवता की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता, करुणा एवं पेशेवर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कुलसचिव के अलावा परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें अनुशासित एवं लक्ष्य केंद्रित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

बैज सेरेमनी के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान का बैज प्रदान किया गया तथा स्वास्थ्य सेवा पेशे की गरिमा बनाए रखने हेतु शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह ने विद्यार्थियों में पेशेवर उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का संचार किया।

इस अवसर पर सहायक कुलसचिव मिथिलेश कुमार सिंह, जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह, फैकल्टी ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंसेज संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अवनीश रंजन, विधि संकाय के अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता, कृषि संकाय के अधिष्ठाता सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन एनआईएएचएस के सहायक प्रोफेसर डॉ. विजय पठानिया ने किया। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ हुआ।

## कॉलेज में हंगामे के बाद प्राचार्य ने मांगी सुरक्षा, कुलपति व महिला आयोग को लिखा पत्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर(रोहतास)।** एस.एन. कॉलेज शाहमल खैरा में कुछ लोगों द्वारा हंगामा और अभद्र व्यवहार किए जाने के बाद प्राचार्य प्रो. डॉ. अजरा परवीन ने विश्वविद्यालय प्रशासन और महिला आयोग से सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने पत्र लिखकर पूरे मामले में हस्तक्षेप करते हुए आवश्यक कार्रवाई की अपील की है। प्राचार्य ने बताया कि नामांकन सत्र 2023–27 के तहत एससी, एसटी एवं अन्य वर्ग की छात्राओं का नामांकन शुल्क वापस करने में देरी को मुद्दा बनाकर कुछ तथाकथित छात्र नेता असामाजिक तत्वों के साथ कॉलेज परिसर में घुस आए और हंगामा करने लगे। इससे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हुआ।

उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने शिक्षकों से दुर्व्यवहार किया और जबरन उनके कक्ष में प्रवेश कर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए झूठे आरोप लगाए तथा धमकी दी। बीते एक माह में इस तरह की घटना तीसरी बार होने से कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारी भय के माहौल में काम कर रहे हैं। प्राचार्य के अनुसार विश्वविद्यालय के निर्देश पर कुल 785 छात्रों की शुल्क वापसी की राशि बैंक खातों में भेज दी गई है। जिन छात्रों के खाते बंद थे, उनकी राशि वापस नहीं जा सकी। बैंक द्वारा बंद खातों की सूची मिलने के बाद संबंधित छात्रों को कई बार सूचना दी गई, लेकिन खाते में सुधार नहीं कराया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग गलत तथ्यों के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे हैं, जिससे महाविद्यालय की छवि खराब हो रही है और उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। प्राचार्य ने बताया कि उन्होंने पूरे घटनाक्रम से कुलपति एवं महिला आयोग को अवगत कराते हुए सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**अररिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार,नई दिल्ली और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार,पटना के निर्देश के आलोक में आगामी 14 मार्च को अररिया सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से किया जाएगा,जिसमें अधिक से अधिक संख्या में सुलहनीय मामलों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रोहित श्रीवास्तव ने दी है। डीएलएसए के सचिव ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर वन विभाग,विद्युत विभाग,माप तौल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के साथ ही बैंक से जुड़े मामलों के निष्पादन को लेकर विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई है।उन्होंने बताया कि सुलहनीय वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने के लिए विधिक स्वयंसेवक की प्रतिनियुक्ति की गई है।प्रचार प्रसार के लिए कोर्ट परिसर सहित सार्वजनिक स्थानों पर बैनर और होर्डिंग्स लगाए गए हैं।पंचायतों में पैनल अधिवक्ताओं के द्वारा जागरूकता कैंप के मदद से ग्रामीणों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी जा रही है।

### भोजपुरी गाने पर कट्टा लहरा कर डांस करते हुए वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**अररिया।** अररिया में एक शादी समारोह में भोजपुरी गाने के धुन पर हथियार के साथ थिरकते एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो रानीगंज थाना क्षेत्र के बगुलाहा पंचायत के नगराही गांव का बताया जाता है,जिसमें दो युवक खुलेआम हथियार का प्रदर्शन करते हुए डीजे पर बजते भोजपुरी गाने पर थिरक रहा है।वायरल वीडियो में एक युवक तो थिरकते हुए खुलेआम हवाई फायरिंग करते हुए भी दिख रहा हैं। वीडियो वायरल होने के बाद सदर एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में रानीगंज थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वायरल वीडियो को लेकर कहा जा रहा है कि यह वीडियो रानीगंज थाना क्षेत्र के बगुलाहा पंचायत के नगराही का 6 फरवरी का है।गांव के मंदिर में रात में शादी समारोह था और उस शादी समारोह के दौरान डीजे की धुन पर मौजूद युवक थिरक रहे थे।इस दौरान भोजपुरी गाने के धुन पर दो युवक हवा में हथियार लहराते दिखे और एक वीडियो में एक युवक ने नाचते नाचते फायरिंग कर दी। समारोह में मौजूद किसी युवक द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर बीती रात वायरल कर दिया।

# हथियार के साथ 4 की गिरफ्तारी, तीन थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर पुलिस ने 3 अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल 4 को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1 देसी कट्टा, एक कारतूस, 10.45 ग्राम ब्राउन शुगर, 2 मोबाइल और 10,966 रुपए नगद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी की जानकारी सोमवार को एसएसपी प्रमोदा कुमार ने दी है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब, हथियार और मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए जिले में छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में 21 फरवरी को नाथगनगर थाना क्षेत्र से एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें युवक हथियार लहराते दिख रहा है। नाथनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। छापेमारी कर नाथनगर निवासी भोला मंडल उर्फ पिप्पू को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी



कट्टा बरामद किया गया।

**ब्राउन शुगर की बिक्री पर 2 की गिरफ्तारीः** इसी तरह जोगसर थाना क्षेत्र में 22 फरवरी को सूचना मिली कि शंकर टॉकिज के पास ब्राउन शुगर की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान नयन कुमार के पास से 10.45 ग्राम ब्राउन शुगर, 10,966 रुपए नगद, 2 मोबाइल और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। मौके से बाबलू कुमार और राहुल उर्फ मनीष को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार नयन कुमार पर पूर्व में भी मादक पदार्थ से जुड़े मामले दर्ज हैं।

♦ हथियार लहराकर सोशल मीडिया पर डाला था वीडियो

**गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ की जा रही हैः** वही, सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया। जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया। सुल्तानगंज थाना केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार सभी आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। इनके आपराधिक नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## डिलीवरी के बाद महिला की मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के मायागंज अस्पताल में डिलीवरी के बाद एक महिला की मौत हो गई। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने जमकर हंगामा। मृतका की पहचान मुंगेर के बरियारपुर निवासी ओमकार देव की पत्नी पूजा कुमारी(25) के तौर पर हुई है।

**बाहर से ब्लड लाकर दिया, लेकिन समय पर चढ़ाया नहीं:** पति ने बताया कि रविवार रात प्रसव पीड़ा शुरू होने पर पूजा को मायागंज में एडमिट कराया था। सुबह ऑपरेशन थियेटर लेकर गए। कुछ देर बाद किसी अन्य गंभीर मरीज के आने की बात कहकर उन्हें बाहर कर दिया गया। डॉक्टरों ने पहले नॉर्मल डिलीवरी से इनकार करते हुए ऑपरेशन की बात कही। ऑपरेशन के दौरान ज्यादा ब्लीडिंग होने से हालत बिगड़ गई। बाहर से ब्लड की व्यवस्था कर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन समय चढ़ाया नहीं। मरीज की सही तरीके से देखभाल नहीं की गई। स्ट्रेचर पर ही छोड़ दिया। लापरवाही से उसकी जान चली गई।

**लापरवाही के चलते ही मौत हुई हैः** ओमकार देव ने आगे कहा कि शुरू से ही इलाज में लापरवाही बरतनी गई। अगर समय पर सही से इलाज मिलता को मेरी पत्नी की जान बच जाती थी। अस्पताल प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### अवैध मॉडिफाइड डीजे वाहनों पर प्रशासन सख्त, लगातार चल रहा विशेष जांच अभियान

**अररिया।** राज्य सरकार एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध रूप से संचालित एवं मॉडिफाइड डीजे वाहनों के विरुद्ध जिले में परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला परिवहन पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार सज्जन के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
( आवश्यक सूचना )

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–143 दिनांक–19.01.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालीन निविदा सं0–08 / 2025–26 जिसका PR NO-022616(BCD) 2025-26 में भाग लेने वाले संबंधित संवेदकों के निविदा की जाँच की गयी। जाँचोपरांत सफल निविदाकारों, द्वारा परिमाण विपत्र में अंकित दर एक समान होने के कारण **दिनांक–27.02.2026 को 11:30** बजे अपराह्न में लॉटरी की तिथि निर्धारित की जाती है।

अतः सभी सफल निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ससमय लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नही होगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

PR- 024721 ( BCD ) 2025-26

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# प्लेटफॉर्म से ट्रैक पर गिरा यात्री

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बेगूसराय। बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर सोमवार को चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक यात्री प्लेटफार्म से रेलवे ट्रैक पर गिर गया। गनीमत रही कि यात्री ने सूझबूझ दिखाते हुए खुद को किनारे कर लिया। इस दौरान लगभग पूरी ट्रेन गुजर गई। यात्री के रेलवे ट्रैक पर गिरने के बाद आरपीएफ ने ट्रेन को रूकवाया और यात्री को ट्रेन के नीचे से निकालकर अस्पताल में एडमिट कराया। पूरे मामले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घायल युवक नगर थाना क्षेत्र के कचहरी रोड का रहने वाला सौरभ कुमार (27) है। सौरभ पटना जाने के लिए बेगूसराय स्टेशन पहुंचा था। इसी दौरान कोशी एक्सप्रेस खुलने लगी थी। इसी दौरान दौड़ कर चढ़ने के प्रयास में वह प्लेटफार्म और पटरी के बीच गिर गया।

**घायल का सदर अस्पताल में इलाज जारीः** पूरी घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि ट्रेन खुलने के बाद एक युवक दौड़कर चढ़ना चाहा, इसी बीच हुआ प्लेटफार्म के नीचे गिर गया तो मौजूद यात्री एवं आरपीएफ कर्मी दौड़े। इसके बाद हल्ला होने एवं गार्ड को सूचना देने पर ट्रेन को रोककर युवक को निकाला गया। फिलहाल उसका इलाज




सदर अस्पताल में चल रहा है। आरपीएफ निरीक्षक सह पोस्ट कमांडर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आज ट्रेन नंबर- 18625 अप कोशी एक्सप्रेस बेगूसराय स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर 9:43 बजे आई और 9:45 बजे प्रस्थान कर रही थी। तभी चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान में एक व्यक्ति ट्रेन एवं प्लेटफार्म के बीच में जा गिरा। लेकिन स्टेशन पर मौजूद कर्मी की नजर पड़ गई। इसके बाद आरपीएफ के उप निरीक्षक संजय कुमार सहनी, सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह एवं कांस्टेबल विपिन कुमार के द्वारा तत्परता से उस व्यक्ति को प्लेटफॉर्म एवं ट्रेन के बीच से खींचकर बाहर निकाला गया। जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। चोटिल युवक सौरभ कुमार को तुरंत सदर अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज चल रहा है।


बिहार सरकार

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यालय, नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)**
अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०– 09 / 2025–26
(E-Tendering on website-www.eproc2.bihar.gov.in

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक – 20.02.2026
3. निविदा कागजात अपलोड करने की तिथि / समय : दिनांक – 28.02.2026 को 10:00 बजे से। (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय : दिनांक – 07.03.2026 अपराहन 15:00 बजे तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
5. तकनीकी बीड / वित्तीय बीड खोलने की तिथि / समय : दिनांक – 09.03.2026 अपराहन 15:30 बजे से। (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
6. अग्रधन सभी मूल शपथ पत्र, Existing Commitment (मूल में), परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि / समय एवं स्थान : दिनांक– 09.03.2026 के 15:00 बजे तक।
   1. नगर कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)।
   2. कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमण्डल औरंगाबाद।
   3. अधीक्षण अभियंता, नगर विकास मगध प्रमंडल, गया।
7. कार्य का मद :– SBM, आंतरिक संसाधन

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल | Bid Processing Fee (Through Online Payment) | कार्य की समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड संख्या– 07 में बस स्टोप के पास सामुदायिक शौचालय का निर्माण | 6,54,540 | 13100 | 1250 | As Per EPROC 2.0 | 01 माह |

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा में देखा जा सकता हैं।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, रफीगंज

PR- 024753 (B & C) 2025-26

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/602, दिनांक 20.02.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई–निविदा सं.: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/53/25–26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** दमदम जंक्शन/ईएल के एमएसडीएसी ट्रैक खंड के समानांतर डीसी ट्रैक सर्किट प्रदान करके ट्रेन डिटेक्शन सिस्टम का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु.4,82,76,938.03, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.3,91,400/–, **कार्य की समापन अवधिः** 09 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 06.03.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 20.03.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 20.03.2026 को 14.30 बजे। **विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** "आउटडोर सिग्नलिंग कार्य से संबंधित किसी भी कार्य" को मौजूदा निविदा कार्य के लिए कार्य की समान प्रकृति के रूप में माना जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-411/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


# हत्या के आरोपी की इलाज के दौरान मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय में हत्या के मामले में जेल में बंद एक कैदी की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। कैदी को एक दिन पहले यानी रविवार को सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया था। मृतक सिंघौल थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के रहने वाले मोहम्मद अलीमउद्दीन का बेटा था, जिसकी पहचान मोहम्मद सदरे आलम उर्फ टुना के रूप में हुई है। सदरे आलम अपने गांव के रहने वाले मो. तारीफ की हत्या मामले में 6 महीने से बेगूसराय जेल में बंद था। मृतक के परिजनों का कहना है कि सोमवार सुबह में वह ठीक था, फिर अचानक पता नहीं क्या हो गया कि उसकी मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस मेडिकल बोर्ड की निगरानी में पोस्टमार्टम करवा रही है।

**अब जानिए, हत्या का मामला क्या थाः** सदरे आलम के खिलाफ मोहम्मद शाह आरिफ की पत्नी रोजी खातून ने मामला दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि 9 जून 2025 को सदरे आलम अपने भाई के साथ मेरे डुमरी मस्जिद टोला स्थित घर पर आया और बेटे तारीफ को बुलाकर ले गया। 11 जून तक जब मेरा बेटा घर वापस नहीं आया तो पूछने गए। इसी दौरान इन लोगों ने मेरे लड़का को छत पर से धक्का देकर नीचे गिरा दिया और इलाज के दौरान 7 जुलाई को उसकी मौत हो गई। उस समय कहा गया था कि अपने परिवार की लड़की के से प्रेम प्रसंग के कारण बंधक बनाकर पिटाई के बाद मो. तारीफ को छत पर से धक्का देकर दिया गया। तारीफ की मौत के बाद लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा मचाया था।

### टीन शेड के नीचे स्कूल का संचालन

**भागलपुर।** भागलपुर जिले में एक ओर जहां सरकारी विद्यालयों के नए भवन चमचमा रहे हैं, वहीं सबौर के शंकरपुर पंचायत स्थित नया टोला प्राथमिक विद्यालय आज भी टीन शेड के नीचे संचालित हो रहा है। यहां करीब 180 बच्चे पढ़ते है। बैठने के लिए बेंच-डेस्क तक की व्यवस्था नहीं है। सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष विपीन कुमार मंडल ने स्कूल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जर्जर व्यवस्था और संसाधनों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। बच्चों को टीन शेड के नीचे बैठकर पढ़ाई करते देख जिप अध्यक्ष ने नाराजगी जताई और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश मंडल पर मौजूद रहे। निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासनः विपिन मंडल ने कहा कि जिला परिषद फंड से भवन निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। साथ ही विभागीय स्तर पर पहल कर विद्यालय के लिए स्थायी भवन निर्माण सुनिश्चित कराया जाएगा। बच्चों की शिक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2007 में स्थापित इस विद्यालय में वर्तमान में चार शिक्षक कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षक दरी पर बैठाकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं। खुले में कक्षाएं संचालित होने के कारण बच्चों को भीषण गर्मी, बारिश और शोरगुल का सामना करना पड़ता है।







**उत्तर रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के व्यास नगर एवं काशी स्टेशनों के बीच ब्लॉक हट बी में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण, **दिनांक 26.02.2026 (गुरुवार) को 6 घंटे (09.30 बजे से 15.30 बजे तक) डिस्कनेक्शन ब्लॉक** तथा **3 घंटे 30 मिनट (15.30 बजे से 19.00 बजे तक) सम्पूर्ण ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, ट्रेनों के संचालन में नीचे उल्लेखित व्यवस्थाएँ की गई हैं: ●**नियंत्रण: (1) 13010** योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 25.02.2026) मार्ग में 3 घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(2) 13006** अमृतसर-हावड़ा मेल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 25.02.2026) मार्ग में 3 घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(3) 12381** हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.02.2026) पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 1 घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी। ●**मार्ग परिवर्तन: (1) 15734** बठिण्डा जंक्शन-बालूरघाट फरक्का एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 25.02.2026) परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जंक्शन-चुनार जंक्शन-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होकर चलेगी तथा उन्नाव, लखनऊ, हैदरगढ़, अकबरगंज, निहालगढ़, मुसाफिर खाना, सुल्तानपुर जंक्शन, लम्भुआ, कोइरीपुर, हरपालगंज, श्री कृष्ण नगर, जौनपुर सिटी, जाफराबाद जंक्शन, जलालगंज एवं वाराणसी जंक्शन में नहीं ठहरेगी। **(2) 15743** बालुरघाट-बठिण्डा जंक्शन फरक्का एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 25.02.2026) परिवर्तित मार्ग पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-चुनार जंक्शन-प्रयागराज जंक्शन-कानपुर सेंट्रल होकर चलेगी तथा वाराणसी जंक्शन, जलालगंज, जाफराबाद जंक्शन, जौनपुर जंक्शन, शाहगंज जंक्शन, मालीपुर, अकबरपुर, गोसाईंगंज, अयोध्या धाम, आयोध्या कैण्ट., सोहावल, रुदौली, दरियाबाद, बाराबंकी जंक्शन, लखनऊ एवं उन्नाव में नहीं ठहरेगी। **(3) 15668** कामाख्या-गाँधीधाम एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 25.02.2026) परिवर्तित मार्ग पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-चुनार जंक्शन-प्रयागराज जंक्शन-कानपुर सेंट्रल होकर चलेगी तथा वाराणसी जंक्शन, अयोध्या कैण्ट. एवं लखनऊ में नहीं ठहरेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### 26 अप्रैल को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का होगा जिला सम्मेलन

**आरा।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) भोजपुर इकाई का जिला सम्मेलन 26 अप्रैल को होगा। इसे लेकर जिला कार्यालय मिल रोड में तैयारी की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उमा शंकर साहू ने की। जिला सचिव सुमन जी ने सम्मेलन की तैयारियों, सदस्यता अभियान और संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह जिला सम्मेलन वर्ष 2025 की सदस्यता के आधार पर किया जाएगा। सभी संबद्ध संघों को लंबित सम्मेलन शीघ्र पूरा करने और प्रखंड कमिटियों का गठन करने का निर्देश दिया गया। सम्मेलन की तैयारी के लिए 11 सदस्यीय स्वागत समिति का गठन किया गया। स्वागत अध्यक्ष राजा राम प्रियदर्शी, स्वागत सचिव धर्म कुमार राम व सुमन जी तथा कोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू व रमेश कुमार यादव बनाए गए। अन्य सदस्यों में मनोज कुमार गुप्ता, समीर, कमलेश, शिक्षक सुशील, किसान सलाहकार मुरारी, निर्मल, रंजीत कुमार सिंह, रणधीर कुमार, अवधेश पासवान व केदारनाथ सिंह हैं। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में सदस्यता अभियान तेज करने, संपर्क अभियान चलाने और सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सहयोग राशि संग्रह करने को कहा। स्वागत समिति की अगली बैठक 1 मार्च को निर्धारित की गई है। बैठक में जानकी प्रसाद, राजा राम प्रियदर्शी, सुमन जी, धर्म कुमार, केदारनाथ सिंह, समीर, रमाकांत, सुशील कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, रमेश कुमार यादव, मुरारी, निर्मल, रामानंद सिंह, कमलेश, साहू जी व बाल मुकुंद चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जिला सम्मेलन में विभिन्न विभागों के कर्मचारी एक मंच पर जुटकर संगठन को मजबूत करते हैं।

### 210 स्वयंसेवकों एवं उनके कार्यक्रम पदाधिकारी सम्मानित

**आरा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय, बिहार एवं झारखंड के तत्वावधान में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर-2026 (एनआईसी) का रविवार को समापन हुआ। सात दिनों तक चले इस शिविर ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को जीवंत रूप दिया। यह कार्यक्रम एसपी. जैन कॉलेज में हुआ। कुलपति एवं अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर की स्मारिका का लोकार्पण किया गया। बिहार समेत विभिन्न राज्यों के कार्यक्रम पदाधिकारियों ने कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी को माला पहनाकर सम्मानित किया। समापन समारोह का शुभारंभ दिनारा विधानसभा के विधायक आलोक कुमार सिंह एवं विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार के स्वागत से हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लघु भारत का सजीव प्रतिबिंब है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे यहां से प्राप्त राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय के संदेश को अपने-अपने राज्यों के कोने-कोने तक पहुंचाएं। विधायक आलोक कुमार सिंह ने युवाओं की ऊर्जा और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव रखते हैं। एमएलसी जीवन कुमार ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शिविर में देश के 16 राज्यों- असम, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, बिहार सहित अन्य राज्यो से आए 210 स्वयंसेवकों एवं उनके कार्यक्रम पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को अंगवस्त्र प्रदान किया गया तथा स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर असम, हरियाणा, हिमाचल एवं ओड़िशा की टीमों ने अपनी पारंपरिक लोक प्रस्तुतियों से दर्शकों को झुमाया।

### विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

**बक्सर।** सोमवार को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर रविवार को शहर के बाबा नगर में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद संतोष उपाध्याय ने की। मौके पर सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्था और कार्यक्रम की सफलता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन समिति के सदस्यों को अलग- अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं, ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और भव्य रूप से संपन्न हो सके। सम्मेलन के दौरान श्रीराम कथा एवं हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कथा वाचक जगदगुरू रामानुजाचार्य आचार्य गुप्तेश्वर जी महाराज उपस्थित रहेंगे। उनके प्रवचन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वही सम्मेलन को लेकर मुहल्लों में संपर्क किया गया। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।मौके पर जिला प्रचारक अभिषेक भारती, राजेन्द्र प्रसाद, सुरेश मिश्र, रंजीत कुमार, अजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### विश्वामित्र महोत्सवः गीतों पर झूमा किला मैदान

**बक्सर।** बक्सर में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 21 फरवरी को किला मैदान में विश्वामित्र महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डीएम, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित भोजपुरी गायक भरत शर्मा एवं प्रसिद्ध लोक गायक विष्णु ओझा को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना तथा बिहार की समृद्ध परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत करते हैं। कलाकारों में पवन कुमार ने गणेश वंदना, राहुल कुमार व समूह ने राम भजन, जूही कुमारी एवं सलोनी कुमारी ने नृत्य, भावना पांडे ने भजन, अनुराधा कुमारी ने नृत्य, अभिनंदन ओझा व नीरज मिश्रा ने भजन, बारूद डांस एकेडमी ने नृत्य तथा बटेश्वर यादव ने भजन प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**आरा।** भोजपुर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहतास के रघुनाथपुर निवासी छोटू कहार के पुत्र अभिषेक कुमार (23) के तौर पर हुई है। घटना तरारी थाना क्षेत्र के धनगावां पुल के पास की है। पिता छोटू कहार ने बताया कि ट्रैक्टर लेकर घर से निकला था। रास्ते में गाड़ी पलट गई। नीचे दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर मालिक ने अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद उसे घर लाकर छोड़ दिया। इस बीच उसने दम तोड़ दिया।

**घर में मचा कोहरामः** मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो भाइयों में सबसे बड़ा था। वर्तमान में इमादपुर के बिहटा गांव में रह रहा था। परिवार में मां सीमा देवी और छोटा भाई बलवीर कुमार है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तीन घंटे तक बिजली गुल रहेगी

**आरा।** आरा में आज(23 फरवरी 2026) तीन घंटे तक बिजली कटेगी। पुलिस लाइन GIS के अंतर्गत टाउन थाना फीडर से सुबह 7:30 बजे से सुबह 10:30 तक बजे तक सप्लाई ठप रहेगी। शटडाउन के दौरान मेंटेनेंस और मेन लाइन से सट रहे पेड़ों की छंटाई की जाएगी। साथ ही क्षेत्र के सभी पोल और जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी। ताकि उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। सहायक विद्युत अभियंता ने सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। समय से अपना जरूरी काम निपटा लें।

**इन इलाकों में कटेगी बिजलीः** टाउन थाना फीडर के डीईओ ऑफिस, एसपी ऑफिस, नगर निगम, सिविल कोर्ट, एमपीबाग, बाबू बाजार, टाउन थाना, शाहिद भवन, महावीर टोला, पार्क-भय्यू के आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई बाधित रहेगी।

# अविनाश का वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में सिलेक्शन

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर के चौसा गांव निवासी अविनाश पहलवान का चयन भारतीय कुश्ती टीम के सपोर्टिंग स्टाफ के रूप में किया गया है। उन्हें यूरोप महाद्वीप के अल्बानिया में 25 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली दूसरी वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज के लिए यह जिम्मेदारी मिली है। अविनाश पहलवान वर्तमान में भारतीय सेना में कार्यरत हैं। इससे पहले, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी के रूप में देश का प्रतिनिधित्व किया है। अपने खेल जीवन में उन्होंने राज्य और देश के लिए कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में भाग लिया है।

**कई देशों में विभिन्न जिम्मेदारियों के साथ जाने का अवसर मिलाः** तीनों सेनाओं की कुश्ती टीम की ओर से उन्हें मैसेडोनिया, यूक्रेन और चीन सहित कई देशों में विभिन्न जिम्मेदारियों के साथ जाने का अवसर मिला है। इसी माह वे भारतीय टीम के साथ क्रोएशिया भी गए थे, जहां उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। अपने चयन पर अविनाश पहलवान ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, बिहार कुश्ती संघ के अध्यक्ष विशाल सिंह और सचिव विनय सिंह (बक्सर) सहित सभी वरिष्ठ भारतीय कुश्ती पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह अवसर उनके लिए गर्व का विषय है और वे पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

**इस उपलब्धि पर अविनाश पहलवान को बधाई दीः** उनकी इस उपलब्धि पर बक्सर कुश्ती संघ के सचिव विकास राज, अध्यक्ष अशोक सिंह, बिहार कुश्ती पद्धति प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष अरुण पहलवान, पप्पू शेख, बिहार अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य राजू खरवार, चौसा रोगी कल्याण समिति सदस्य चंदा चौरसिया, उपाध्यक्ष मुस्तफा जी, एडवोकेट वासिम जी और रितेश चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय निवासियों ने उन्हें बधाई दी है। उनके गृह जिले बक्सर के चौसा गांव में भी ग्रामीणों ने अविनाश की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गंगा तट विकास से बक्सर को मिलेगी नई रफ्तार : सांसद



सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर गंगा के महात्म्य से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। गंगा यहां केवल एक नदी नहीं, बल्कि आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख आधार है। गंगा के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास से ही बक्सर का तीव्र गति से विकास संभव माना जा रहा है। उक्त बातें बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने कही। बता दें कि इसी क्रम में सांसद ने अहिरौली से नाथ बाबा घाट तक गंगा तट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तट के सौंदर्यीकरण, सुविधाओं के विस्तार तथा भविष्य की विकास योजनाओं पर विशेष रूप से विचार किया गया। सांसद ने कहा कि हल्दिया घाट से वाराणसी तक जलमार्ग को सशक्त बनाने की दिशा में जेट्टी लैंडिंग प्लेटफॉर्म निर्माण की योजना प्रारंभ होने जा रही है। इस परियोजना के लिए लगभग 5 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी, जिसके लिए संभावित स्थलों का अवलोकन किया गया। इस योजना के क्रियान्वयन से बक्सर में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, पर्यटन को नई पहचान मिलेगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्राप्त होगी। गंगा तट के व्यवस्थित विकास से शहर के समग्र विकास की संभावनाएं और अधिक प्रबल होंगी।

## बंगाल में सनातन की रक्षा के लिए इस बार भगवा रंग में रंगना जरूरीः मनोज तिवारी

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**आरा।** भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड अंतर्गत सकड्डी स्थित वास्तु विहार फेस-3 टाउनशिप के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम के दौरान आयोजित होली मिलन समारोह में उन्होंने राजनीतिक टिप्पणियों के साथ-साथ अपने गीतों से भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।सांसद ने पश्चिम बंगाल के संदर्भ में कहा कि वहां "सनातन की रक्षा" के लिए इस बार भगवा रंग में रंगना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां "माटी-मानुष" को परेशान किया जा रहा है और बदलाव की आवश्यकता है। होली के गीतों के बहाने उन्होंने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव पर चुटकी लेते हुए कहा कि अब उनका जमाना लद चुका है और वे अपने परिवारिक मामलों में ही उलझे हुए हैं। भोजपुरी कलाकार खेसारी लाल यादव का नाम लेते हुए भी उन्होंने राजनीतिक अंदाज में तंज कसा। वहीं अभिनेता-गायक पवन सिंह को राज्यसभा भेजे जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव निरहुआ के बाद पवन सिंह भी संसद की शोभा बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि जब कलाकार और जनप्रतिनिधि साथ रहेंगे तो संगठन मजबूत होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भी और सशक्त होगा। कार्यक्रम के दौरान मनोज तिवारी ने मंच से होली गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। राजनीतिक संदेश और सांस्कृतिक रंग के संगम से कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

## दो बाइकों की आपस में टक्कर

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**आरा।** आरा-अरवल मार्ग पर रविवार देर रात 2 बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया। 2 युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है। बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना पवना थाना क्षेत्र की है। घायलों में एक बाइक पर सहार के हरकू टोला निवासी मनीष कुमार(18), गुलजारपुर गांव के शंकर कुमार(24) और पंकज कुमार(23) शामिल है। जबकि दूसरे बाइक पर सवार अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी गुहाड़ी सिंह(60) और उसी गांव के संतोष कुमार(45) शामिल है।

**दोनों गाड़ियों की आमने-सामने टक्करः** घायल मनीष ने बताया कि बस से अपने फाइनेंस के काम से आरा आया था। पंकज और शंकर बाइक से आरा किसी काम से आए थे। देर शाम दोनों से बाजार में अचानक मुलाकात हो गई। तीनों एक ही बाइर से गांव लौट रहे थे। जबकि दूसरे बाइक पर सवार संतोष कुमार सिंह के साथ अपने रिश्तेदार रामजी सिंह के बेटी के छेका में शामिल होने के लिए धोबहा आ रहे थे। पवना पेट्रोल पंप के पास दोनों गाड़ियों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

**2 लोगों की हालत नाजुकः** वहीं, सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर सरोज कुमार ने बताया कि हादसे में गुहाड़ी औक शंकर के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। जबकि अन्य लोगों को भी गंभीर चोट है। सभी लोगों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। 2 की हालत गंभीर बनी हुई है।

## बिहार पुलिस की पंचरत्ना ने जीता अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



♦ **खुले वाहन में हाथ में तिरंगा लिए पूरे शहर में निकला जुलूस, 75 किलोग्राम वर्ग में प्रदर्शन**

**बक्सर।** अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता और बिहार पुलिस की महिला सिपाही पंचरत्ना कुमारी का बक्सर में भव्य स्वागत किया गया। बक्सर रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। उन्हें खुले वाहन में हाथ में तिरंगा लिए पूरे शहर में गाजे-बाजे के साथ जुलूस के रूप में ले जाया गया। शहर के अंबेडकर चौक पर पंचरत्ना कुमारी ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद ज्योति चौक स्थित ज्योति प्रकाश की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। इस दौरान पूरे शहर में जश्न का माहौल देखा गया। बक्सर जिले के तियरा गांव की निवासी पंचरत्ना कुमारी ने नेपाल के लुंबिनी में आयोजित साउथ एशिया कॉम्बैट कुश्ती चैंपियनशिप 2026 में अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 75 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में दक्षिण एशिया के आठ देशों की महिला पहलवानों ने भाग लिया था। नालंदा जिला बल में कार्यरत (बैच 14–15) महिला सिपाही पंचरत्ना कुमारी ने रोमांचक और चुनौतीपूर्ण मुकाबलों में अपनी तकनीकी दक्षता, मजबूत फिटनेस और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में निर्णायक जीत दर्ज करने के बाद समापन समारोह में नेपाल सरकार के खेल मंत्री संतोष पांडे ने उन्हें स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया। ग्राम तियरा, पोस्ट मनोहरपुर, थाना राजपुर, जिला बक्सर की निवासी पंचरत्ना कुमारी एक साधारण परिवार से हैं। उनके पिता राधेश्याम प्रसाद मजदूर हैं और माता सरस्वती बौद्ध गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने यह अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। उनकी यह सफलता ग्रामीण पृष्ठभूमि की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। पंचरत्ना कुमारी की इस ऐतिहासिक सफलता से बिहार पुलिस विभाग में भी गर्व का माहौल है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।

## संस्था लगातार सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैः भुवन पांडेय



सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**आरा।** आरा में प्रेरणा फाउंडेशन द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में दो दर्जन से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना था। मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेंद्र तिवारी ने कहा कि रक्तदान जैसे इस पुनीत कार्य के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। रेड क्रॉस की सचिव विभा कुमारी ने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और इसे कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सकता। सामाजिक कार्यकर्ता रवि मिश्रा ने कहा कि संस्था लगातार सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का जीवन रक्त के अभाव में न जाए, इसके लिए संस्था के सदस्य कार्य कर रहे हैं। प्रेरणा फाउंडेशन के संस्थापक भुवन पांडेय ने स्वयं रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान करना एक महान कार्य है और इससे आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है।

## जदयू के दूसरी बार प्रखंड अध्यक्ष बने अमरीश सिंह

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी नगर पंचायत के सब्जी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी में जदयू का प्रखंड अध्यक्ष चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जदयू के कार्यकर्ताओं व सदस्यों की बैठक कर अमरीश सिंह तोमर को सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। अमरीश सिंह जदयू का प्रखंड अध्यक्ष दूसरी बार चुने गए है। कोई सदस्य विरोध नहीं किया और उनके नाम का प्रस्ताव आते ही उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने समर्थन जताया और उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष घोषित किया गया। चुनाव निर्वाची पदाधिकारी जियाउल वारसी व पर्यवेक्षक अवधेश कुमार राम के नेतृत्व में किया गया है।निर्वाची पदाधिकारी जियाउल वारसी ने कहा कि सभी प्रखंडों में अध्यक्ष का चुनाव चल रहा है लेकिन जितने शांतिपूर्ण चुनाव गड़हनी में सम्पन्न हुआ जो सराहनीय है। बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी ने अमरीश सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा तथा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष अमरीश सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का काम करेंगे।

## भाजपा क्रीड़ा मंच ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**बक्सर।** भारत मंडपम में आयोजित हो रहे विश्व एआई समिट में जिस तरह से कांग्रेस युवा प्रकोष्ठ ने समिट में घुसकर कथित रूप से तोड़फोड़ करने के विरोध में भाजपा क्रीड़ा मंच के कार्यकर्ताओं ने गोलंबर पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि इस तरह का कृत्य पूरे दुनिया में भारत के नाम को बदनाम करने का काम किया है। यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। दुनिया भर के राष्ट्रध्यक्ष हमारे अतिथि बनकर समिट में पहुंचे हैं। जिस समिट के आयोजित होने से पूरा देश गर्वित और हर्षित है वहां पर ऐसी गुंडागर्दी करना यह देश के साथ घात है। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के इस नीच कार्य के विरोध में भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ बक्सर द्वारा राहुल गांधी शर्म करो, चुल्लू भर पानी में डूब मरो, राहुल गांधी मुर्दाबाद, कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, राहुल गांधी माफी मांगों का नया लगा आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के बक्सर विधानसभा प्रभारी सह कार्यक्रम प्रभारी मनीष चौबे, हरेराम पांडेय, तुलसी मल्लाह, अरुण यादव, सिद्धार्थ पाण्डेय, सोनू चौधरी, अखिलेश मल्लाह, मोहित पांडेय, वीरेश मल्लाह, नंदलाल गुप्ता, विकास सिंह, राजन सिंह, सोनल तिवारी, कुंदन वर्मा, आकाश उपाध्याय, रोहित सिंह आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब की भट्ठियों पर पुलिस का छापा, हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट, एक आरोपी गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के सुनसान इलाकों में संचालित अवैध शराब भट्ठियों पर पुलिस ने छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान जमीन में गाड़कर छिपाकर रखी गई करीब एक हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब को नष्ट कर दिया गया, जबकि 190 लीटर तैयार शराब जब्त की गई। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि पुनपुन थाना क्षेत्र के खरीद्दीनचक और मनोरा गांव के आसपास देर रात अवैध रूप से शराब का निर्माण किया जाता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही वहां मौजूद लोग भाग निकले, हालांकि बाद में तलाशी के दौरान जमीन में गाड़कर छिपाई गई अर्धनिर्मित शराब बरामद कर ली गई। थाना प्रभारी बेबी कुमारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान जावा महुआ से तैयार की जा रही लगभग हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही 190 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ जारी है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

### पीयू छात्र संघ चुनाव, आज कैंडिडेट की फाइनल लिस्ट आएगी, हंगामे के चलते दो दिन हुआ लेट

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में आज कैंडिडेट की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। पहले यह सूची 21 फरवरी को जारी होनी थी, लेकिन पटना साइंस कॉलेज में शिक्षक के साथ दुर्व्यवहार के बाद चुनाव स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद प्रत्याशियों की मांग पर प्रशासन ने 28 फरवरी को ही चुनाव कराने का निर्णय लिया। आज सभी छात्र संगठनों के प्रत्याशियों के साथ चुनाव समिति बैठक भी करेगी। चुनाव से पहले यूनिवर्सिटी प्रशासन इस बात को स्पष्ट करना चाह रहा है कि चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटे और चुनाव मर्यादित तरीके से संपन्न हो। दूसरी ओर दुर्व्यवहार करने वाले छात्रों ने रविवार को शिक्षक को पत्र लिखकर माफी मांगी है। इसमें



मोनू कुमार, अनुज कुमार, रमेश कुमार और सन्नी कुमार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि, 'अब आगे कभी भी इस तरह की घटना नहीं होगी।' छात्रों ने पत्र में पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में आचार संहिता का पालन करने और विश्वविद्यालय की एकेडमिक और लोकतांत्रिक गरिमा के अनुरूप आचार करने का लिखित वादा किया है। इसके साथ ही छात्रों ने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए शिक्षक से किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया है। पटना सायंस कॉलेज में शनिवार को अंग्रेजी विभाग के शिक्षक प्रो शोवन चक्रवर्ती के साथ मारपीट की घटना को कुलपति प्रो. नमिता सिंह ने गंभीरता से लिया है। मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार पासवान ने बताया कि, मामले की जांच प्राचार्य स्तर पर कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी स्तर पर भी एक कमेटी बनाई गई है। घटना से नाराज पुटा की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को होगी। इसमें शिक्षक के साथ हुए दुर्व्यवहार पर चर्चा होगी। इसके बाद शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मुलाकात करेगा।

### पटना नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक, नए सिरे से होगा टैक्स एसेसमेंट और रेवन्यू कलेक्शन

**पटना।** पटना नगर निगम की 20वीं सशक्त स्थायी समिति की बैठक कल होगी। इस बैठक में निगम क्षेत्र के अंतर्गत भवनों के नए सिरे से टैक्स एसेसमेंट और रेवन्यू कलेक्शन के लिए एक नई एजेंसी का चयन किया जाएगा। इसके अलावा शहर में शौचालयों के बेहतर संचालन और रखरखाव को लेकर एक ठोस नीतिगत फैसला लिया जाएगा। पिछली बैठकों में स्वीकृत मॉडल शौचालयों के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। विशेष रूप से साल 2025 के चैती और कार्तिक छठ महापर्व के दौरान विभिन्न घाटों पर कराए गए कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति दी जाएगी। बांकीपुर अंचल के विभिन्न घाटों जैसे काली घाट, कदम घाट, मिश्री घाट और पथरी घाट पर बालू भराई, रेलिंग पेंटिंग और पहुंच पथ की मरम्मत जैसे कार्यों पर भी चर्चा होगी। कल 1 बजे मेयर के चेम्बर में आयोजित बैठक में सभी विषयों पर चर्चा होगी। शहर के विभिन्न वार्डों में नई बोरिंग और पाइपलाइन विस्तार पर बड़ा फैसला होने की उम्मीद है। वार्ड संख्या 1, 7, 22, 25, 26, 29, 42, 43, 46, 49, 52, 61 और 72 जैसे क्षेत्रों में उच्च प्रवाह वाले बोरिंग लगाने और पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के प्रस्ताव कार्यसूची में शामिल हैं। इसके अलावे कई मोहल्लों में नई सड़कों और आरसीसी नालों के निर्माण की योजना भी तैयार है।

### मैट्रिक परीक्षा, दूसरी पाली में हुआ इंग्लिश का एग्जाम, पटना में सेंटर से बाहर निकले छात्रों में झगड़ा-मारपीट

**पटना।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में आज दोनों पालियों में इंग्लिश का पेपर हुआ। दोपहर 2 बजे से प्रदेश के 1699 सेंटर्स पर दूसरी पाली की परीक्षा शुरू हुई, जो शाम 5:15 बजे तक चली। वहीं, दूसरी पाली में पटना के मिलर हाई स्कूल में परीक्षा देने के बाद मैट्रिक के छात्र बाहर निकले। वो आपस में ही झगड़ा और मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद वहां से निकल गए। इससे पहले आज सुबह पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक हुई। प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया है। इस साल 15 लाख से ज्यादा बच्चे बोर्ड 10वीं के एग्जाम दे रहे हैं। अबतक 5 पेपर्स हो चुके हैं। 25 फरवरी को परीक्षा खत्म होगी। बोर्ड की ओर से शांतिपूर्ण परीक्षा कराने को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में करीब 15.12 लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। पहली पाली में लगभग 7.58 लाख और दूसरी पाली में करीब 7.54 लाख परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा के दौरान कदाचार पर सख्ती बरती जा रही है। अब तक चार दिनों में कुल 22 परीक्षार्थियों को निष्कासित किया जा चुका है। पहले दिन 5, दूसरे दिन 6, तीसरे दिन 5 और चौथे दिन 6, पांचवे दिन 5 परीक्षार्थियों को विभिन्न जिलों से निष्कासित किया गया।

### बिहटा में ट्रैक्टर ड्राइवर ने पुलिस-परिजनों को कुचलने की कोशिश, हादसे की जांच के दौरान किया हमला

**पटना।** पटना के बिहटा में रविवार देर रात नशे में धुत ट्रैक्टर चालक ने ट्रैफिक पुलिस टीम और मृतक के परिजनों को कुचलने का प्रयास किया। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव के पास की है। इस दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मनेर थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी राजकुमार राय के रूप में हुई है। वहीं गिरफ्तार चालक आनंदपुर गांव निवासी बैधनाथ राय का पुत्र रामायण कुमार बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को पीछा कर दबोच लिया और ट्रैक्टर भी जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, करीब एक सप्ताह पहले आनंदपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई थी। उसी मामले के सत्यापन के लिए ट्रैफिक पुलिस टीम मृतकों के परिजनों के साथ घटनास्थल पर जांच कर रही थी। इसी दौरान बिहटा से मनेर की ओर जा रहा ट्रैक्टर अचानक मौके पर पहुंचा। आरोप है कि चालक नशे में था और उसने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों, मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों को रौंदने का प्रयास किया। लोग किसी तरह सड़क किनारे कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे, लेकिन राजकुमार राय ट्रैक्टर की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तुरंत बिहटा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद कुछ देर के लिए इलाके में अफरातफरी की स्थिति बन गई थी। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शराब के नशे में धुत चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया है। घायल और पुलिस की ओर से दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आईएमए बिहार का 81वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

## डॉ. दिनेश कुमार बने अवैतनिक राज्य सचिव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना** : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.) बिहार राज्य शाखा का 81वां वार्षिक अधिवेशन एवं काउंसिल मीटिंग रविवार को अमर रिसॉर्ट, मोतिहारी में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में बिहार के सभी जिलों से आए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ चिकित्सकों ने अपने-अपने जिले का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार नायक तथा विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. धनवंतरी तिवारी, डायरेक्टर (AKLSI) डॉ. अनिल पचनेकर, महासचिव डॉ. सखरी दत्ता, वित्त सचिव डॉ. पियुष जैन सहित कई पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। वैज्ञानिक सत्र का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जी.के. ठाकुर ने किया।







अधिवेशन के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए बिहार राज्य शाखा के निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। मोतिहारी के डॉ. आशुतोष शरण को राज्य अध्यक्ष, गया के डॉ. ललित मोहन सिंह को राज्य अध्यक्ष निर्वाचित, पटना के डॉ. दिनेश कुमार को अवैतनिक राज्य सचिव तथा डॉ. शिवेन्द्र कुमार सिन्हा को पुनः वित्त सचिव चुना गया। डॉ. दिनेश कुमार के अवैतनिक राज्य सचिव चुने जाने पर उपस्थित चिकित्सकों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। विभिन्न डिवीजनों से उपाध्यक्ष पद पर भी कई वरिष्ठ चिकित्सकों का चयन किया गया।

इस अवसर पर राज्य के 13 वरीय एवं प्रतिष्ठित चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए "आईएमए बिहार राज्य अध्यक्ष प्रशंसा पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। साथ ही आईएमए भागलपुर सहित कई स्थानीय शाखाओं को सर्वोत्तम शाखा के रूप में सम्मान मिला। अधिवेशन में उपस्थित चिकित्सकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

निर्वाचित पदाधिकारियों को वहाँ उपसिथित चिकित्सकों ने अपनी शुभकामनाएँ दी। शूभकमाना देने वाले चिकित्सकों में मुख्य रूप से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आई. एम. ए. " डा. सहजानन्द प्रसाद सिंह. डा. 'केप्टन वी. एस. सिंह. डा जी. के. ठाकुर, डा. सच्चिदानन्द कुमार, डॉ अजय कुमार, डॉ ललित कुमार सिंह, डा. सुनील कुमार शाही, डा. अखिलेश कुमार सिंह, डा. सुनील कुमार, डा. ब्रजनन्दन कुमार, संतोष कमार सिंह, डा. अनिल कमार सिंह, डा. उदय कमार, डा. मानवेन्द्र कुमार इत्यादि शामिल थे।

## भोपाल–धनबाद और भोपाल–चोपन के बीच नई ट्रेनें 27 फरवरी से चलेंगी

### यात्रियों को मिलेगी बड़ी सुविधा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की बढ़ती सुविधा और बेहतर रेल संपर्क सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने भोपाल, धनबाद और चोपन के बीच दो नई जोड़ी ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें पतरातू, टोरी, डालटनगंज, गढ़वा, रेणुकूट, चोपन और सिंगरौली मार्ग से होकर चलेंगी, जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

रेलवे के अनुसार भोपाल–धनबाद–भोपाल एक्सप्रेस (11631/11632) का नियमित परिचालन भोपाल से 27 फरवरी 2026 से सप्ताह में तीन दिन, सोमवार, गुरुवार और शुक्रवार को शुरू होगा। वहीं धनबाद से यह ट्रेन 1 मार्च 2026 से बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। भोपाल से चलने वाली यह ट्रेन रात 20:55 बजे रवाना होकर बीना, दमोह और कटनी मुरवाड़ा होते हुए अगले दिन सुबह सिंगरौली, चोपन, रेणुकूट, गढ़वा, डालटनगंज, टोरी और रांची रोड सहित अन्य स्टेशनों पर ठहरते हुए शाम 20:20 बजे धनबाद पहुंचेगी। वापसी में धनबाद से ट्रेन सुबह 07:20 बजे प्रस्थान कर निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 07:00 बजे भोपाल पहुंचेगी।

इसके अलावा भोपाल–चोपन–भोपाल एक्सप्रेस (11633/11634) साप्ताहिक ट्रेन के रूप में चलाई जाएगी। यह ट्रेन भोपाल से 1 मार्च 2026 से प्रत्येक रविवार को रात 20:55 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह सिंगरौली तथा करैला रोड होते हुए 10:50 बजे चोपन पहुंचेगी। चोपन से यह ट्रेन 2 मार्च 2026 से प्रत्येक सोमवार को शाम 17:10 बजे प्रस्थान कर करैला रोड और सिंगरौली सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 07:00 बजे भोपाल पहुंचेगी। रेलवे ने बताया कि दोनों नई ट्रेनों में कुल 22 आधुनिक एलएचबी कोच लगाए जाएंगे, जिनमें वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी, शयनयान और सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल रहेंगे। नई ट्रेनों के संचालन से मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश के कई शहरों के बीच यात्रा आसान होगी और यात्रियों को सीधा तथा आरामदायक विकल्प मिल सकेगा।

## 'राज्यसभा की 4 सीटें एनडीए को मिलेंगी'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने सोमवार को पटना के विद्यापति भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कई अहम मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर के ट्रस्ट में बौद्ध प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग दोहराई। अठावले ने कहा कि, 'हाल ही में वह बोधगया जाकर महाबोधि मंदिर में दर्शन किया। मंदिर का संचालन करने वाले ट्रस्ट में बौद्ध समुदाय के प्रतिनिधि होने चाहिए। दूसरे धर्म के लोगों को ट्रस्ट में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।' अठावले ने तर्क दिया कि 'यदि हिंदू मंदिरों के ट्रस्ट का नेतृत्व हिंदू करते हैं तो बौद्ध मंदिरों के ट्रस्ट का नेतृत्व भी बौद्ध समुदाय के हाथ में होना चाहिए।'

बिहार में 5 सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर उन्होंने NDA को कम से कम 4 सीटें



मिलने का दावा किया है, जबकि पांचवीं सीट पर स्थिति के अनुसार फैसले की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्यसभा चुनाव विधायकों के वोट से होता है। इसलिए विपक्ष से किसी विशेष बातचीत की जरूरत नहीं है। महाराष्ट्र में 7 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव पर बोलते हुए अठावले ने दावा किया कि महायुति (NDA) को 7 में से 6 सीटें मिलेंगी। अठावले के मुताबिक, 7 में से 4 सीटें भाजपा के खाते में जाएंगी, जबकि एक-एक सीट एकनाथ शिंदे गुट और अजित दादा पवार की एनसीपी को मिल सकती है।

## एनटीपीसी कांटी द्वारा "प्रोजेक्ट उड़ान 2.0" का शुभारंभ

### कांटी, मोतीपुर एवं मीनापुर प्रखंड के 1420 मेधावी छात्र-छात्राओं को मिलेगा शैक्षणिक सहयोग





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कांटी।** एनटीपीसी कांटी के आवासीय परिसर स्थित तरंगिनी भवन में नैगमिक सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत "प्रोजेक्ट उड़ान 2.0" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्थ केयर फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर से हुआ। यह समझौता ज्ञापन आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से संपादित किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत अर्थ केयर फाउंडेशन द्वारा चयनित विद्यार्थियों की पाठ्यक्रम शुल्क का पूर्ण वहन एनटीपीसी कांटी द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व मद से किया जाएगा। इसके तहत कांटी, मोतीपुर एवं मीनापुर प्रखंड के 1420 छात्र-छात्राओं को बिना आर्थिक बाधा के अपनी शिक्षा निरंतर जारी रखने में मदद मिलेगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के उपरांत प्रथम चरण में अर्थ केयर फाउंडेशन द्वारा चयनित 200 छात्र-छात्राओं को परियोजना से औपचारिक रूप से संबद्ध करते हुए छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में एनटीपीसी कांटी की ओर से श्री देवेश कुमार पाढ़ी , महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण), श्री उमेश कुमार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), श्री संजीत कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा नैगमिक सामाजिक दायित्व प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित रहे। अर्थ केयर फाउंडेशन की ओर से श्री अशोक कुमार सिंह (सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल) उपस्थित रहे। जीविका की ओर से सुश्री अनीशा सहित जिला, प्रखंड एवं सामुदायिक स्तर की प्रतिनिधि दीदियाँ कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।

## आईपीएस सुनील नायक को राहत, कोर्ट ने नहीं दी ट्रांजिट रिमांड, बिना वारंट गिरफ्तार करने पहुंची आंध्र पुलिस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** IPS एम. सुनील नायक को पटना सिविल कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने आंध्र प्रदेश पुलिस की ट्रांजिट रिमांड को खारिज कर दिया है। आंध्र पुलिस के पास ना गिरफ्तारी का वारंट था, न अपडेट केस डायरी। जिसके चलते कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और सीधे रिमांड को रिफ्यूज कर दिया। साथ ही साथ जो पुलिस अफसर बिना वर्दी कोर्ट पहुंचे थे, उन्हें कोर्ट ने बैठा लिया गया, इनमें आंध्र पुलिस के तीन कर्मी भी शामिल हैं। ACJM 12 के कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। IG सुनील कुमार नायक पटना सिविल कोर्ट से निकल चुके हैं। गेट के बाहर पुलिसकर्मियों ने उनका स्वागत किया। IPS एम. सुनील नायक बिहार होम होमगार्ड एंड फायर सर्विसेज में IG हैं। IG सुनील कुमार नायक के खिलाफ IPC की धारा 307 (हत्या के प्रयास) के तहत मामला दर्ज है। यह मामला आंध्र प्रदेश के नरसापुरम से पूर्व सांसद के रघुराम कृष्णा राजू से जुड़ा है।





**आंध्र प्रदेश पुलिस ने नियम का पालन नहीं किया: SP:** सेंट्रल एसपी भानु प्रताप ने बताया, 'आंध्र प्रदेश की पुलिस बिना वारंट गिरफ्तार करने पहुंची थी। इसके बावजूद भी पटना पुलिस ने विनम्रता के साथ सहयोग किया। कोर्ट में जब लाया गया तो कोर्ट ने आंध्र प्रदेश की पुलिस की अर्जी खारिज कर दी। यानी ट्रांजिट रिमांड को रिफ्यूज कर दिया। फिलहाल इसमें क्या हो सकता है, इसके बारे में विचार विमर्श किया जा रहा है।' IPS एम सुनील नायक के अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव ने बताया कि आंध्र प्रदेश की पुलिस ने नियम को ताक पर रखकर कार्रवाई की है। गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस ने दीवार फांदकर घर में घुसी थी। इसके खिलाफ हम लोग कोर्ट जाएंगे। अगले 30 दिन तक आंध्र पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है, कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है।

पूरा मामला साल 2021 का है, जब सुनील कुमार नायक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आंध्र प्रदेश में CID में तैनात थे। उस वक्त तेलुगू देशम पार्टी (TDP) के रघुरमा कृष्ण राजू आंध्र प्रदेश के नरसापुरम

**आईजी पर पूर्व सांसद की हत्या के प्रयास का केस**

से सांसद थे। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और उनकी पार्टी YSR कांग्रेस पार्टी (YSRCP) के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। इसके बाद पूर्व सांसद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और CID की टीम हैदराबाद पहुंचकर उन्हें उनके आवास से गिरफ्तार कर गुंटूर स्थित CID कार्यालय ले गई। पूर्व सांसद का आरोप है कि हिरासत के दौरान उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और सरकार के इशारे पर उन्हें जान से मारने की साजिश रची गई। उन्होंने दावा किया कि यह महज कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि सियासी रंजिश निकालने का तरीका था। के रघुराम कृष्णा राजू वर्तमान में आंध्र प्रदेश विधानसभा में डिप्टी स्पीकर हैं।

## पटना में दफादार-चौकीदार पर लाठीचार्ज, एक का सिर फटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में सोमवार को दफादार और चौकीदारों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विभिन्न जिलों से सैकड़ों की संख्या में दफादार-चौकीदार गांधी मैदान के पास जेपी गोलंबर पहुंचे। दोपहर बाद प्रदर्शन उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों ने जेपी गोलंबर पर लगाई गई बैरिकेडिंग तोड़कर डाकबंगला चौराहा की ओर बढ़ने लगे। यहां पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का मुक्की हुई। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर सबको खदेड़ दिया। लाठीचार्ज के दौरान अफरा-तफरी मच गई। इससे आरा से आए चौकीदार प्रभु के सिर में चोट लग गई। उनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मानदेय बढ़ाने, सेवा शर्तों में सुधार और कई लंबित मांगें हैं, जिसे सरकार नहीं मान रही है। हम अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी गांधी



मैदान से डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़े तो डाकबंगला चौराहे पर भारी संख्या में पुलिस बल, दंगा नियंत्रण वाहन और अतिरिक्त जवान तैनात किए गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और उन्हें आगे बढ़ने से रोका। इस दौरान हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी नहीं रुके तो पुलिस की ओर से लाठीचार्ज किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हम लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# पटना यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया स्थगित, 5 सूत्री मांगों को लेकर कुलपति से मिले

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों ने अपनी मांगें नहीं पूरी होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए आज विश्वासघात दिवस मनाया है। कर्मचारियों को आशा थी कि मांगें पूरी की जाएंगी, लेकिन दो साल पुराना एसीपी-एमएसीपी के मामलों का निपटारा किया गया। वेतन निर्धारण में जितना वेतन मिल रहा था, उससे भी कम कर वेतन निर्धारित किया गया है। मगर मांगों को पूरा करने का आश्वासन देने के बाद

**♦ छात्रसंघ चुनाव तक रुकने को कहा गया**

भी विश्वविद्यालय प्रशासन मुकर गया है। कुल 5 सूत्री मांगों को लेकर वो लोग आज प्रदर्शन भी करने वाले थे, लेकिन कुलपति से मुलाकात के बाद उन्होंने फिलहाल अपने प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है।

**योग्य कर्मचारी को पदभार दिया जाए:** कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि दिसम्बर 2024 में राज्यपाल के साथ तत्कालीन कुलपति के सामने बात हुई थी। उस समझौता पर





आजतक अमल नहीं किया गया। पिछले साल मई में हमलोगों ने प्रदर्शन किया और उस वक्त हमें आश्वासन दिया गया जो आजतक पूरा नहीं हुआ। हमारी मुख्य मांगे पदोन्नती है। वहीं, योग्य कर्मचारी को पदभार दिया जाए। कितने लोग तो पदोन्नती की आशा में रिटायर कर जा रहे हैं। मृत कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्ति नहीं मिली है। एक व्यक्ति एक पद के संबंध में शिक्षा विभाग और राजभवन द्वारा निर्गत पत्रों का अनुपालन नहीं हुआ है।

**कुलपति ने छात्र संघ चुनाव तक रुकने को कहा:** इससे कुल 500 कर्मचारी प्रभावित हैं। 2 साल से कर्माचारियों द्वारा दिया गया प्रतिवेदन अभी देखा तक नहीं गया है। कुलपति ने बातचीत के लिए बुलाया है और हमारी बात हुई है। उन्होंने कहा कि अभी छात्र संघ का चुनाव है, उसमें अभी पूरा प्रशासन काफी व्यस्त है। आए दिन कई घटनाएं भी हो रही हैं। इसलिए कुलपति ने हमसे चुनाव के बाद तक का समय मांगा है। अब हमलोग सभी कर्मचारी बैठक करके ये निर्णय लेंगे कि प्रदर्शन की तिथि कब की निर्धारित की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया मतदान, नागरिकों से की मतदान करने की अपील



**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को रांची नगर निगम चुनाव के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने संत अजय मिडिल स्कूल, दहिसोत बनहोरा स्थित मतदान केंद्र संख्या छह पर पहुंचकर वोट डाला। मतदान के बाद मंत्री ने आम जनता से निकाय चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर की सरकार चुनने का यह एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक माध्यम है और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से लोकतंत्र के इस महापर्व में घरों से निकलकर मतदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के लिए शिक्षित, अनुभवी और दूरदर्शी सोच रखने वाले ऐसे जनप्रतिनिधि का चयन करें, जो शहर को विकास की दिशा में आगे बढ़ा सके। रांची नगर निगम सहित राज्य के विभिन्न नगर निकायों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक जारी है और मतदाताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

### खदान को लेकर ग्रामीणों ने शुरू किया आंदोलन, 75 प्रतिशत स्थानीय रोजगार की मांग



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित सारंडा क्षेत्र की रांजाबुरु खदान को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आंदोलन तेज हो गया है। सोमवार की सुबह करीब 7:30 बजे दस गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुष खदान परिसर पहुंचे और कार्य बंद कर दिया। आंदोलन सारंडा विकास समिति, जामकुंडिया-दुईया के बैनर तले चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान का संचालन बिना ग्राम सभा की अनुमति और पारंपरिक मानकी-मुंडा व्यवस्था की सहमति के शुरू किया गया तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी गई। इससे पहले 21 फरवरी को दुईया पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने की। बैठक में गंगदा पंचायत के मुखिया राजू शांडिल, विभिन्न गांवों के मुंडा, डकुआ, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा, खदान का विरोध जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि रांजाबुरु खदान का संचालन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) से संबद्ध ठेका कंपनी द्वारा किया जा रहा है, लेकिन अधिकांश मजदूर बाहरी क्षेत्रों से लाए गए हैं। क्षेत्र के प्रशिक्षित चालक, ऑपरेटर और मजदूरों की अनदेखी किए जाने पर आक्रोश बढ़ा है। आंदोलनकारियों ने मांग की है कि कम से कम 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को दिया जाए। फिलहाल खदान का काम बंद है और प्रशासन के समक्ष बातचीत चल रही है।

### दुर्घटना में एक की मौत



**पूर्वी सिंहभूम।** हाता–चाईबासा मुख्य मार्ग पर सोमवार तड़के करीब चार बजे एक सड़क दुर्घटना में 58 वर्षीय आनंद महतो की मौत हो गई। वे राजनगर प्रखंड के बोनकाटी टोला जोड़टाड़ के निवासी थे। बताया जा रहा है कि वे अपने बेटे मोहित को टाटानगर रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए स्कूटी से निकले थे। मोहित ऊटी में कार्यरत है और ड्यूटी पर लौटने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहा था। घटना हेंसल स्थित छोटानागपुर कॉलेज के समीप रितिका ढाबा के पास हुई। रास्ते में सड़क किनारे खड़ी एक हाईवा से उनकी स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आनंद महतो गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। उनके साथ बैठे बेटे को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद आनंद महतो को मृत घोषित कर दिया। पिता की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि हादसे के बाद मोहित कुछ समय के लिए बेहोश हो गया था, हालांकि अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है।

### रांची निकाय चुनाव: वार्ड 18 में कांग्रेस और झामुमो नेताओं के बीच नोकझोंक, वार्ड 24 में समर्थकों के बीच झड़प



**रांची।** रांची नगर निकाय चुनाव के दौरान सोमवार को वार्ड संख्या 18 के एक मतदान केंद्र पर उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब कांग्रेस नेता राजेश गुप्ता उर्फ छोटू और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पार्षद प्रत्याशी सोमवीत माजी के बीच तीखी बहस हो गई। सुबह करीब 10:30 बजे शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते बढ़ गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस ने तत्काल दोनों नेताओं को मतदान केंद्र से बाहर कराया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई और मतदान प्रक्रिया दोबारा शुरू कराई गई। इस घटना में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के बीच भी कुछ देर तक तनाव की स्थिति बनी रही, हालांकि पुलिस की सतर्कता से हालात नियंत्रण में रहे।

**वार्ड 24 में भी हुई हंगामा-** इसी बीच वार्ड नंबर 24 स्थित जामिया हुसैनिया मतदान केंद्र पर भी दो पक्षों के समर्थकों के बीच अचानक कहासुनी के बाद झड़प हो गई। वहां तैनात सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को अलग किया और सभी को मतदान केंद्र परिसर से बाहर निकाला। प्रशासन की ओर से बताया गया कि दोनों घटनाओं के बाद स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्वक मतदान जारी है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है, जिससे कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### पूर्वी सिंहभूमः कदमा में मंदिर की दान पेटी से चोरी का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** कदमा थाना क्षेत्र स्थित रामनगर रोड नंबर 6 के श्री श्री शिव-हनुमान मंदिर से दान पेटी चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कदमा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 11,976 रुपये बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपित की पहचान लक्ष्मण जोगी उर्फ बप्पी जोगी के रूप में हुई है, जो कदमा रोड नंबर 6 का निवासी है। सोमवार को थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि 22 फरवरी की रात मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान फुटेज में लक्ष्मण जोगी की संदिग्ध गतिविधियां सामने आईं। इसके आधार पर पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की, जहां वह चोरी की रकम गिनते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उसने दान पेटी से नकदी चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार, आरोपित नशे का आदी है और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया। उस पर पूर्व में भी चोरी की घटनाओं में संलिप्त रहने का संदेह है। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है तथा उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

# झारखंड नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान शुरू, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**एजेंसी । रांची**



झारखंड नगर निकाय चुनाव के लिए आज सुबह सात बजे मतदान शुरू हो गया।। झारखंड के 48 नगर निकाय क्षेत्रों में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे है। मतदान शाम 5:00 तक चलेगा। राज्य चुनाव आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि राज्य के 4307 मतदान केंद्रों पर मतदान जारी है। इसमें 2134 संवेदनशील केंद्र और 896 अति संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। अभी तक कहीं से भी कोई अप्रिय समाचार नहीं है। पुरुष मतदाताओं की संख्या 22 11 781 और महिला मतदाताओं की संख्या 2131370 है। थर्ड जेंडर 144 मतदाता हैं। मेयर और अध्यक्ष पद के लिए 562 उम्मीदवार मैदान में हैं, वहीं 5562 उम्मीदवार वार्ड पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। सभी 6124 उम्मीदवार का राजनीतिक भविष्य शाम पांच बजे 8608 मतपेटियों में कैद हो जाएगा। इस बार राज्य के नौ नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायतों में चुनाव हो रहा है। मेयर और अध्यक्ष के 48 पदों तथा वार्ड पार्षद के 1042 पदों के लिए मतदान चल रहा। वहीं 41 वार्ड पार्षद निर्विरोध चुने जा चुके हैं, जबकि तीन वार्डो में किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। संवेदनशील और अति-संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। राज्य सरकार ने मतदान वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। मतगणना 27 फरवरी को होगी। यह चुनाव गैरदलीय आधार पर हो रहा है, यानी उम्मीदवार किसी पार्टी के सिंबल पर नहीं बल्कि व्यक्तिगत तौर पर मैदान में हैं। मतदाता मेयर और पार्षद दोनों पदों के लिए वोट डालेंगे। मेयर के लिए गुलाबी रंग का बैलेट पेपर दिया जा रहा है, जबकि पार्षद के लिए सफेद रंग का बैलेट पेपर इस्तेमाल हो रहा है। खास बात यह है कि इस बार नोटा का विकल्प उपलब्ध नहीं है।

## झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डाला वोट, नागरिकों से मतदान की अपील




**एजेंसी । रांची**



झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नगर निकाय चुनाव के तहत रांची स्थित श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद राज्यपाल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक अनिवार्य एवं सशक्त अंग है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाएं। उन्होंने नागरिकों से स्वेच्छा, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ मतदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों का चयन किया जाना चाहिए जो क्षेत्र, शहर एवं प्रदेश के समग्र विकास के प्रति संवेदनशील और प्रतिबद्ध हों। नगर निकाय चुनाव के तहत राज्यभर में मतदान जारी है और मतदाता उत्साहपूर्वक लोकतंत्र के इस पर्व में भाग ले रहे हैं।

## मूल धर्म सरना को करें सुसंगठित और मजबूत : सुखराम

**एजेंसी । खूंटी**




धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातु में सोमवार को सरना धर्म सोतोः समिति के तत्वावधान में 14 वां शाखा स्थापना दिवस सह सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरना स्थल में जेठा पहान, सनिका मुंडा, गोल्गा मुंडा और पांडु मुंडा के नेतृत्व में सिङबोंगा की विधिवत पूजा-पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा ने कहा कि धरती आबा ने जिस समृद्ध, संगठित और जागरूक समाज की परिकल्पना की थी, वह आज भी पूरी तरह साकार नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने न केवल ब्रिटिश शासन के शोषण, जुल्म और अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया, बल्कि समाज में फैली कुरीतियों, धार्मिक आडंबरों और अंधविश्वासों को दूर करने का भी प्रयास किया। उन्होंने हिंसा, बलि प्रथा और नशापान जैसी बुराइयों से दूर रहने और जादू-टोना, डाइन-बिसाही और भूत-प्रेत को मन का भ्रम बताते हुए मूल धर्म सरना को सुसंगठित करने का आह्वान किया। सुखराम मुंडा ने कहा कि जल-जंगल-जमीन के साथ धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए धरती आबा ने अपना जीवन न्योछावर किया, इसलिए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाना होगा। धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि सरना धर्म की पहचान, संरक्षण और संवर्धन के लिए सामाजिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में एकरूपता जरूरी है। उन्होंने सरना समाज के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए जातीयता और क्षेत्रीयता से ऊपर उठकर एकजुट होने पर बल दिया। कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, भैयाराम ओड़ेया, जीतनाथ पहान, धीरजु मुंडा, मंगल मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा, मनोज मंडल, किसुन राय मुंडा, मनाय मुंडा सहित अड़की, बिरबंकी कोचांग, दलभंगा, तमाड़, बुंडू, खूंटी, मुरहू और तपकारा क्षेत्र के बड़ी संख्या में सरना धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## रांची नगर निगम चुनावः पूर्व मेयर रमा खलखो और डॉ. आशा लकड़ा ने किया मतदान

**एजेंसी । रांची**






रांची नगर निगम चुनाव के तहत सोमवार को पूर्व मेयर रमा खलखो और पूर्व मेयर एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। रमा खलखो ने रांची के लोयोला कॉन्वेंट स्कूल, हिनू (एयरपोर्ट रोड) स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला। वहीं डॉ. आशा लकड़ा ने लालपुर स्थित वार्ड संख्या 10 के होली क्रॉस पब्लिक स्कूल, वर्धमान कंपाउंड के कक्ष संख्या 03 में बने बूथ पर मतदान किया। मतदान के बाद डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान कर उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने मतदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने अमूल्य वोट की ताकत को समझें और अपने मताधिकार का प्रयोग कर पारदर्शी एवं स्वच्छ प्रशासन, सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लें। नगर निगम चुनाव के तहत शहर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक जारी है और मतदाताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

## झारखंड नगर निकाय चुनावः 48 निकायों में मतदान जारी, सुबह 11 बजे तक 23 प्रतिशत मतदान

**एजेंसी । रांची**



झारखंड में नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत सोमवार सुबह सात बजे से राज्यभर में मतदान जारी है। राज्य के 48 नगर निकाय क्षेत्रों में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान प्रक्रिया शाम 5:00 बजे तक चलेगी। राज्य चुनाव आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने जानकारी दी कि सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक लगभग 23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हो रहा है और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। चुनाव को लेकर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही, वेबकास्टिंग और वीडियोग्राफी के माध्यम से मतदान प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है। इन नगर निकाय चुनावों के तहत पार्षद, अध्यक्ष और मेयर पदों के लिए मतदान हो रहा है। मतदाताओं में सुबह से ही उत्साह देखा जा रहा है और कई जगहों पर मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लगी हैं। राज्य चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाएं। चुनाव परिणामों की घोषणा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

# चाईबासा और चक्रधरपुर में दोपहर एक बजे तक 34 प्रतिशत मतदान

**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**



नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा और चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्रों में सोमवार को शांतिपूर्ण मतदान जारी है। दोपहर 01 बजे तक जारी मतदान प्रतिशत के अनुसार चक्रधरपुर नगर परिषद (खण्ड-ख) में 33.05 प्रतिशत और चाईबासा नगर परिषद (खण्ड-ख) में 34.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। दोपहर बाद मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में संचालित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल के आयुक्त रवि रंजन कुमार विक्रम ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों नगर परिषद क्षेत्रों में चल रही मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम की कार्यस्थिति, सेक्टर दंडाधिकारियों की तैनाती और प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर चाईबासा नगर परिषद क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एजाज़ अनवर, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, सहायक समाहर्ता सिद्धांत कुमार और सदर चाईबासा अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग, उपयुक्त चंदन कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने आयुक्त को अवगत कराया कि सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रत्येक मतदान केंद्र की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) कार्यालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार अब तक कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है और मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बिना किसी भय या प्रलोभन के लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

## पूर्वी सिंहभूम के मानगो, जुगसलाई और चाकुलिया में शांतिपूर्ण मतदान

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम में सोमवार को नगर निकाय चुनाव के तहत लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिल रहा है। मानगो में नगर निगम, जुगसलाई में नगर परिषद और चाकुलिया में नगर पंचायत के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में जारी है। जिला प्रशासन की ओर से सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती के साथ संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सुबह के शुरुआती घंटों में मतदान की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी रही। चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाताओं ने पहले उत्साह दिखाया, जहां शुरुआती चरण में ही 14 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। मानगो नगर निगम क्षेत्र में शुरुआत धीमी रही और पहले चरण में करीब 8 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में लगभग 11 प्रतिशत वोट पड़े। हालांकि समय बढ़ने के साथ तीनों क्षेत्रों में मतदान ने रफ्तार पकड़ ली। दोपहर तक मानगो में मतदान प्रतिशत बढ़कर लगभग 19.5 प्रतिशत पहुंच गया। जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में भी मतदाताओं की सक्रियता बढ़ी और यहां 24 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। वहीं चाकुलिया नगर पंचायत में सबसे अधिक उत्साह देखने को मिला, जहां 33 प्रतिशत से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। जुगसलाई स्थित आरपी पटेल स्कूल मतदान केंद्र पर एक मतदाता द्वारा पुलिसकर्मी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाए जाने से कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया और मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से जारी रखा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी मतदाताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा। सुबह के समय मुस्लिम बहुल इलाकों में मतदान केंद्रों पर अपेक्षाकृत कम भीड़ देखी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, रमजान के कारण सहरी के बाद लोग विश्राम कर रहे थे, जिससे शुरुआती समय में मतदान धीमा रहा। हालांकि दोपहर बाद इन इलाकों में भी मतदाताओं की संख्या तेजी से बढ़ी। डिमना रोड, दाईगुट्टू और गांधीनगर स्थित झंडा सिंह मध्य विद्यालय सहित कई बूथों पर महिलाओं और युवाओं की अच्छी भागीदारी देखी गई। जुगसलाई के गर्ल्स स्कूल मतदान केंद्र पर भी महिलाओं की लंबी कतारें उत्साह का संकेत दे रही थीं। कुल मिलाकर छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें, तो मानगो, जुगसलाई और चाकुलिया तीनों नगर निकाय क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहा है।

## झारखंड नगर निकाय चुनावः रांची में भी मतदान जारी, वरिष्ठ अधिकारियों ने किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण



**एजेंसी । रांची**

झारखंड के 48 नगर निकाय क्षेत्रों में सोमवार सुबह सात बजे से मतदान जारी है। राजधानी रांची में भी नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और विभिन्न मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लगी हैं। इसी क्रम में रांची के यातायात पुलिस अधीक्षक (एसपी) राकेश सिंह, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीन पुष्कर तथा सदर उप-मंडल अधिकारी (एसडीओ) ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विशेष रूप से संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की तैनाती, प्रवेश-निकास व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत जांच की गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि वे किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहें। साथ ही मतदाताओं की सुविधा और सुगम मतदान सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

**सतना एजेंसी।** सतना सीमेंट वर्क्स द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के अंतर्गत ग्राम पंचायत बारी कला में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पंचायत भवन परिसर में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें विभिन्न बीमारियों से ग्रसित ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया। बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की इकाई सतना सीमेंट वर्क्स समय-समय पर सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों का संचालन करती रही है। संस्था के प्रेसिडेंट श्री कौशल मिश्रा का उद्देश्य है कि सीमेंट प्लांट की प्रगति के साथ-साथ आसपास के गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो, ग्रामीण किसानों की आजीविका सुदृढ़ बने तथा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एचआर हेड श्री आर.के. गिरी एवं क्लस्टर हेड श्री रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान ग्राम बठिया कला के कुल 92 ग्रामीणों की विभिन्न रोगों की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर बिरला कॉरपोरेशन के मेडिकल ऑफिसर डॉ. तबरेज़ खीरा ने मरीजों का उपचार किया और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। शिविर के सफल आयोजन में सीएसआर विभाग के मैनेजर श्री विजय चौबे, सुश्री अनामिका सिंह तथा बिरला संस्था की सहयोगी स्वयंसेवी संस्था पैक्स का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के सुचारु संचालन एवं सफलता में स्थानीय ग्रामीणों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका भी सराहनीय रही।

### मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर फंसे लोगों को मिलेगा टोल-रिफंड

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर गैस टैंकर दुर्घटना के बाद 33 घंटे जाम में फंसे वाहन चालकों से वसूली गई टोल की राशि को वापस करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से जाम में फंसे लगभग एक लाख लोगों को लाभ मिलेगा। तीन फरवरी को एक्सप्रेस वे के खोपोली खंड पर एक गैस टैंकर के पलटने से लगभग 33 घंटे तक यातायात ठप रहा था। इस कारण कई किलोमीटर तक यातायात बाधित रहा। जाम के चलते कई वाहन चालकों और यात्रियों को पानी, भोजन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा था। दुर्घटना के बाद प्रशासन ने टोल वसूली को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया था। हालांकि, तब तक कई वाहन चालकों के फास्टैग खातों से टोल शुल्क पहले ही काटे जा चुके थे। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि टोल वसूली रोकने का आदेश जारी होने के बावजूद वाहन मालिकों से वसूल की गई पूरी राशि वापस करने का निर्णय लिया गया है। लगभग 5.16 करोड़ रुपये की यह वापसी राशि एमएसआरडीसी द्वारा भुगतान की जाएगी। यह राशि अगले कुछ दिनों में प्रभावित वाहन मालिकों के फास्टैग खातों में सीधे जमा कर दी जाएगी।

### अहमदाबाद एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने पकड़ा; पोटी से निकला 3 कैप्सूल

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद कस्टम्स विभाग ने एयरपोर्ट से एक ऐसे तस्कर को पकड़ा है, जो अबूधाबी से पेट में सोना लेकर आ रहा था। तस्कर ने 24 कैरेट का 135 ग्राम से अधिक सोना निगल रखा था। उसकी संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर कस्टम विभाग ने पकड़ा। सोने को निकालने के लिए कस्टम विभाग ने संदिग्ध को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मल त्याग के जरिए उसके पेट से 135 ग्राम सोना निकाला। स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम को देखते हुए उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद यात्री को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दरअसल, शाहरुख नामक यात्री आबूधाबी से तस्करी के उद्देश्य से 24 कैरेट शुद्धता वाला 135 ग्राम से अधिक सोना निगल रखा था। अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि यात्री ने मल त्याग के दौरान पीले रंग की तीन बेलनाकार कैप्सूल और एक गोल स्टील रंग की गेंद बाहर निकाली। चौथी गोल वस्तु कीमती धातु की नहीं पाई गई पूछताछ के दौरान शाहरूख ने भी यह स्वीकार कर लिया था कि उसने गोल्ड निगलकर अपने शरीर के भीतर छिपा रखा है।

# रमजान में मुस्लिम कर्मचारियों को शाम 4 बजे छुट्टी देने की मांग

## अबू आजमी ने सीएम को लिखा पत्र



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने रमजान के पवित्र महीने के दौरान मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों को शाम 4 बजे छुट्टी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सरकारों ने अपने मुस्लिम अधिकारियों और कर्मचारियों को रमजान में शाम 4 बजे तक कार्यालय छोड़ने की अनुमति दी है, जिससे उपवास रखने वाले लोग इफ्तार और नमाज के लिए समय निकाल सकें। अबू आजमी ने इस नीति को अन्य राज्यों के लिए एक अच्छा उदाहरण बताते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ऐसी ही व्यवस्था लागू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी।

अबू आजमी ने मीडिया से बातचीत में रमजान की खासियतों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि रमजान के दौरान मुस्लिम लोग सुबह 4-5 बजे सहर के लिए उठते हैं, भोजन करते हैं और फिर थोड़ा आराम कर जल्दी ड्यूटी पर निकल जाते हैं। इफ्तार शाम लगभग 6:30 बजे होता है और उसके एक घंटे बाद नमाज अदा की जाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुसलमानों के लिए रमजान बहुत पवित्र और महत्वपूर्ण महीना है, जिसमें रोजा रखना, इबादत करना और धार्मिक अनुष्ठान शामिल होते हैं। ऐसे में उपवास रखने वाले कर्मचारियों को शाम के समय कुछ राहत मिलनी चाहिए ताकि वे अपनी धार्मिक जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा सकें। अबू आजमी ने बताया कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में जारी आदेशों से प्रेरित होकर उन्होंने महाराष्ट्र में भी यह पहल की है। उन्होंने कहा, जब मैंने देखा कि इन राज्यों में मुस्लिम अधिकारियों को 4 बजे छुट्टी मिल रही है, तो मुझे लगा कि महाराष्ट्र में भी ऐसा होना चाहिए। इसलिए मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। यह एक अच्छी पहल होगी यदि राज्य सरकार इसे लागू करती है। उनका मानना है कि इससे मुस्लिम कर्मचारियों को धार्मिक और कार्यक्षेत्र दोनों में संतुलन बनाने में मदद मिलेगी, बिना उत्पादकता प्रभावित किए।

यह मांग ऐसे समय में आई है जब रमजान के दौरान कई राज्यों में मुस्लिम कर्मचारियों के लिए विशेष रियायतों की चर्चा हो रही है। अबू आजमी की यह अपील धार्मिक संवेदनशीलता और कार्य-जीवन संतुलन पर आधारित है। हालांकि, इस प्रस्ताव पर अभी राज्य सरकार की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। राजनीतिक हलकों में इसे लेकर बहस छिड़ सकती है, लेकिन अबू आजमी ने इसे एक सकारात्मक कदम के रूप में पेश किया है।

# गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे के पास बसेंगे 5 नए सेक्टर, एचएसवीपी का प्लान

## ● फरीदाबाद में भी सेक्टर विकसित करने की योजना




**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे के आसपास पांच नए सेक्टर विकसित करने की योजना है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की तरफ से इसके लिए तैयारी की जा रही है। जमीन से जुड़ी जानकारी को एकत्रित करके ई-भूमि पोर्टल पर डाला जाएगा। इसके बाद जमीन के अधिग्रहण या खरीदने की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा।

एचएसवीपी से मिली जानकारी के मुताबिक, मिलेनियम सिटी में सेक्टर-36ए, 37 के अलावा सेक्टर-68, 69 और 70 को विकसित करने के लिए जमीन मालिकों से जमीन ली जाएगी। इन सेक्टरों को पहले चरण में लॉन्च किया जाएगा। सेक्टर-68 से लेकर सेक्टर-70 तक सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) पर हैं।

द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम-सोहना हाईवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और दिल्ली-जयपुर हाईवे से इसकी कनेक्टिविटी पास है। सेक्टर-36ए और सेक्टर-37 द्वारका एक्सप्रेसवे के पास होगा। इसके बाद दूसरे चरण में सोहना में सेक्टर-32, 33, फर्रुखनगर में सेक्टर-तीन, पटौदी में सेक्टर-दो, तीन, चार को विकसित किया जाएगा।

एचएसवीपी के एक अधिकारी के मुताबिक, फरीदाबाद में सेक्टर-94ए, 96, 99, 101, 102, 103, 140, 141, 142 को रिहायशी सेक्टर के रूप में विकसित किया जाएगा। सेक्टर-100 को व्यावसायिक सेक्टर में रूप में विकसित करने की योजना है। इसके अलावा सेक्टर-96ए और सेक्टर-97ए को पब्लिक और सेमी पब्लिक सेक्टर के रूप में विकसित किया जाएगा।

पंचकूला के कोट बहला में सेक्टर-16, 22 और 14, पिंजोर कालका में सेक्टर-31, सोनीपत के गन्नौर में सेक्टर-सात और 13, पानीपत में सेक्टर-19ए और 40, कुरुक्षेत्र में सेक्टर-46, करनाल में सेक्टर-33 पार्ट, 34 और 35 आदि में सेक्टर विकसित करने की योजना है।

पिछले पांच साल से एचएसवीपी की तरफ से ई-नीलामी के माध्यम से प्लॉट बेचे जा रहे हैं। दो लाख रुपये से 5 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से हो रही ई-नीलामी की वजह से मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए एचएसवीपी के प्लॉट खरीदना मुश्किल हो गया है।

हरियाणा सरकार ने चार साल पहले लैंड पूलिंग स्कीम को लॉन्च किया था। इसमें जमींदार के साथ एक एकड़ (4047 वर्ग मीटर) जमीन को लेकर समझौता करने के बाद उसे व्यवसायिक सेक्टर में एक बूथ (22.68 वर्ग मीटर) दिया जाएगा। इस तरह रिहायशी सेक्टर में 1048 वर्ग मीटर साइज का प्लॉट दिया जाएगा। इस साइज में जमींदार एक, दो या तीन प्लॉट ले सकता है। जमीन में बुनियादी सुविधाएं एचएसवीपी की तरफ से मुहैया करवाई जाएंगी, लेकिन यह योजना सिरे नहीं चढ़ सकी।

# गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक चलेगी नमो भारत ट्रेन

## ● अब नोएडा एयरपोर्ट के रूट की योजना पर तेजी से काम होगा।

**गाजियाबाद, एजेंसी।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिबनडोर पर नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू होने के बाद अब नोएडा एयरपोर्ट के रूट की योजना पर तेजी से काम होगा। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन चलाई जानी है। इसकी डीपीआर केंद्र सरकार के पास है।

गाजियाबाद से जेवर तक बनने वाले कॉरिडोर की लंबाई 72.44 किलोमीटर होगी। इसमें रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के 11 स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित हैं। फिलहाल परियोजना पर करीब 20637 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। एनसीआरटीसी गाजियाबाद से जेवर कॉरिडोर की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) शासन को भेज चुका है।

प्रदेश सरकार ने डीपीआर को मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा है। एनसआरटीसी के अधिकारी ने बताया कि नमो भारत ट्रेन का परिचालन मेरठ तक शुरू हो गया है। अब नोएडा एयरपोर्ट कॉरिडोर की योजना पर जल्दी शुरू होने की उम्मीद है। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक बेहतर परिवहन व्यवस्था होनी है। इसे ध्यान में रखते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक चलने वाली नमो भारत ट्रेन की योजना पर काम शुरू होगा। जेवर एयरपोर्ट से यमुना एक्सप्रेस औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र से होकर ग्रेटर नोएडा होते हुए नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन से इसका एकीकरण कर गाजियाबाद स्टेशन से जोड़ा जाएगा। नमो भारत ट्रेन के गाजियाबाद, गाजियाबाद साउथ, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-12, सूरजपुर, अल्फा-प्रथम, इकोटेक-छह, दनकौर, यीडा नार्थ सेक्टर-18, यीडा सेंट्रल सेक्टर-21 और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्टेशन प्रस्तावित हैं। इस रूट पर कुल 25 स्टेशन होंगे। इनमें 11 स्टेशन आरआरटीएस के होंगे। शेष स्टेशन मेट्रो के होंगे। नमो भारत ट्रेन को गाजियाबाद स्टेशन से जेवर तक चलाया जाना है। इसे ध्यान में रखकर गाजियाबाद स्टेशन पर पहले से अतिरिक्त प्लेटफार्म बनाए गए हैं। जानकारों का कहना है कि गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन चलने से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। गाजियाबाद के अलावा आसपास के लोगों को भी इससे फायदा होगा।




### बेंगलुरु की झीलों पर संकट: एक में भी पीने या नहाने लायक पानी नहीं, रिपोर्ट

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के हालिया आंकड़ों बेंगलुरु शहर की एक भी झील का पानी पीने या नहाने के लायक नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, बेलंदूर और वर्थुर जैसी प्रतिष्ठित झीलें भारी प्रदूषण के कारण डी और ई श्रेणी में बनी हुई हैं। दरअसल, अप्रैल और नवंबर 2025 के बीच किए गए जल गुणवत्ता विश्लेषण के अनुसार, शहर की 147 झीलों में से एक भी झील सुरक्षित मानकों (श्रेणी ए या बी) पर खरी नहीं उतरी है। यानी इन झीलों का पानी मानवीय उपयोग तो दूर, पशुओं के लिए भी असुरक्षित हो चुका है। चौंकाने वाली बात यह है कि बेंगलुरु शहर की सबसे ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में प्रतिष्ठित झीलें भी शामिल हैं। बेंगलुरु की कई सबसे प्रसिद्ध झीलों में प्रदूषण का स्तर चिंताजनक पाया गया। अधिकांश झीलों को डी या ई श्रेणी में रखा गया, जो भारी प्रदूषण का संकेत देता है। अप्रैल में इसे ई रेटिंग दी गई थी, गर्मियों के दौरान यह थोड़े समय के लिए डी रेटिंग तक सुधरी, लेकिन नवंबर तक आते-आते यह वापस ई रेटिंग पर आ गई। अधिकांश महीनों तक डी श्रेणी में बनी रही, फिर धीरे-धीरे ई श्रेणी में आ गई। अन्य गंभीर रूप से प्रभावित झीलों में मडीवाला, काइकोंडनहल्ली, कुंडलाहल्ली और उल्सूर (सभी डी/ई श्रेणी की) शामिल हैं, जबकि सैंकी टैंक की श्रेणी डी बनी हुई है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, तेजी से शहरीकरण और अनुपचारित अपशिष्ट निर्वहन के कारण झीलें सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। माधुरी सुब्बाराओ ने कहा, बेंगलुरु की कई झीलें पारिस्थितिक पतन के कगार पर हैं।

# नहीं रहे बंगाल की राजनीति के चाणक्य, पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन

**कोलकाता, एजेंसी।** पूर्व रेल मंत्री और वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय का निधन हो गया है। उन्होंने 71 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। खास बात है कि तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल रॉय लंबे समय तक मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी रहे।



71 वर्षीय रॉय को राजधानी कोलकाता स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने रात करीब 1 बजकर 30 मिनट पर अंतिम सांस ली। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में उनके बेटे शुभ्रांशु रॉय ने कहा, वह कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना कर रहे थे। रॉय ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत बंगाल में यूथ कांग्रेस से की थी।

टीएमसी की स्थापना के बाद वह काफी समय तक बनर्जी के साथ काम करते रहे और उन्हें पार्टी का महासचिव बनाया गया। इसके बाद वह दिल्ली में टीएमसी का बड़ा चेहरा बनकर उभरे। साल 2006 में वह राज्यसभा के लिए चुने गए और साल 2009 से 2012 तक उच्च सदन में पार्टी के नेता रहे। साल 2011 के बाद जब टीएमसी सत्ता में आई, तो बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। इसके बाद रॉय लगातार पार्टी को मजबूत करते रहे। टीएमसी के तत्कालीन पार्टी महासचिव रॉय के पद पर रहते हुए बड़ी संख्या में सीपीएम और कांग्रेस नेताओं ने दल बदले थे।

रॉय ने नवंबर 2017 में टीएमसी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर ली थी। साल 2019 में जब भाजपा ने राज्य में 18 लोकसभा सीटें जीतीं, तो इसका एक श्रेय रॉय को भई दिया गया। कहा जाता है कि उन्होंने टीएमसी के कई बड़े नेताओं को भाजपा में लाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। वह साल 2021 में कृष्णनगर उत्तर सीट से भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे थे और विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। जून 2021 में उन्होंने भाजपा को अलविदा कहा और टीएमसी में लौट गए थे। 13 नवंबर 2025 को कलकत्ता हाईकोर्ट ने दल बदल विरोधी कानून के तहत रॉय को अयोग्य विधायक घोषित कर दिया था।

## नोएडा में सातवीं कक्षा की छात्रा ने जान दी, पड़ोसी पर ब्लैकमेलिंग का आरोप

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-63 थाना क्षेत्र की कॉलोनी में शनिवार रात 13 साल की नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटकी मिली। उसे अस्पताल जे जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नाबालिग के भाई ने गैर समुदाय के पड़ोसी युवक पर बहन को ब्लैकमेल करने और साथियों संग शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस की चार टीमें आरोपी को पकड़ने के लिए गठित कर दी गई हैं।

आरोपियों पर कार्रवाई न होने से नाराज हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों और लोगों ने रविवार सुबह सेंट्रल जोन में एसीपी प्रथम के दफ्तर से कुछ दूर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान नारेबाजी भी की गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी और एसीपी मौके पर पहुंचे। आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग वहां से हटे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महोबा का एक शख्स सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में पत्नी, बेटी और बेटे के साथ लंबे समय से रह रहा है। उसकी बेटी थाना क्षेत्र में ही अपनी मौसी के यहां रहकर सातवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। किशोरी के भाई का कहना है कि तीन दिन पहले उसके मां-पिता दोनों एक शादी समारोह में गांव चले गए। वह शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे डयूटी चला गया। बहन घर में अकेली थी। रात करीब आठ बजे उसने भाई को सब्जी लाने के लिए फोन किया। पौने दस बजे भाई घर पहुंचा तो दरवाजा खुला था। कमरे में जैसे ही वह दाखिल हुआ तो नाबालिग फंदे पर लटकी मिली। आरोप है कि युवक ने नाबालिग के फोटो-वीडियो मोबाइल में रखे हुए हैं। इन्हें दिखाकर वह उसे ब्लैकमेल कर दोस्तों संग संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। इससे किशोरी प्रताड़ित हो गई थी। भाई ने आरोपियों पर हत्या का आरोप लगाकर कड़ी सजा देने की मांग की है। नाबालिग के भाई का कहना है कि गैर समुदाय के पड़ोसी युवक स्कूली छात्राओं से दोस्ती करते हैं। उन्हें परेशान करते हैं और जबरन शारीरिक संबंध बनाते हैं। इसका वीडियो भी आरोपी चुपके से बना लेते हैं। फिर आरोपी साथियों संग भी संबंध बनाने का दबाव बनाते हैं।

### जेड श्रेणी की सुरक्षा के बावजूद टीएमसी विधायक की कार पर फेंका बम, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में दक्षिण 24 परगना के भांगड़ में शनिवार रात सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक शौकत मोल्ला की कार पर बम फेंका गया। तृणमूल विधायक ने आरोप लगाया कि इंडियन सेकुलर फ्रंट (आइएसएफ) कार्यकर्ताओं ने उन पर बम से हमला किया। शौकत मोल्ला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घटनास्थल से दो बम बरामद किए हैं। इस घटना में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के कैनिंग ईस्ट से तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला ने बताया कि पार्टी नेता खैरुल इस्लाम और अन्य कार्यकर्ताओं की शनिवार शाम को पिटाई की गई थी। वह घटना की शिकायत दर्ज कराने पोलारहाट थाने गए थे। लौटते समय उनकी कार पर बम फेंका गया। बम उनके पीछे खड़ी कार पर लगा, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई। उनको कोई चोट नहीं आई। जेड श्रेणी की सुरक्षा के बावजूद इस तरह के हमले से विधायक हैरान हैं। उन्होंने इस हमले के लिए आईएसएफ द्वारा संरक्षित बदमाशों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भांगड़ के आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी ने यह हमला करवाया है। वहीं, नौशाद सिद्दीकी ने कहा है कि इस घटना से उनकी पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है।

# प्रियंका गांधी राजनीति के लिए जुबिन गर्ग के अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचीं

## मुख्यमंत्री हिमंत ने साधा निशाना



**गोवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा पर जुबिन गर्ग के निधन पर राजनीति करने का आरोप लगाया। यह आरोप उन्होंने प्रियंका के जुबिन गर्ग के अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचने के दो दिन बाद लगाया। सरमा ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत में घोषणा की कि विधानसभा चुनाव समाप्त होने तक वह जुबिन गर्ग के अंत्येष्टि स्थल जुबिन क्षेत्र में नहीं जाएंगे।

उन्होंने कहा, जुबिन क्षेत्र का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाना चाहिए। प्रियंका गांधी राजनीतिक उद्देश्यों से असम आईं और अंत्येष्टि स्थल पर सिर्फ दो मिनट बिताए। सरमा ने कहा कि राजनीतिक उद्देश्यों से आने वाले किसी भी व्यक्ति को जुबिन क्षेत्र नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पिछले तीन महीनों में कई बार राज्य का दौरा करने के बावजूद वहां नहीं गए।

सरमा ने आरोप लगाते हुए कहा, प्रियंका गांधी शहीद स्मारक या डॉ. भूपेन हजारिका के स्मारक पर क्यों नहीं गईं? कांग्रेस खुलेआम जुबिन गर्ग के मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने लोगों को भावुक किया और वोट मांगे। शुक्रवार को प्रियंका ने गर्ग के अंत्येष्टि स्थल का दौरा किया और कहा कि यह दिग्गज संगीतकार असम की आत्मा की आवाज थे और वह राजनीति से ऊपर हैं। कांग्रेस नेता, जो आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों का चयन करने के लिए राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं, ने बिना मीडिया की मौजूदगी के गुवाहाटी के बाहरी इलाके सोनपुर में स्थित जुबिन क्षेत्र का अचानक दौरा किया।

प्रसिद्ध गायक जुबिन गर्ग का पिछले साल 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में निधन हो गया था। वह उत्तर पूर्व भारत महोत्सव (एनईआईएफ) के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए द्वीपीय देश में गए थे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछले साल नवंबर में जुबिन गर्ग के जन्मदिन पर लगभग 12,000 भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया था। उन्होंने कहा, किसका योगदान अधिक है - प्रियंका गांधी का, जिन्होंने दो मिनट दिए, या मेरा, जिसने 12,000 रक्तदाताओं की व्यवस्था की? लोग गर्ग के नाम का इस्तेमाल करके राजनीति कर रहे हैं। सरमा ने कहा कि जुबिन क्षेत्र बनाने के लिए जगह का चयन और सारी व्यवस्था खुद उन्होंने ही की थी। उन्होंने कहा, अगर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी में हिम्मत है, तो वे शहीद स्मारक जाकर यह स्वीकार करें कि असम आंदोलन के दौरान उनके दादा-दादी ने गुनाह किए थे। पिछले साल दिसंबर में राज्य की राजधानी में शहीद स्मारक का उद्घाटन किया गया था, जो छह साल तक चले असम आंदोलन में शहीद हुए असमिया समुदाय के 850 से अधिक लोगों की याद में बनाया गया है। सरमा ने कहा, चुनाव खत्म होने तक मैं जुबिन क्षेत्र नहीं जाऊंगा। मेरा मानना ??है कि चुनाव लड़ रहे किसी भी उम्मीदवार को वहां नहीं जाना चाहिए। गर्ग की मौत के मामले में त्वरित सुनवाई के लिए त्वरित अदालत स्थापित करने की जनता की मांग के बारे में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इस संबंध में एक षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा, जिस न्यायाधीश की अदालत में यह मामला अभी है, उन्होंने आरोपियों की तीन जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### एआई बदलेगा विकास का भविष्य

कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दुनिया आज तकनीकी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका एक सबसे अहम औजार बनने जा रही है। दिल्ली में आयोजित 'इंडिया-एआइ इम्पैक्ट समिट, 2026' में इस संदर्भ में जितने आयाम सामने आए, वे बताते हैं कि दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ केंद्रित बदलाव अब विकास की नई परिभाषा गढ़ने जा रहा है। इसमें भारत की एक अहम भूमिका होगी और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों में इसे नेतृत्वकारी भूमिका में देखा जा रहा है।गौरतलब है कि एआइ का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं है और आज विकास के क्षेत्र में समावेशी, पारदर्शी तथा जिम्मेदार सुशासन के तौर पर इसकी भूमिका का विस्तार हो रहा है। जहां तक दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन का सवाल है, इसमें स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की गई। यानी सम्मेलन में एआइ के जरिए समग्र विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की नई राह तलाशने की भूमिका बनी।पिछले कुछ वर्षों के दौरान तकनीक, चिकित्सा और अन्य उत्पादों के निर्माण तथा उपयोग में एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। विकास के लगभग सभी क्षेत्र में इसकी अहमियत जिस रूप में बनती देखी जा रही है, उसके मद्देनजर भारत ने भी अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन यह भी सच है कि फिलहाल इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की कंपनियों का वर्चस्व है। निश्चित तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी समस्या से पार तभी पाया जा सकता है, जब उसकी जटिलता को स्वीकार कर उसका सामना करने का विकल्प चुन लिया जाए। इस लिहाज से देखा जाए, तो भारत का यह रुख तकनीकी प्रतिस्पर्धा के मैदान में चुनौतियों का सामना करने की जमीन तैयार करता है कि देश एआइ से डरता नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक भलाई के लिए समृद्धि और भविष्य की संभावनाएं देखता है।

### मोतियाबिंद शिविर बना त्रासदी?

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक स्वास्थ्य शिविर में मोतियाबिंद के आपरेशन के बाद संक्रमण से नौ मरीजों की एक आंख निकालनी पड़ी और नौ अन्य की एक आंख की रोशनी चली गई। यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। इस शिविर का आयोजन एक स्थानीय निजी अस्पताल की ओर से किया गया था और यहां कई लोगों ने 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत आंख के आपरेशन कराए। प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद स्थानीय प्रशासन ने माना कि इन मामलों में गंभीर चूक हुई है।सामान्यतः चिकित्सक मरीज के मर्ज को ठीक कर उसके जीवन को बेहतर बनाता है, इसलिए उसे ईश्वर का दूसरा रूप भी कहा जाता है। ऐसे में किसी चिकित्सक या उनके सहायक की इस तरह की लापरवाही को किस तरह देखा जाएगा। यह घटना इस बात को भी उजागर करती है कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े अमले में कर्तव्य के प्रति कोताही और असंवेदनशीलता की जड़ें किस तरह गहरी होती जा रही हैं।यह घटना कोई पहला मामला नहीं है। मोतियाबिंद के आपरेशन के बाद संक्रमण से आंखों की रोशनी खत्म हो जाने के मामले देश भर में अक्सर सामने आते रहते हैं। चाहे सरकारी अस्पताल हों या निजी, इस तरह की लापरवाही अब आम बात हो गई है। गोरखपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब तीस मरीजों की आंख का आपरेशन किया गया था, जिसके बाद चौबीस घंटे के भीतर अठारह मरीजों की आंख में संक्रमण हो गया। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है?हालांकि ऐसे मामलों में स्पष्ट कानूनी प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन साफ है कि उन पर कड़ाई से अमल नहीं हो पा रहा है। अक्सर देखा गया है कि इस तरह की घटनाओं में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बजाय पीड़ित के जख्मों पर मामूली मुआवजे का मरहम लगाकर मामले को निपटा दिया जाता है, जिस कारण व्यवस्था में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का आलम जस का तस बना रहता है। जाहिर है, जब तक चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी।

*सामाजिक न्याय केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। जाति, धर्म, वर्ग और लिंग के भेद से ऊपर उठकर यदि नागरिक परस्पर सम्मान और सहयोग की भावना विकसित करें, तो सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ किया जा सकता है। शिक्षा संस्थान, नागरिक संगठन, धार्मिक और सांस्कृतिक मंच-सभी को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।*

## असमानताओं पर प्रहार, समानता का विस्तारः एक सार्थक पुकार

**(ललित गर्ग)**

आज वैश्विक स्तर पर असमानताओं की खाई कई रूपों में दिखाई देती है। एक ओर तकनीकी क्रांति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है, तो दूसरी ओर पारंपरिक श्रम-आधारित रोजगार असुरक्षित होते जा रहे हैं। डिजिटल विभाजन नई सामाजिक दूरी का कारण बन रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 20 फरवरी को मनाया जाने वाला विश्व सामाजिक न्याय दिवस आज के समय में केवल असमानताओं पर प्रहार एवं समानता के विस्तार की एक सार्थक पुकार का अंतरराष्ट्रीय आयोजन ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना का आह्वान है। वर्ष 2026 में यह दिवस विशेष महत्व ग्रहण कर रहा है, क्योंकि विश्व तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था, तकनीकी संक्रमण, जलवायु संकट, राजनीतिक ध्रूवीकरण और सामाजिक असमानताओं के बीच नई संतुलित व्यवस्था की तलाश में है। इस वर्ष की थीम समावेश को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना हमें यह याद दिलाता है कि विकास तभी सार्थक है जब वह समावेशी हो और समावेशन तभी प्रभावी है जब वह न्यायपूर्ण हो। सामाजिक न्याय का अर्थ केवल अवसरों की समानता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक व्यवस्था की स्थापना का आग्रह करता है जिसमें संसाधनों, अधिकारों और गरिमा का निष्पक्ष वितरण सुनिश्चित हो। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा की समान उपलब्धता नहीं मिलती, तब तक प्रगति अधूरी है। 2026 की थीम विशेष रूप से उन समुदायों की भागीदारी पर बल देती है जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं- चाहे वे आर्थिक रूप से वंचित हों, सामाजिक रूप से उपेक्षित हों या राजनीतिक रूप से प्रतिनिधित्व से दूर हों। समावेशन का सशक्तिकरण केवल नीतिगत घोषणा नहीं, बल्कि निर्णय-प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता का अधिकार है। आज वैश्विक स्तर पर असमानताओं की खाई कई रूपों में दिखाई देती है। एक ओर तकनीकी क्रांति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है, तो दूसरी ओर पारंपरिक श्रम-आधारित रोजगार असुरक्षित होते जा रहे हैं। डिजिटल विभाजन नई सामाजिक दूरी का कारण बन रहा है। ग्रामीण और शहरी, विकसित और विकासशील, पुरुष और महिला, सक्षम और दिव्यांग-इन सबके बीच संसाधनों की असमान पहुंच सामाजिक तनाव को जन्म देती है। ऐसे समय में सामाजिक न्याय का अर्थ है इन अंतरों को पहचानना और उन्हें पाटने के लिए लक्षित, संवेदनशील और पारदर्शी नीतियों का निर्माण करना। सम्मानजनक कार्य की अवधारणा भी सामाजिक न्याय के केंद्र में है। केवल रोजगार उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं, बल्कि ऐसा कार्य-संस्कृति बनाना आवश्यक है जिसमें उचित वेतन, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियां और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो। आर्थिक विकास तभी टिकाऊ हो सकता है जब वह मानव गरिमा के साथ जुड़ा हो। यदि विकास केवल आंकड़ों में सीमित रह जाए और आम नागरिक के जीवन में राहत न ला सके, तो वह विकास नहीं, केवल विस्तार है। मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र इस युग की अनिवार्यता बन चुका है। कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि संकट किसी भी समाज को अचानक अस्थिर कर सकता है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट और आर्थिक मंदी से निपटने के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। वृद्धजन, दिव्यांग, महिलाएं, बच्चे और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक-इन सभी के लिए संरक्षित ढांचा ही न्यायपूर्ण समाज की नींव है। भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में सामाजिक न्याय का विचार ऐतिहासिक और संवैधानिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। भारतीय संविधान ने समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों के माध्यम से एक ऐसे समाज की कल्पना की है जहां जाति, धर्म, लिंग या वर्ग के आधार पर भेदभाव न हो। आज भी सामाजिक न्याय का प्रश्न केवल आर्थिक असमानता तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक पूर्वाग्रहों, लैंगिक भेदभाव, क्षेत्रीय असंतुलन और सांस्कृतिक असमानताओं से भी जुड़ा है। समकालीन भारत में सामाजिक न्याय के संदर्भ में विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहलों के माध्यम से वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक और नशा-पीड़ित व्यक्तियों के सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। सरकार का दृष्टिकोण यह रहा है कि सामाजिक न्याय विभाजन की राजनीति नहीं, बल्कि समावेशन की नीति के माध्यम से स्थापित हो। संतुष्टिकरण बनाम तुष्टिकरण की अवधारणा इसी दिशा में एक वैचारिक संकेत है, जो समाज को जोड़ने की बात करती है। फिर भी चुनौतियां शेष हैं। महंगाई, बेरोजगारी, पर्यावरणीय संकट और बढ़ती जीवन-यापन लागत आम नागरिक के लिए वास्तविक कठिनाइयां उत्पन्न करती हैं। लोकतंत्र का उद्देश्य केवल चुनावी प्रक्रिया तक सीमित नहीं, बल्कि जनसंतोष और जनकल्याण सुनिश्चित करना है। यदि नागरिक स्वयं को असुरक्षित, असमान या उपेक्षित अनुभव करें, तो सामाजिक न्याय का आदर्श खोखला प्रतीत होने लगता है। आज आवश्यकता है कि सामाजिक न्याय को केवल राजनीतिक नारे के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक दायित्व के रूप में देखा जाए। हमने आचरण की पवित्रता एवं पारदर्शिता की बजाय कदाचरण एवं अनैतिकता की कालिमा का लोकतंत्र बना रखा है। ऐसा लगता है कि धनतंत्र एवं सत्तातंत्र ने जनतंत्र को बंदी बना रखा है। हमारी न्याय-व्यवस्था कितनी भी निष्पक्ष, भव्य और प्रभावी हो, फ्रांसिस बेकन ने ठीक कहा था कि 'यह ऐसी न्याय-व्यवस्था है जिसमें एक व्यक्ति की यंत्रणा के लिये दस अपराधी दोषमुक्त और रिहा हो सकते हैं।' रोमन दार्शनिक सिसरो ने कहा था कि 'मनुष्य का कल्याण ही सबसे बड़ा कानून है।' लेकिन हमारे देश के कानून एवं शासन व्यवस्था को देखते हुए ऐसा प्रतीत नहीं होता, आम आदमी सजा का जीवन जीने को विवश है। सामाजिक न्याय के लिए सामाजिक एकता भंग नहीं की जा सकती। शासन और प्रशासन की प्रत्येक नीति का अंतिम लक्ष्य मानव कल्याण होना चाहिए। यदि शक्ति के स्रोत जनहित में प्रयुक्त न हों, तो वे असंतोष और अविश्वास को जन्म देते हैं। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। क्या हमारा लोकतंत्र समानता का लोकतंत्र है या विभेद का? क्या हमारी स्वतंत्रता सबके लिए समान अवसर लेकर आई है या केवल कुछ वर्गों तक सीमित है? क्या हमारी नीतियां पारदर्शिता और नैतिकता पर आधारित हैं या वे जटिलता और असमानता को बढ़ा रही हैं? इन प्रश्नों का उत्तर ईमानदारी से खोजना ही इस दिवस की सार्थकता है।

## क्या है पैक्स सिलिका ? इसमें शामिल होकर भारत ने कैसे चीन को बेचैन कर दिया है?

**(नीरज कुमार दुबे)**

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि भारत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में दीर्घकालिक चक्रवृद्धि विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि यह सोच 1947 से निरंतर बनी रहती तो आज स्थिति अलग होती, लेकिन अब भी शुरुआत होने पर अगली पीढ़ियां इसका लाभ उठाएंगी। भारत ने आज अमेरिका के नेतृत्व वाली पहल पैक्स सिलिका से औपचारिक रूप से जुड़ते हुए एक अहम रणनीतिक कदम उठाया। नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अवसर पर दोनों देशों ने पैक्स सिलिका डिक्लेरेशन पर हस्ताक्षर किए। इस घोषणा का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्र में भरोसेमंद और लचीला सहयोग तंत्र विकसित करना है। हम आपको बता दें कि पैक्स सिलिका अमेरिकी विदेश विभाग का प्रमुख ढांचा है, जिसका लक्ष्य प्रौद्योगिकी और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में भरोसेमंद साझेदारों का नेटवर्क बनाना है। घोषणा पत्र में आर्थिक सुरक्षा के लिए मजबूत आपूर्ति श्रृंखला की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को दीर्घकालिक वैश्विक समृद्धि का परिवर्तनकारी साधन बताया गया है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि भारत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में दीर्घकालिक चक्रवृद्धि विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि यह सोच 1947 से निरंतर बनी रहती तो आज स्थिति अलग होती, लेकिन अब भी शुरुआत होने पर अगली पीढ़ियां इसका लाभ उठाएंगी। वैष्णव ने बताया कि भारतीय इंजीनियर उन्नत दो नैनोमीटर चिप डिजाइन पर काम कर रहे हैं। वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग को लगभग दस लाख अतिरिक्त कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होगी और भारत इस प्रतिभा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र बन सकता है। छात्रों को विश्वस्तरीय चिप डिजाइन उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जाने की बात भी उन्होंने कही। इस अवसर पर बोलते हुए भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इसे वैश्विक प्रौद्योगिकी व्यवस्था में एक निर्णायक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि भारत का संकल्प और आत्मनिर्भर मार्ग चुनने की इच्छा इस साझेदारी को विशिष्ट बनाती है। व्यापार समझौते से लेकर रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग तक दोनों देशों के बीच असीम संभावनाएं हैं। अमेरिका के आर्थिक मामलों के उप सचिव जैकब हेलबर्ग ने इसे भू राजनीतिक संदर्भ में रखा। उन्होंने कहा कि यह पहल हथियारबंद निर्भरता और दबाव आधारित आपूर्ति श्रृंखलाओं को अस्वीकार करने का संदेश है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा की तरह देखा जाना चाहिए। हम आपको बता दें कि घोषणा पत्र में ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, इजरायल, जापान, कतर, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, यूएई और ब्रिटेन जैसे देशों के हस्ताक्षर हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6013

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | 1 |
| | | 7 | 2 | | | | 8 | |
| | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | | | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | | | | | 4 | | | |
| 4 | | | | | 3 | 5 | | |
| | 3 | | | | 2 | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | | 3 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6012

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 |

## वर्ग पहेली 6013

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | | 7 | 8 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | | | ■ |
| ■ | 14 | | 15 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | 17 | 18 | ■ | 19 |
| 20 | | ■ | 21 | | | 22 | ■ |
| | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह उत्तरप्रदेश का तीसरा सबसे बड़ा शहर है जो यमुना नदी के किनारे बसा है (3)
4. संसार में सबसे अधिक सड़के इस देश में है (3)
6. संकट या विपत्ति में फंसा हुआ, विपदाग्रस्त, आभागा (5)
9. उबालकर गाढ़ा करना (3)
10. हमला करने की क्रिया, प्रहार (2)
11. प्रभाव, तासीर (3)
13. एक प्रकार का रासायनिक द्रव्य पदार्थ (3)
14. उपासना स्थल, इबादतगाह (3)
16. दन-दन शब्द करना (5)
19. शास्त्रीय संगीत की सरगम में पांचवा स्वर (1)
20. किनारा, अंतिम सिरा, सीमा (2)
21. पोशाक, विशेष प्रकार का वेश, पहनने का विशेष वस्त्र (4)
23. सर्दी में पहनने का ऊनी वस्त्र (3)
24. संबंध, नाता (2)

**ऊपर से नीचे**

1. उम्मीद, वस्तु प्राप्ति का विश्वास, भरोसा (2)
2. गहरा दुख, शोक (2)
3. नरगिस, फिरोजखान, प्रदीप कुमार अभिनीत 1967 की एक फिल्म (6)
5. सप्ताह का एक दिन (4)
7. गुथे या लिपटे हुए बालों की लट, उलझे हुए रेशे (2)
8. अक्लमंदी, बुद्धिमत्ता (3)
12. समुद्र का अपभ्रंश (4)
15. अधर, ओंठ, ओष्ठ (4)
17. सिंह, शेर, बाघ वीर एवं साहसी पुरूष (3)
18. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)
20. उम्र, अवस्था आदि की तुलना में कम, मान, विस्तार आदि में कम (2)
22. जल, आब, पंच तत्वों में से एक, पानी (3)

### वर्ग पहेली 6012 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | शो | क | च | क्र | ■ | म | ■ |
| ना | र | द | ■ | मा | न | हा | नि |
| था | ■ | ■ | अ | नु | ज | ■ | जी |
| ल | घु | ■ | ज | ग | रा | ता | ■ |
| य | म | ज | ■ | त | ना | व | ■ |
| ■ | र | ह | ना | ■ | ■ | ■ | सा |
| मी | ना | र | ■ | ■ | बै | रा | ग |
| ना | ■ | ■ | ना | दि | रा | ■ | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

### वृष
आज प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

### मिथुन
आज क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है।

### तुला
आज मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे।

### वृश्चिक
आज मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

### धनु
आज यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

### कर्क
आज वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

### सिंह
आज वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

### कन्या
आज रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूँजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें।

### मकर
आज नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

### कुंभ
आज मनोरंजक कारक दिन है। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

### मीन
आज नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

**टी-20 वर्ल्ड कप**

# इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड, ऐसा है पिछले 5 मैचों का परफॉर्मेंस

**कोलंबो (एजेंसी)।** इंग्लैंड और पाकिस्तान मंगलवार को आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के अपने-अपने दूसरे सुपर एट्स मुकाबले में स्पिन के दबदबे वाले मैच के लिए तैयार हैं। पिच से स्लो बॉलर्स को मदद मिलने की उम्मीद है। 2022 के चैंपियन इंग्लैंड ने अभी तक अपनी पूरी क्षमता नहीं दिखाई है, लेकिन सुपर 8 में वह अब तक हारा नहीं है। डिफेंडिंग टीम ने श्रीलंका पर 51 रन की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। इस जीत से उनके नेट रन रेट में काफी सुधार हुआ और वे ग्रुप स्टैंडिंग में टॉप पर पहुंच गए।

इंग्लैंड को कंडीशंस की जानकारी होने का भी फायदा है। उन्होंने हाल ही में इस महीने की शुरुआत में इसी जगह पर तीन मैचों की टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया था और इससे पहले उन्होंने हाल ही में खत्म हुए सुपर 8 मैच में श्रीलंका को हराया था, जिससे उन्हें मुकाबले से पहले साइकोलॉजिकल बढ़त मिली है। इस बीच पाकिस्तान अलग-अलग तरह के स्पिन अटैक के साथ पिच के धीमे नेचर का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। टीम के पास उस्मान तारिक का शानदार मिस्ट्री स्पिन है जिसे सैम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे टैलेंटेड गेंदबाज़ों का साथ मिला है।

कुल मिलाकर पाकिस्तानी गेंदबाज इंग्लैंड की बैटिंग लाइनअप के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकते हैं, खासकर इसलिए क्योंकि खेल के आखिरी स्टेज में पिच और धीमी होने की संभावना है। गेंदबाजों के पक्ष में हालात होने के कारण यह मुकाबला एक टैक्टिकल लड़ाई होने की उम्मीद है, जिसमें स्पिन की महारत नतीजा तय कर सकती है।



**इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड**

कुल मैच - 31
इंग्लैंड - 21 जीत
पाकिस्तान - 9 जीत
कोई नतीजा नहीं - एक

**पिछले 5 मैचों में दोनों टीमों का प्रदर्शन**

इंग्लैंड - 4 जीत
पाकिस्तान - 3 जीत

**टीम**

**इंग्लैंड** - हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल सॉल्ट, जैकब बेथेल, सैम करन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टंग, ल्यूक वुड।

**पाकिस्तान** - सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

## जब आप ज्यादा स्मार्ट बनते हैं, अक्षर पटेल को ड्रॉप करने पर आजिंक्य रहाणे ने जमकर सुनाया



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बीते 22 फरवरी को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर 8 का मुकाबला खेला गया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए इस मैच में साउथ अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हरा दिया। इस मैच में टीम इंडिया ने एक बहुत बड़ा बदलाव किया था। उपकप्तान अक्षर पटेल को प्लेइंग 11 से ड्रॉप कर दिया गया था जबकि उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया गया था। भारत का यह मूव उनको बैकफायर कर गया। सुंदर मुकाबले में पूरी तरह से फ्लॉप रहे। इतने बड़े मैच में अक्षर को ड्रॉप करने पर अब भारतीय टीम मैनेजमेंट की जमकर आलोचना हो रही है। इसी मामले पर भारतीय दिग्गज अजिंक्य रहाणे ने भी बड़ा बयान दिया है।

### शानदार गेंदबाजी कर रहे अक्षर

अक्षर पटेल ने अब तक इस वर्ल्ड कप में अच्छी गेंदबाजी की है। उन्होंने 3 मैचों में 6 विकेट लिए हैं। इसके अलावा बैटिंग में पटेल को उतना मौका नहीं मिला। अक्षर तूफानी अंदाज से बैटिंग भी करना जानते हैं, यह हमने कई बार देखा है। इसके अलावा अक्षर पटेल अनुभवी खिलाड़ी हैं और टीम के उपकप्तान भी। वह बतौर लीडर भी खेल में योगदान दे सकते थे। भारत जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में उनको वापस प्लेइंग 11 में लाने की जरूर सोच सकता है।

**वैभव सूर्यवंशी के लिए बिहार सरकार ने खोला खजाना**

# 19 वर्ल्ड कप जीत के बाद मिला 50 लाख का इनाम

**पटना (एजेंसी)।** अंडर-19 विश्वकप 2026 के फाइनल में 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर भारत को खिताब दिलाने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को बिहार सरकार ने बड़ा सम्मान दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को उन्हें 50 लाख रुपये का चेक और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे।

**बिहार के लिए गौरव का क्षण-** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से बिहार और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा, अंडर-19 विश्वकप में भारत की जीत में बिहार के इस खिलाड़ी की अहम भूमिका रही है। वैभव राज्य के बच्चों के लिए प्रेरणा हैं। हमें उम्मीद है कि वे आगे भी ऐसे ही प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।




**टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय-** वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 विश्वकप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे।

**7 मैचों में 439 रन**

औसत 62.71
स्ट्राइक रेट 169.50
1 शतक और 3 अर्धशतक
41 चौके और 30 छक्के

उनका प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार रहा और उन्होंने कई मैचों में टीम को जीत दिलाई।

**ऐतिहासिक पारी**

फाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड अंडर-19 टीम को 100 रन से हराया। इस मैच में वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन की विस्फोटक पारी खेली।

# 'हार गए लेकिन वापसी करेंगे'

**सुपर-8 में शिकस्त के बाद बीसीसीआई का टीम इंडिया पर भरोसा कायम**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने टीम पर पूरा भरोसा जताया है और कहा है कि टीम इंडिया मजबूती से वापसी करेगी।

- **दक्षिण अफ्रीका का दमदार प्रदर्शन-** दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। शुरुआत में 20 रन पर 3 विकेट गंवाने के बावजूद टीम ने शानदार वापसी की। डेविड मिलर (35 गेंदों पर 63 रन) और डेवाल्ड ब्रेविस (45 रन) के बीच 97 रन की साझेदारी ने पारी को संभाला। अंत में ट्रिस्टन स्टब्स की तेज पारी ने स्कोर को मजबूत स्थिति तक पहुंचाया।

**जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो मुकाबले से पहले सूर्यकुमार का बड़ा बयान**

# उम्मीद है हम अच्छी बल्लेबाजी करेंगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका से 76 रन की हार झेलने के बाद टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साफ कहा है कि एक हार से टीम अपनी खेलने की शैली नहीं बदलेगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मिली इस बड़ी शिकस्त के बाद भारत का नेट रन रेट काफी गिर गया है और अब सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई है। टीम अब चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ 'करो या मरो' मुकाबला खेलेगी।

**वही ब्रांड, कुछ नहीं बदलेगा** - मैच के बाद प्रस्तुति समारोह में सूर्यकुमार ने कहा- उम्मीद है हम अच्छी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग करेंगे। चीजें सरल रखेंगे और वही ब्रांड का क्रिकेट खेलेंगे जो हम खेलना चाहते हैं। एक मैच से कुछ नहीं बदलता। हम मजबूत वापसी करेंगे।



**पावरप्ले में हार गई टीम इंडिया?**

भारत 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 111 रन पर ऑलआउट हो गया। सूर्यकुमार ने माना कि पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा आक्रामक रवैया भारी पड़ गया।

उन्होंने कहा कि 180-185 रन के लक्ष्य का पीछा करते समय मैच पावरप्ले में जीता नहीं जा सकता, लेकिन वहीं हारा जरूर जा सकता है। शुरुआती ओवरों में ज्यादा विकेट गिरने से टीम छोटी-छोटी साझेदारियां नहीं बना सकी, जो बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए जरूरी थीं। -

**प्लेइंग इलेवन में हो सकते हैं बदलाव** - हार के बाद कोचिंग स्टाफ-रयान टेन डोशेटे और सितांशु कोटक- ने संकेत दिए हैं ।

## फ़ीडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप 2027 फिर वाइसेनहाउस में होगी

**हैम्बर्ग, जर्मनी (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फ़ीडे) और फ्रीस्टाइल शतरंज संगठन के बीच हुए समझौते के अनुसार वर्ष 2027 की फिडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप एक बार फिर जर्मनी के वाइसेनहाउस में आयोजित की जाएगी। वर्ष 2026 में पहली बार आधिकारिक रूप से आयोजित इस प्रतियोगिता की सफलता के बाद इसे उसी स्थल पर दोबारा कराने का निर्णय लिया गया है। महिला फ़ीडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप फरवरी 2027 के पहले सप्ताहांत में तीन दिनों तक खेली जाएगी, जबकि ओपन वर्ग की फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप फरवरी के दूसरे सप्ताहांत में आयोजित होगी। दोनों प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय शतरंज कैलेंडर के अनुरूप निर्धारित किया गया है। वर्ष 2026 में मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) ने खिताब जीता है और फाइनल में फैबियानो कारुआना (अमेरिका) को पराजित किया था। दोनों खिलाड़ी 2027 संस्करण के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। तीसरे स्थान पर रहे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव (उज़्बेकिस्तान) को भी सीधा प्रवेश मिला है। महिला वर्ग में 2026 के प्रदर्शनी मुकाबले की विजेता बिबिसारा अस्साउबायेवा (कज़ाख़स्तान) ने 2027 महिला विश्व चैम्पियनशिप के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। फ़ीडे अध्यक्ष अर्कादी द्वोरकोविच ने कहा कि वाइसेनहाउस में लगातार आयोजन से इस प्रारूप को स्थिरता और संस्थागत मजबूती मिलेगी। आयोजकों के अनुसार यह निर्णय फ्रीस्टाइल शतरंज को विश्व चैम्पियनशिप संरचना में स्थायी पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। क्वालीफिकेशन चक्र का अगला चरण अप्रैल 2026 में जर्मनी में आयोजित होने वाला ग्रेंके फ्रीस्टाइल शतरंज ओपन होगा, जिसे पहली बार आधिकारिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता का दर्जा दिया गया है। देखना होगा की क्या भारत से कोई खिलाड़ी अगले वर्ष विश्व खिताब की दौड़ में शामिल होगा ।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

# जम्मू-कश्मीर के सामने स्टार खिलाड़ियों से सजी कर्नाटक की बड़ी चुनौती

**हब्बल्ली (एजेंसी)।** 67 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की टीम की कहानी संघर्ष और जुनून से भरी है। लेकिन खिताब जीतने के लिए उसे आठ बार की चैंपियन कर्नाटक क्रिकेट टीम के खिलाफ बड़ा चमत्कार करना होगा। मुकाबला मंगलवार से केएससीए स्टेडियम में शुरू होगा।



### कर्नाटक क्यों है प्रबल दावेदार?

कर्नाटक को फेवरेट सिर्फ उसके इतिहास की वजह से नहीं माना जा रहा, बल्कि इस सीजन में उसके लगातार शानदार प्रदर्शन ने यह तमगा दिलाया है। राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ धीमी शुरुआत के बाद टीम ने शानदार वापसी की।

**जम्मू-कश्मीर की गेंदबाजी बनेगी असली परीक्षा** - जम्मू एण्ड कश्मीर क्रिकेट टीम के लिए सबसे बड़ी ताकत उनकी गेंदबाजी है, जिसकी अगुवाई तेज गेंदबाज आकिब नबी कर रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में 55 विकेट लिए हैं। शुरुआती दिनों में पिच से तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है, जो मुकाबले को रोचक बना सकती है।

- **कर्नाटक की गेंदबाजी भी कम नहीं** - कर्नाटक की गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा कर रहे हैं। उनके साथ विद्वथ कावेरप्पा, विद्याधर पाटिल, व्यासख विजयकुमार और शिखर शेट्टी ने भी सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है।
- **श्रेयस गोपाल - टीम के संकटमोचक** - इस सीजन में एक खिलाड़ी सबसे अलग नजर आए हैं श्रेयल गोपाल लेग स्पिनर गोपाल ने 46 विकेट लेने के साथ 442 रन भी बनाए हैं। ऑलराउंड प्रदर्शन से उन्होंने कई मौकों पर टीम को मुश्किल से उबारा है। पूर्व कप्तान आर विनय कुमार ने भी उनके प्रदर्शन की जमकर तारीफ की है।
- **बड़े मैच का अनुभव कर्नाटक के पास** - राहुल, करुण, श्रेयस और मयंक 2013-14 और 2014-15 में रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। बड़े मैचों का अनुभव कर्नाटक के लिए बड़ा प्लस प्वाइंट है। वहीं जम्मू-कश्मीर के पास कप्तान पारस डोगरा का अनुभव है।

## कतर ओपन 2026- कार्लोस अल्काराज ने 50 मिनट में जीता खिताब

**दोहा (एजेंसी)।** विश्व नंबर एक टेनिस स्टार कार्लेस अल्काराज ने कतर ओपन 2026 के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्थर फिल्स को एकतरफा मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला महज 50 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज़ पूरी तरह हावी रहे।

**2026 में जीत का अटूट सिलसिला** - इस जीत के साथ ही अल्काराज़ ने 2026 में लगातार 12 मैच जीतने का रिकॉर्ड कायम रखा है। इससे पहले वह इस साल आस्ट्रेलियन ओपन का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर उन्होंने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था और चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। उस ऐतिहासिक उपलब्धि के महज 20 दिन बाद उन्होंने दोहा में एक और ट्रॉफी जोड़ ली।

**टूर खिताबों की संख्या पहुंची 26** - दोहा में खिताब जीतने के साथ ही अल्काराज़ के करियर के टूर-स्तरीय खिताबों की संख्या अब 26 हो गई है। फाइनल में उन्होंने आक्रामक सर्विस, सटीक ग्राउंड



स्ट्रोक और बेहतरीन मूवमेंट का प्रदर्शन किया, जिससे फिल्स को वापसी का कोई मौका नहीं मिला।

**अल्काराज़ ने क्या कहा** - खिताब जीतने के बाद अल्काराज़ ने कहा- साल की शुरुआत वाकई बहुत शानदार रही है। मैं अपने खेल से बेहद खुश हूं और इसी लय को आगे भी बरकरार रखना चाहता हूं।

**आईपीएल 2026**

# धोनी सीएसके के लिए कुछ मैच खेलेंगे

**रिपोर्ट में दावा- सभी मैच खेलेंगे या नहीं, टूर्नामेंट के समय तय किया जाएगा**

**चेन्नई (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 के सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। धोनी इस साल जुलाई में 45 साल के हो जाएंगे। सीएसके के मैनेजमेंट ने उनकी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है, लेकिन वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए वे कुछ मैचों से ब्रेक ले सकते हैं। सीएसके के एक टॉप सोर्स के हवाले से मीडिया ने बताया, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि धोनी चेन्नई आ रहे हैं और उन्होंने इस सीजन के लिए अपनी उपलब्धता स्पष्ट कर दी है। वे सभी मैच खेलेंगे या नहीं, यह फिलहाल कहना मुश्किल है।

- **संजू सैमसन के आने से विकेटकीपिंग का विकल्प खुला-** इस बार चेन्नई सुपर किंग्स के स्क्वाड में संजू सैमसन की एंट्री हुई है। सैमसन के आने से टीम के पास विकेटकीपिंग के मजबूत विकल्प मौजूद हैं। मैनेजमेंट की योजना है कि जिन मैचों में धोनी को आराम दिया जाएगा, वहां सैमसन ग्लव्ज संभालेंगे। धोनी पिछले कुछ समय से घुटने और पीठ की समस्या से जूझते रहे हैं। ऐसे में 45 की उम्र में हर मैच में विकेटकीपिंग करना उनके शरीर के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। संजू के अलावा टीम में टीम में उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा विकेटकीपर के तौर पर शामिल है। कार्तिक को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्हें शिवम दुबे के साथ फिनिशर के रूप में तैयार किया जा रहा है।




- **इम्पैक्ट प्लेयर रूल का मिल सकता है फायदा-** पिछले सीजन की तरह इस बार भी धोनी इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नजर आ सकते हैं। वे निचले क्रम में आकर फिनिशर की भूमिका निभाते रहे हैं। फिट रहने के लिए उन्होंने अपनी बैटिंग को कुछ खास ओवरों तक ही सीमित रखा है। टीम मैनेजमेंट चाहता है कि धोनी मैदान पर रहें, भले ही वे सिर्फ आखिरी के कुछ ओवरों में बैटिंग करें या मेंटर की तरह टीम को गाइड करें।
- **चेपॉक के हर होम गेम में दिखने की उम्मीद-** धोनी का चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और वहां के फैंस के साथ एक इमोशनल रिश्ता है। सूत्रों का कहना है कि धोनी कोशिश करेंगे कि वे चेन्नई में होने वाले सभी होम मैच जरूर खेलें। फैंस के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी वैसी ही है और उनके मैदान पर कदम रखते ही पूरा स्टेडियम 'धोनी-धोनी' के नारों से गूंज उठता है। टीम में उर्वील पटेल और कार्तिक शर्मा जैसे युवा विकेटकीपर भी शामिल हैं, जो बैकअप के तौर पर तैयार रहेंगे।
- **पिछले आईपीएल मैच के दौरान संन्यास की हुई थी चर्चा-** पिछले आईपीएल सीजन में जब उनके पेरेंट्स स्टेडियम में मैच देखने पहुंचे तो उनके संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी। पेरेंट्स के साथ उनकी पत्नी साक्षी और बेटी जीवा भी थी। मैच के बाद सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि धोनी के संन्यास के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। धोनी के पेरेंट्स 20 साल बाद उनका कोई मैच देखने पहुंचे थे। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2007 में कप्तान बनकर उन्होंने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया।

## न्यूज बाइट्स

### भारी हंगामे के बीच हसपुरा में जदयू का सांगठनिक चुनाव संपन्न

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को ईंटवां पंचायत के उचित विगहा मोड़ स्थित एक निजी हॉल में सांगठनिक चुनाव आयोजित किया गया। चुनावी प्रक्रिया के दौरान नामांकन रद्द किए जाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ, हालांकि अंततः अरूण प्रसाद सिंह को निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। बैठक में पार्टी के सक्रिय सदस्यों के बीच चुनावी प्रक्रिया में सामाजिक संतुलन बनाए रखने को लेकर चर्चा हुई। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी विद्यानंद सिंह एवं पर्यवेक्षक जितेंद्र शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को चुनाव की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके बाद मुखिया गोपाल सिंह, चंद्रेश पटेल और अरूण प्रसाद सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया।का दौर जारी है।

### राम जन्मोत्सव की तैयारी को ले हुई बैठक

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** मदनपुर स्थित धर्मशाला के प्रांगण में अगामी राम जन्मोसव को लेकर सोमवार को महा रामनवमी समिति की बैठक सामाजिक कार्यकर्ता सह विश्व हिन्दू परिषद् के आजीवन हित चिंतक जितेंद्र सिंह परमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में परमार उर्फ भैयाजी ने कहा कि इस बार की राम जन्मोत्सव की शोभा यात्रा भव्य, दिव्य एवं अलौकिक होगी। सभी कार्यकर्ता तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग करेंगे। आम सहमति से एक संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें उमगा शक्ति पीठ के पुजारी बाल मुकुंद पाठक को प्रधान संरक्षक बनाया गया। संरक्षक मंडल में जितेन्द्र सिंह परमार, अर्जुन चौघरी, महेश साव, डॉ. संत प्रसाद, विनोद मिश्रा, उमा शंकर सिंह, नवीन पाठक, रामपुकार सिंह हरिओम्, गोपाल सिंह, बैजनाथ प्रसाददेव को रखा गया । अध्यक्ष पद के लिए ज्ञानदत्त पांडेय, कार्याध्यक्ष सुरेन्द प्रसाद, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, संदीप कुमार उर्फ लड्डू, देव नारायण प्रजापति, दिलीप कुमार गुप्ता एवं विशाल कुपार को बनाया गया। वहीं महा मंत्री जयशंकर शर्मा, संयुक्त महामंत्री राणा आशुतोष कुमार सिंह को बनाया गया।

एक साल में भूमि अधिग्रहण पूरा करने का लक्ष्य

# बिहटा-औरंगाबाद रेल परियोजना की सभी प्रक्रियाएं हुई पूरी

- हैदराबाद की एसए इंफ्रा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जल्द भूमि अधिग्रहण शुरू करेगी।
- प्रगति की जानकारी के लिए संघर्ष समिति के संयोजक अजय कुमार ने मुख्य अभियंता अनिल कुमार से मुलाकात की।
- समिति ने चेतावनी दी—समय पर काम नहीं हुआ तो बिहटा ट्रैक और अनुग्रह नारायण रोड जाम किया जाएगा।




निज संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)

बहुप्रतीक्षित बिहटा–औरंगाबाद नई रेल लाइन परियोजना को लेकर बड़ी प्रगति सामने आई है। परियोजना से जुड़ी सभी प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और अब जल्द ही भूमि अधिग्रहण का काम शुरू किया जाएगा। जानकारी के अनुसार हैदराबाद की एसए इंफ्रा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी भू-अर्जन पदाधिकारियों के साथ मिलकर अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करेगी, जिसे एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना की प्रगति की जानकारी लेने के लिए बिहटा–औरंगाबाद रेल परियोजना संघर्ष समिति के केंद्रीय संयोजक अजय कुमार ने निर्माण संगठन उत्तर पूर्व मध्य रेलवे, महेंद्रू (पटना) के मुख्य अभियंता अनिल कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि नई रेल लाइन के निर्माण की दिशा में सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और अब जमीन अधिग्रहण का चरण शुरू होने जा रहा है।

### समय सीमा पर संघर्ष समिति की चेतावनी

संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया है कि परियोजना को समय पर पूरा कराना उनकी प्राथमिकता है। अजय कुमार ने कहा कि यदि तय समयसीमा के भीतर भूमि अधिग्रहण कार्य शुरू नहीं हुआ या इसमें देरी हुई तो समिति आंदोलन करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर बिहटा ट्रैक जाम करने के साथ-साथ अनुग्रह नारायण रोड को भी जाम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि परियोजना में किसी भी प्रकार की देरी के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी जिम्मेदार होंगे, जिनमें निर्माण संगठन महेंद्रू और डेहरी ऑन सोन के अधिकारी, औरंगाबाद, अरवल एवं पटना के जिलाधिकारी तथा भू-अर्जन पदाधिकारी शामिल हैं।

### क्षेत्र के विकास से जुड़ी अहम परियोजना

बिहटा–औरंगाबाद रेल लाइन को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नई रेल लाइन बनने से पटना और मगध क्षेत्र के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी, साथ ही व्यापार, रोजगार और आवागमन के नए अवसर भी बढ़ेंगे। स्थानीय लोगों और संघर्ष समिति का कहना है कि लंबे समय से लंबित इस परियोजना के अब धरातल पर उतरने की उम्मीद जगी है। संघर्ष समिति ने "जय रेलवे – तय रेलवे" का नारा देते हुए परियोजना को जल्द शुरू कराने के लिए लगातार प्रयास जारी रखने की बात कही है।

# धान अधिप्राप्ति की अवधि बढ़ी अब 31 मार्च तक होगी खरीदारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति को लेकर किसानों को बड़ी राहत मिली है। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने धान खरीद की अवधि 28 फरवरी से बढ़ाकर 31 मार्च तक करने की स्वीकृति दे दी है। यह निर्णय बिहार सरकार के अनुरोध पर लिया गया है, जिससे जिले के किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा।

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिप्राप्ति अवधि के विस्तार से खासकर उन किसानों को लाभ होगा, जिनकी फसल देर से तैयार हुई या जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा में धान की बिक्री नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को सरकारी खरीद योजना से जोड़ना और उन्हें उचित मूल्य दिलाना है। डीएम ने जिले के सभी प्रखंडों में संचालित अधिप्राप्ति केंद्रों को निर्देश दिया है कि विस्तारित अवधि के दौरान धान खरीद की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुव्यवस्थित और निर्बाध तरीके से संचालित की जाए। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप अपनी धान उपज अधिप्राप्ति केंद्रों पर लाकर सरकार द्वारा तय न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों की सुरक्षा और उन्हें उचित मूल्य उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

## किशोर न्याय बोर्ड ने थानाध्यक्ष व अनुसंधानकर्ता को किया शोकॉज

**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने सोमवार को बारूण थाना कांड संख्या-292/24 की सुनवाई के दौरान थानाध्यक्ष और अनुसंधानकर्ता (आईओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने पूर्व में दिए गए आदेश का अनुपालन नहीं करने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि 04 दिसंबर 2025 को किशोर न्याय बोर्ड ने अनुसंधानकर्ता को निर्देश दिया था कि विधि विरुद्ध किशोर से जब्त मोबाइल से संबंधित प्रतिवेदन 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाए। निर्धारित अवधि बीत जाने के बावजूद अब तक प्रतिवेदन न्यायालय में दाखिल नहीं किया गया, जिसे कोर्ट ने आदेश की अवहेलना, कर्तव्यहीनता और किशोर के अधिकारों का उल्लंघन माना है। बोर्ड ने अपने आदेश में सवाल उठाया है कि आखिर अनुसंधानकर्ता अपनी नैतिक और कानूनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में विफल क्यों रहा। न्यायालय ने थानाध्यक्ष और आईओ को निर्देश दिया है कि वे 27 फरवरी को किशोर न्याय बोर्ड में स्वयं उपस्थित होकर प्रतिवेदन दाखिल करें और संतोषजनक जवाब दें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित तिथि तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया तो मामले को अग्रेतर कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को अग्रसारित किया जाएगा।

# सोन नदी किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, पहचान में जुटी पुलिस

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)




दाउदनगर थाना क्षेत्र के नान्हू बीघा बालू घाट के समीप सोन नदी किनारे सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह नदी की ओर गए स्थानीय लोगों की नजर जैसे ही किनारे पड़े शव पर पड़ी, आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार शव की हालत काफी खराब होने के कारण उसकी पहचान करना फिलहाल संभव नहीं हो सका है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शव किसी अन्य स्थान से बहकर यहां पहुंचा हो सकता है। नदी में लंबे समय तक रहने और मछलियों द्वारा क्षत-विक्षत किए जाने के कारण शव की स्थिति दयनीय बताई जा रही है, जिससे पहचान प्रक्रिया और भी कठिन हो गई है।

पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। इस अवधि में यदि कोई परिजन या परिचित मृतक की पहचान करता है तो नियमानुसार शव उन्हें सौंप दिया जाएगा, अन्यथा निर्धारित समय सीमा के बाद प्रशासन हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार करेगा। इधर पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान भी कर रही है, ताकि मृतक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल मामले की छानबीन जारी है।

# लायंस क्लब ऑफ औरंगाबाद आदित्य का गठन, पदाधिकारियों का चयन

## सामाजिक सरोकारों को नई दिशा देने का संकल्प, मार्च में होगा भव्य इंस्टालेशन समारोह

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



देश-विदेश में अपनी सेवा गतिविधियों के लिए पहचान रखने वाले लायंस क्लब इंटरनेशनल से संबद्ध एक नई इकाई लायंस क्लब ऑफ औरंगाबाद 'आदित्य' का गठन शहर में किया गया है। क्लब के गठन के साथ ही सेवा, नेतृत्व और सामाजिक जागरूकता को नई दिशा देने की पहल शुरू हुई है। रविवार की रात कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार में कमल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित पहली बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा वर्षभर चलने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में लायंस क्लब सोनभद्रा डिहरी की पूर्व अध्यक्ष सांवली सिन्हा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सदस्यों ने निर्णय लिया कि मार्च माह में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर क्लब का विधिवत इंस्टालेशन किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमल किशोर को क्लब का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. बीके सिंह, डॉ. शीला वर्मा और अजय कुमार संतोष (लोक अभियोजक) को जिम्मेदारी दी गई। निदेशक पद पर डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा एवं रितेश कुमार, प्रशासक के रूप में श्रीराम अम्बष्ठ, सचिव के रूप में आनंद प्रकाश तथा संयुक्त सचिव के तौर पर प्रो. नीलम रानी, संजना किशोर और सलोनी श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया। इसके अलावा सरिता सिंह को जीएमटी (मेंबर), सूर्यकांत को जीएलटी मेंबर, अजय कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष, विनय प्रकाश को लीडरशिप चेयरपर्सन, कुमारी मृदुला को सर्विस चेयरपर्सन तथा साकेत कुमार एवं कौस्तुभ किशोर को जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) बनाया गया। बैठक की शुरुआत सभी सदस्यों के स्वागत के साथ हुई, जिसमें क्लब के विस्तार और अधिक से अधिक सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया।

### नए सदस्य जोड़ने पर जोर

बैठक के उपरांत अध्यक्ष डॉ. कमल किशोर ने बताया कि लायंस क्लब में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नागरिकों को क्लब की सदस्यता दी जाएगी। डॉ. शीला वर्मा ने कहा कि समाज सेवा के लिए इच्छुक महिलाओं को भी बड़ी संख्या में क्लब से जोड़ा जाएगा, जिससे सेवा गतिविधियों का दायरा और मजबूत होगा। बैठक के बाद औरंगाबाद पहुंचे लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 322 ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि लायंस क्लब ऑफ औरंगाबाद 'आदित्य' सेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि क्लब के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई जा सकती है। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया तथा विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह क्लब जिले में सकारात्मक बदलाव की मजबूत मिसाल बनेगा।

### जनसेवा के कार्यक्रमों की रूपरेखा

पहली बैठक में वर्षभर चलने वाले सेवा कार्यों की विस्तृत योजना भी तैयार की गई। क्लब द्वारा समग्र विकास के उद्देश्य से एक गांव को गोद लेकर वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियां संचालित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, जरूरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरण और ग्रामीण महिलाओं को साड़ी उपलब्ध कराने जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाने तथा स्कूली बच्चों के बीच लेखन, कविता और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने की योजना बनाई गई है। पंचायत चुनाव के दौरान किसी एक ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने और युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार सृजन के लिए प्रेरित करने हेतु विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी प्रस्तावित किए गए हैं। दीपावली की पूर्व संध्या पर जरूरतमंदों के बीच मिठाई पैकेट वितरण और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम भी क्लब की कार्ययोजना में शामिल हैं।

# देव में सेवाकाल एवं जीवन जीने की कला पर संगोष्ठी सकारात्मक सोच और संस्कारित जीवन पर दिया गया जोर

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



भुवन-भावन भगवान भास्कर की पावन धरती देव स्थित स्थानीय भास्कर रिसॉर्ट में रविवार को "सेवाकाल एवं जीवन जीने की कला" विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेपी सेनानी सह खादी ग्रामोद्योग के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन डॉ. बैजनाथ यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गायत्री मंत्र की मधुर ध्वनि के साथ हुआ, जिससे पूरे आयोजन में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। संगोष्ठी के आयोजक सेवानिवृत्त लिपिक श्यामता प्रसाद यादव ने अपने माता-पिता को सम्मानित करते हुए सभी अतिथियों का फूल-माला और अंगवस्त्र से स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने बाल्यकाल से लेकर सेवानिवृत्ति तक की जीवन यात्रा और सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए अनुशासन और सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महासचिव संतोष कुमार यादव ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठ सेवा ही सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जीवन परमार्थ और सेवार्थ के लिए मिला है, इसलिए इसे भय और तनाव से मुक्त रखते हुए उत्सव की तरह जीना चाहिए। जिला सहायक प्रशासी अवधेश पासवान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज का हिस्सा बनने की चाह में लोग अक्सर अपने मूल्यों से समझौता कर लेते हैं, जबकि सच्ची आत्मिक स्वतंत्रता आनंदपूर्ण निर्णयों में निहित है। जिला पार्षद अनिल यादव, सुरेंद्र यादव, सविता देवी, पैक्स अध्यक्ष राजेश जी, राजीव जी, राजेंद्र प्रसाद, इंजीनियर सुबोध सिंह, इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद, रमेश यादव, संजय यादव, डॉ. विनोद कुमार, महिला मंडल अध्यक्षा सरिता अग्रवाल, पूर्व मुखिया जुलैखा खातून तथा मुखिया बीरेंद्र यादव ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि अतीत के पछतावे और भविष्य की चिंता छोड़कर प्रेम, करुणा और क्षमा के साथ वर्तमान में जीना ही जीवन का सार है। सिद्धेश्वर विद्यार्थी और गायत्री परिवार के सदस्यों ने जीवन को समस्या नहीं बल्कि सकारात्मक सोच के साथ आंतरिक खुशी के रूप में देखने का संदेश दिया। शिक्षाविद शिवनारायण बाबू ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके चेहरे से नहीं बल्कि चरित्र से होती है और संस्कारयुक्त शिक्षा ही जीवन को धीर, वीर और गंभीर बनाती है। संगोष्ठी में अनीता देवी, गीता देवी, चंद्रकांती कुमारी, ऊषा कुमारी, सुधा सिन्हा, गीताबाला, रामप्रवेश यादव, सीताराम यादव, वृज सिंह, श्री यादव, ललित शर्मा, श्यामनंदन शर्मा, नवनीत कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने भी सेवाकाल एवं जीवन जीने की कला पर अपने विचार रखे। अध्यक्षीय संबोधन में अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सेवाकाल केवल नौकरी की अवधि नहीं बल्कि अनुभव, व्यक्तित्व और भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण चरण होता है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा को जीवन को सरस एवं सार्थक बनाने की आधारशिला बताया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई और सभी को शुभकामनाएं दी गईं।

## कृषि विज्ञान केंद्र में 50 किसानों को मिला बकरी पालन प्रशिक्षण

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले के सीरिस स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आर्या परियोजना के तहत 50 प्रतिभागियों के लिए पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार मंडल ने किया। उन्होंने कहा कि आर्या परियोजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को कृषि एवं उससे जुड़े व्यवसायों से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि खेती-किसानी को लाभकारी बनाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बकरी पालन के आर्थिक लाभ, कम लागत में अधिक मुनाफे की संभावनाओं और ग्रामीण परिवेश में इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. मंडल ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र को मशरूम पालन, बकरी पालन और मुर्गी पालन जैसे तीन प्रमुख कॉम्पोनेंट दिए गए हैं। मशरूम एवं मुर्गी पालन पर पूर्व में प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है, जबकि वेटरनरी वैज्ञानिक की अनुपलब्धता के कारण गोट फार्मिंग का प्रशिक्षण अब तक शुरू नहीं हो पाया था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में अधिवक्ताओं की अहम व महत्वपूर्ण भूमिका : जिला जज

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में अहम बैठक आयोजित की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने जिला विधि संघ, अधिवक्ता संघ एवं अधिवक्ता संघ दाउदनगर के पदधारक अधिवक्ताओं और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता और अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही लोक अदालत अपने निर्धारित लक्ष्य हासिल कर सकती है और पूर्व की तरह नया कीर्तिमान स्थापित कर सकती है। जिला जज ने पूर्व में मिले सहयोग के लिए जिला विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य न्याय को सभी के लिए सुलभ बनाना है और इसमें अधिवक्ताओं का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

बैठक में प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, सचिव जगनारायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी तथा अधिवक्ता संघ दाउदनगर के अध्यक्ष निरंजन कुमार सहित कई पदधारक अधिवक्ता उपस्थित रहे। जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण योग्य वादों के प्रकारों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अधिवक्ताओं से पक्षकारों को समझाने और अधिकाधिक मामलों को लोक अदालत में लाने का आग्रह किया। वहीं, तीनों अधिवक्ता संघों के पदधारकों ने भरोसा दिलाया कि वे अपने स्तर से प्रयास करते हुए अधिक से अधिक मामलों के निपटारे में पूर्ण सहयोग देंगे। प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने कहा कि समय कम है और जल्द ही होली की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं। ऐसे में सभी अधिवक्ताओं से अपील है कि वे अपने-अपने मामलों में पक्षकारों से शीघ्र संपर्क स्थापित करें।

औरंगाबाद लीगल एसोसिएशन चुनाव

# 10 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन, 12 मार्च को होगी वोटिंग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद लीगल एसोसिएशन की वर्ष 2026-28 की नई कार्यसमिति के गठन को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। सोमवार को विभिन्न पदों के लिए कुल 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनाव समिति के अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, राधेश्याम प्रसाद, सरोज रंजन सिन्हा और अभय कुमार की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चुनाव समिति के अनुसार महासचिव पद के लिए सतीश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह और रामओवतार यादव ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं वरिष्ठ सदस्य पद पर यमुना प्रसाद सिंह और अनिल कुमार सिंह ने अपनी दावेदारी पेश की। संयुक्त सचिव पद के लिए विनय कुमार मिश्रा, सहायक सचिव पद पर सतीश कुमार स्नेही, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर त्रिपुरारी कुमार वैद्य तथा कार्यसमिति सदस्य पद पर विनय द्विवेदी ने पर्चा भरा। नामांकन के दौरान संघ परिसर में अधिवक्ताओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली और समर्थकों के बीच चुनावी चर्चा तेज रही।

संघ की 27 सदस्यीय कार्यसमिति के गठन के लिए अब तक 50 से अधिक अभ्यर्थियों ने नामांकन रसीद कटवा ली है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी निर्धारित की गई है। 23 फरवरी से शुरू हुई प्रक्रिया के बाद से ही न्यायालय परिसर में चुनावी माहौल गर्म हो गया है और संभावित प्रत्याशी मतदाताओं से संपर्क साधने में जुट गए हैं। इस बार चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मतदाताओं की संख्या बढ़कर 846 हो गई है, जो अब तक की सबसे अधिक बताई जा रही है। अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी भी चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। संघ परिसर में दिनभर चुनावी रणनीति और समीकरणों पर चर्चा जारी है। 12 मार्च को मतदान के बाद ही यह तय होगा।

# फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तेहार आत्मसमर्पण नहीं करने पर होगी कुर्की

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



हसपुरा थाना कांड संख्या 258/25 में फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके घर पर न्यायालय से जारी इश्तेहार चिपकाया। यह कार्रवाई दाउदनगर न्यायालय के आदेश पर की गई, जिसमें आरोपी को शीघ्र आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई है। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में देवकुंड थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के खिलाफ इश्तेहार वारंट जारी हुआ था। इसके बाद हसपुरा थाना के एसआई सूर्यदेव सिंह ने देवकुंड थाना पुलिस के सहयोग से सदल-बल आरोपी के घर पहुंचकर डुगडुगी बजवाते हुए इश्तेहार चिपकाया।

पुलिस के अनुसार, अपहृता के बयान और पर्यवेक्षण के आधार पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यदि आरोपी जल्द आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो न्यायालय के निर्देशानुसार उसके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि फरार आरोपी के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# ट्रेन से कटकर युवक की हुई थी मौत आठ दिन बाद भी नहीं हुई पहचान

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय–गया रेलखंड पर रफीगंज रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत के मामले में आठ दिन बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने सभी प्रयासों के बावजूद शिनाख्त नहीं होने पर नियमानुसार शव का अंतिम संस्कार करा दिया। यह हादसा 16 फरवरी 2026 को धावा नदी पुल के पास पोल संख्या 508/18 और 20 के बीच डाउन लाइन पर हुआ था। प्रारंभिक सूचना में मृतक की उम्र करीब 31 वर्ष बताई गई थी, हालांकि जांच के दौरान पुलिस ने उसकी अनुमानित आयु लगभग 23 वर्ष आंकी है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि युवक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के थानों से संपर्क किया गया और विभिन्न माध्यमों से सूचना भी साझा की गई, लेकिन कोई दावा करने वाला सामने नहीं आया।

पुलिस के अनुसार, मृतक ने सफेद रंग की चेक शर्ट और काले रंग का ट्राउजर पहन रखा था। पहचान नहीं होने के कारण निर्धारित प्रक्रिया के तहत शव का अंतिम संस्कार औरंगाबाद में कराया गया। साथ ही, भविष्य में पहचान संभव होने की स्थिति को देखते हुए मृतक का फोटो थाने में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि यदि कोई व्यक्ति इस युवक के बारे में जानकारी रखता हो, तो वह रफीगंज थाना से संपर्क कर पहचान में सहयोग करे। फिलहाल मामले को लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है।